# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2022

# मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक

हरपुर बुदहट (एसएनबी)। हरपुर बुदहट थाने पर चौकी प्रभारी सोनबरसा नितिन नागर के अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में थाना क्षेत्र के प्रधानों सहित सभी समुदाय के संभ्रांत व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। चौकी प्रभारी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा अफवाहों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया, ट्यूटर आदि पर कोई ऐसी पोस्ट न डालें जिससे दूसरे की भावनाएं आहत हों। साथ ही हिदायत दी कि मोहर्रम पर ताजिया निकालने का कोई भी नया रुट नहीं बनाया जाएगा। पुराने रूट पर ही ताजिया निकालकर निर्धारित स्थान पर जाएगी। बैठक में कांस्टेबल मोहित उपाधयाय , गंगा प्रधान कटसहरा, गुलाम नबी, पचौरी प्रधान आनंद यादव, परमेश्वरपुर प्रधान रामानन्द, कट्या प्रधान शुशील कुमार, लैस, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



# थाना समाधान दिवस पर एसडीएम ने सुनी समस्याएं

हरपुर बुदहट (एसएनबी)। हरपुर बुदहट थाना प्रांगण में आयोजित थाना समाधान दिवस में मौजूद सहजनवा एसडीएम सुरेश राय ने लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण कराया। उन्होंने ने लेखपालो से कहा कि स्थलीय निरीक्षण करके तुरंत निस्तारण किया जाय। सभी मामले राजस्व के ही थे। बिगही में कब्रिस्तान का मामला जो निस्तारित नहीं हो सका। समाधान दिवस मे पांच शिकायत दर्ज हुई। उन्होंने फरियादियों की भू-राजस्व संबंधित चार समस्याओं को सुनकर उनका अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मियों से निस्तारण कराने के निर्देश दिए और एक मामले का मौके पर ही निस्तारण किया, इस तरह पाँच में से एक मामले का निस्तारण हुआ। एसडीएम का कहना था कि शासन की मंशा पर थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है।



जिसमें फरियादियों की फरियाद को गंभीरता से सुनकर और तत्परता से समस्याओं का निस्तारण कराया जाय। मुख्य रूप से थानाध्यक्ष नीतिन रघुनाथ श्रीवास्तव, कानूनगो, अनेक लेखपाल उपस्थित थे।

# छेड़खानी का आरोपित युवक गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। झंगहा थानाक्षेत्र के एक गांव की नाबालिग अनुसूचित जाति की लड़की से छेड़छाड़ के मामले में वांछित शिवपुर कुर्मियान टोला निवासी अभियुक्त राजन चौरसिया पुत्र राम आशीष चौरसिया को मोतीराम पुलिस चौकी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया। अभियुक्त राजन चौरसिया के विरुद्ध आईपीसी की धारा 354, 342, 506 व 7/8 पस्को एक्ट व 3 (2) एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# मारपीटकर चेन लूटने के मामले में एक गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। प्रभारी निरीक्षक कैंट शशि भूषण राय ने हमराही फोर्स के साथ मारपीट और चेन लूटने के मामले में आरोपित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम राघव सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी गौतम विहार थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर बताया। राघव ने बताया कि उसके साथ दो लोग और भी थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त ने पार्क रोड स्थित एक होटल की पार्किंग में कार में ठोकर लग जाने के बाद डा़ शुभांकित आर्या पर हमला कर दिया। उनके गले से सोने की चेन लूट ली और चश्मा तोड़ दिया। इसके बाद वह अपने दो साथियों के साथ फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर आईपीसी की धारा 323, 504, 392 व 427 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेजवा दिया।

# नाबालिक के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर कैंट ने बताया कि 19 जुलाई को पीड़ित ने केस दर्ज कराया था कि उसकी बेटी को मोहनापुर थाना अहिरौली कुशीनगर निवासी युवक भगा ले गया है। पुलिस ने आरोपित जयहिन्द को शनिवार रात में चारफाटक जाने वाले रोड से गिरफ्तार कर लिया।

# नशे की गोलियों के साथ दो जहरखुरान गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। चिलुआताल थाना पुलिस ने शनिवार रात नशे की 250 गोलियों के साथ दो जहरखुरानों को गिरफ्तार किया। एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर रविवार को दोपहर बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि शनिवार रात चिलुआताल थानेदार प्रदीप शर्मा ने भगवानपुर तिराहा पर संदिग स्थिति में घूम रहे मानबेला, भटोलिया निवासी मुकेश भारती व प्रदीप गौड़ को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से नशे की गोलियां बरामद हुई। छानबीन करने पर पता चला कि दोनों जहरखुरानी करते हैं।

# ससुराल आए युवक ने किशोरी से की अश्लील हरकत, केस

पॉली (एसएनबी)। सहजनवा थाना क्षेत्र के घघसरा चौकी अंतर्गत एक गांव स्थित अपनी ससुराल पहुंचे एक युवक ने गांव की एक किशारी से  छेड़छाड़ की। पुलिस इस मामले में कुसम्हा खुर्द गांव निवासी एक युवक के विरूद्ध छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। थानेदार अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने बताया किशोरी के तहरीर पर कुसुम्हाखुर्द निवासी उमेश के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# एससीएसटी एक्ट का वारंटी गिरफ्तार

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। हरपुर बुदहट थाना पुलिस ने रविवार को चौरसिया चौराहा स्थित मकान से एससीएसटी एक्ट में फरार चल रहे वारंटी वीरेंद्र चौरसिया पुत्र स्व नरसिंह ग्राम कटया को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया। थानायक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि वीरेंद्र चौरसिया एससी एसटी एक्ट मामले में एक साल से फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अपने मकान पर है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर रविवार को उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# नाबालिग अपहृता बरामद, आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। खजनी पुलिस ने अपहरण के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग अपहृता को बरामद किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम संदीप गौड़ पुत्र स्व0 वासदेव निवासी इमलीडीह थाना सिकरीगंज गोरखपुर बताया। महिला सुरक्षा दल प्रभारी उ0नि0 सत्यम सिंह ने बताया कि आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा के तहत कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में कांस्टेबल सृजन शर्मा व महिला कांस्टेबल एकता सिंह भी शामिल रहीं।

# किशोरी की संदिग्धावस्था में मौत, केस

पिपराइच (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम हैदरगंज में रविवार सुबह किशोरी (13) की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मृतका की मां दुर्गावती ने बताया कि कमरें में पंखे में दुपट्टा से लटक कर उसने आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मृतका की मां दुर्गावती के तहरीर पर गांव के ही एक मनबढ़ पर युवक पर छेड़छाड़ और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि किशोरी के घर वालों के अनुसार उसने कमरे में पंखे से दुपट्टा फंसाकर लटक गई थी। मां के तहरीर पर गांव के एक मनबढ़ युवक के विरुद्ध 305, 354, 506 का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जेल में हुए विवाद में आरोपित अभियुक्त गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। साल 2016 में जेल मे हुए विवाद के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर कुमार मिश्रा ने हमराही फोर्स के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने उसे स्पोर्ट्स कालेज चौराहे के पास से पकड़ा।



पूछताछ में उसने अपना नाम करूणेश तिवारी पुत्र स्व सत्यदेव तिवारी निवासी अहिरौली थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर बताया। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर ने बताया कि अभियुक्त के विरूद्ध मुअसं 619/16 धारा147, 148, 149, 323, 504, 506, 332, 353, 307, 342, 427, 336, 436, 325 भादवि 7 सीएलए एक्ट व 3 सा0 सम्पत्ति निवारण अधि0 के तहत केस दर्ज था। उक्त मुकदमे में वह तभी से वांछित चल रहा था। आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में थानेदार के अतिरिक्त एसआई अभय नारायण सिंह चौकी प्रभारी झरना टोला, एसआई संतोष सिंह चौकी प्रभारी पादरी बाजार, हे0का0 नूरूद्दीन खान, कांस्टेबल अजय कुमार, राहुल सरोज व शशिकांत सिंह थाना शाहपुर शामिल रहे।

# दो पशु तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे, नौ गोवंश बरामद

गोरखपुर (एसएनबी)। जिले की पुलिस ने दो पशु तस्करों को को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नौ गोवंश और पिकअप को बरामद किया है। सोनबरसा में तस्कर पिकअप पर लदे पशुओं को छोड़कर पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहे। वहीं कौड़ीराम पुलिस ने दो गोवंश के साथ दो तस्करों को पकड़ा। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लिया है।

**सोनबरसा में पिकअप पर लदे गौवंश को छोड़कर तस्कर भागने में रहे कामयाब**

**कौड़ीराम पुलिस ने दो तस्करों और दो गोवंश को पकड़ा**

हमारे सोनबरसा प्रतिनिधि से मिली जानकारी के मुताविक चौरीचौरा क्षेत्र के सोनबरसा बाजार में ओवरब्रिज के पहले फोरलेन पर शनिवार की रात वैरिकेडिंग लगाकर चौकी प्रभारी मदन मोहन मिश्रा संदिग्ध वाहनों को चेक कर रहे थे। इस बीच मुखबिर ने सूचना दी कि पशु तस्कर गोवंश को पिकअप पर लादकर ले जा रहे हैं। रात 12.30 वजे के आसपास एक पिकअप आती दिखी। पुलिस को देखकर चालक ने रफ्तार वढ़ा दी। कुछ दूर आगे जाकर पुल के पहले तस्कर पिकअप सहित उस पर लदे गोवंश को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पिकअप से सात गोवंश को वरामद किया है। पुलिस फरार तस्करों का पता लगाने में जुटी है। इसी क्रम में हमारे कौड़ीराम प्रतिनिधि से मिली जानकारी के मुताविक वांसगांव की कौड़ीराम चौकी पुलिस ने रविवार को धस्का मछली मण्डी के पास से दो गो तस्करों को दो गोवंश व घटना में प्रयुक्त दाव व ढाला मैजिक के साथ दो गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये गो तस्कर झंगहा क्षेत्र के रहने वाले हैं। चौकी प्रभारी कौडीराम इत्यानन्द पाण्डेय रविवार को एसएसआई लक्ष्मीनारायण द्विवेदी मय पुलिस टीम समेत गस्त पर थे। पकड़े गए तस्करों की पहचान मनीष कुमार यादव पुत्र शिवशंकर यादव निवासी रानापार तथा शिवार उर्फ भूअर पुत्र संतराज निवासी राउतपार थाना झंगहा जनपद गोरखपुर वताया। पुलिस ने दोनों को आईपीसी की धारा 307 व 3/5क/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई कर जेल भेजवा दिया।



# दो गोवंश तस्कर अरेस्ट

**KAUDIRAM**: बांसगांव थाना क्षेत्र के कौड़ीराम पुलिस चौकी ने रविवार को धस्का मछली मंडी के पास से दो गो तस्करों को दो गोवंश अरेस्ट किया. गो तस्कर झंगहा क्षेत्र के रहने वाले हैं. चौकी प्रभारी कौड़ीराम इत्यानंद पांडेय रविवार को टीम के साथ गश्त पर थे. लगभग दस बजे धस्का मछली मंडी के पास से से दोनों को अरेस्ट किया. पकड़े गए युवकों की पहचान मनीष कुमार यादव निवासी रानापार थाना झंगहा तथा शिवधर उर्फ भूअर थाना झंगहा के रूप में हुई.

# शांतिपूर्ण माहौल में निकाले जाएं जुलूस

- इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी की ताज पैलेस में हुई बैठक
- इमामचौक के मुतवल्लियों और अखाड़ों के उस्तादों ने अपनी समस्याएं रखीं

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी की थाना तिवारीपुर स्थित ताज पैलेस में हुई बैठक में इमामचौक के मुतवल्लियों और अखाड़ों के उस्तादों ने अपनी समस्याएं रखी। बैठक में मुतवल्लियों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के साथ ही परम्परा के अनुसार जुलूस निकालने को कहा।

मुतवल्लियों और अखाड़ों के उस्तादों की बैठक में इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी के संरक्षक एवं वरिष्ठ काउंसलर खैरुल बशर ने कहा कि मुहर्रम का जुलूस हमेशा से शांतिपूर्ण माहौल में निकलता रहा है। इस वर्ष भी शासन और प्रशासन की गाइड लाइन में ही मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। शहर कोतवाल कल्याण सिंह सागर ने कहा कि कोतवाली क्षेत्र में सबसे ज्यादा जुलूस निकलते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों और जुलूस के आयोजकों के सहयोग से सम्पन्न होता है।इस अवसर पर थाना तिवारीपुर के थाना प्रभारी राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पुलिस ने लोगों की सुरक्षा में ही अपनी ड्यूटी निभाती है। मुबारक खां शहीद रहमतुल्लाह अलैह दरगाह के अध्यक्ष इकरार अहमद ने कहा कि मुहर्रम जुलस को निकालते समय मुतवल्ली अपनी पूरी निगरानी में जुलूस को लेकर चलें। इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल्लाह ने मुतवल्लियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुतवल्ली बैठक को एजाज अहमद रिजवी, मिर्जा अली अब्बास, सैयद नसीम सुब्ही मोना, पार्षद अख्तर, पार्षद मतीउद्दीन मतीन, पार्षद उजैर अहमद, शहाब अंसारी, सुल्तान खान, नवीउल्लाह अंसारी आदि रहे।

# मारपीट के दो व चोरी के तीन वारंटी दबोचे

बड़हलगंज। कोतवाली पुलिस ने कस्बे के इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयरिंग करने वाले कारीगर को मारपीट कर घायल करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, पुलिस ने चोरी के तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कोतवाल मधूपनाथ मिश्र ने बताया कि 17 जून की रात कस्बे मे फ्रीज, एसी व वाशिंग मशीन की रिपेयरिंग करने वाले जुबैर अहमद कुरैशी को तिवारीपुर निवासी सोनू व मोनू ने दो अन्य व्यक्तियों के साथ दुकान लाठी, डंडे से मारापीटा, जिससे कैंसर के मरीज जुबैर बुरी तरह घायल हो गया।

# एससी-एसटी एक्ट में वारंटी गिरफ्तार

हरपुर बुदहट (गोरखपुर)। पुलिस ने रविवार को एससी-एसटी में फरार वारंटी वीरेंद्र चौरसिया पुत्र नरसिंह ग्राम कट्या को चौरसिया चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि वीरेंद्र चौरसिया एससी-एसटी एक्ट मामले में एक साल से फरार चल रहा था। उसका न्यायलय से वारंट था, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर है। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर रविवार को वीरेंद्र चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया।

# जिला जेल में बवाल करने वाला बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। गोरखपुर मंडलीय कारागार में अक्टूबर 2016 में बंदियों ने तोड़फोड़ और आगजनी करने के साथ ही बंदी रक्षकों को बंधक बना लिया था। इस मामले में वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने आरोपितों के खिलाफ शाहपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जेल में बवाल की घटना में शामिल आरोपित अहिरौली निवासी करुणेश तिवारी को चिलुआताल पुलिस ने स्पोर्ट्स कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया।

प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया जेल में बवाल के बाद बंदियों ने पीसीओ, भंडारा, सीसी कैमरा क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस मामले में तत्कालीन वरिष्ठ जेल अधीक्षक एसके शर्मा ने 13 नामजद सहित सैकड़ों अज्ञात बंदियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा, कब्जा करने, बंधक बनाने का मुकदमा दर्ज कराया था। घटना में शामिल बदमाश चिलुआताल के अहिरौली गांव निवासी करुणेश तिवारी की लंबे समय से तलाश चल रही थी। रविवार की सुबह स्पोर्ट्स कॉलेज तिराहे के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।

# मोबाइल लुटेरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। तरंग क्रॉसिंग के पास मोबाइल लूट करने वाले फरार अभियुक्त रामप्रवेश यादव निवासी जलालगढ़ थाना पुरन्दरपुर महराजगंज को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसके पास से नौ एन्ड्रायड मोबाइल बरामद किए। आरोपित के खिलाफ कोतवाली थाने में पहले से एफआईआर दर्ज थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

दरअसल, छह जून की सुबह 7.33 बजे एक युवती से मोबाइल लूट हुई थी। युवती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया था। इंस्पेक्टर कोतवाली कल्यान सिंह सागर ने बताया कि विवेचना के क्रम में चेकिंग के दौरान शास्त्री चौक से रामप्रवेश यादव पुत्र स्वामी नाथ यादव निवासी जलालगढ़ थाना पुरन्दरपुर जनपद महराजगंज को गिरफ्तार किया गया। राम प्रवेश ने पुलिस को बताया पिछले महीने वह एक बाइक सवार से लिफ्ट लेकर जा रहा था रास्ते में गोरखनाथ ओवरब्रिज पर बाइक एक ऑटो को ओवरटेक कर रही थी उस दौरान उसने देखा कि आटो में बैठी एक लड़की मोबाइल चला रही थी। बाइक चला रहा व्यक्ति पुल से उतरने के बाद सड़क के किनारे रुककर पान थूकना लगा, तभी ऑटो क्रॉस करके आगे बढ़ गई। इधर पान थूकने के बाद बाइक सवार फिर आगे बढ़ा। तरंग ओवरब्रिज के पास राम प्रवेश ने ऑटो में बैठी लड़की का मोबाइल छीन लिया। बाइक चला रहे व्यक्ति को कुछ पता नहीं चला पाया।

# अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

इंस्पेक्टर कैंट ने बताया कि 19 जुलाई को पीड़ित ने केस दर्ज कराया था कि उसकी बेटी को मोहनापुर थाना अहिरौली कुशीनगर निवासी युवक भगा ले गया है। पुलिस ने आरोपित जयहिन्द को शनिवार रात में चारफाटक जाने वाले रोड से गिरफ्तार कर लिया है और उसे कारागार के लिए रवाना कर दिया।

# महिला की तहरीर पर चार पर केस दर्ज

पीपीगंज। पीपीगंज पुलिस ने एक जमीनी विवाद में अवरोध उत्पन्न करने के आरोप में पीड़ित महिला की तहरीर चार लोगों के खिलाफ धमकी देने एवं गालीगलौज का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीपीगंज के तिघरा निवासी सुभावती शर्मा पत्नी सत्तन शर्मा ने आरोप लगाया कि वह अपनी बेटी के साथ बैनामे के जमीन को देखने गयी थी। उसी दौरान चार लोग मारपीट करने लगे, जिससे उसका मकान नहीं बन पा रहा है। जबकि वह काश्तकार से चार डिसमिल जमीन रजिस्ट्री कराई है। दाखिल खारिज भी हो चुका है। दो महीने से वह जब भी मकान के निर्माण का कार्य शुरू कराती है। हर बार गांव के ही सिकन्दर सहानी एवं उनके परिजन मारपीट पर आमादा हो जाते हैं और कार्य अवरुद्ध कर देते हैं।

# 240 वारंटी वांछितों को पुलिस ने पकड़ा

गोरखपुर। विभिन्न मामलों में फरार चल रहे गंभीर अपराधों में वांछित व वारंटी की गिरफ्तारी के लिए डीआईजी जे. रविंद्र के आदेश पर गोरखपुर परिक्षेत्र में अभियान चलाकर पुलिस ने 240 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

फरार 524 वांछित-वारंटी की तलाश में पुलिस टीम अभी भी लगी है। डीआईजी के आदेश पर अभियान की शुरुआत की गई है। गोरखपुर में 98 वांछित, 185 वारंटी, महराजगंज के वांछित 28, वारंटी 61, देवरिया में138, वारंटी 180 व कुशीनगर में 27 व 67 वारंटी चिन्हित किए गए थे। गोरखपुर पुलिस ने 12 वांछित, 60 वारंटी, महराजगंज ने पांच वांछित व 22 वारंटी, देवरिया ने 13 व 66 वारंटी व कुशीनगर ने 14 वांछित व 46 वारंटी को गिरफ्तार किया है।

# गोवंश समेत दो गो तस्कर गिरफ्तार

कौड़ीराम। बांसगांव थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह के निर्देश पर कौड़ीराम चौकी प्रभारी इत्यानंद पांडेय ने रविवार सुबह करीब 10 बजे धस्का मछली मंडी के पास से दो गो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से गोकशी में प्रयुक्त होने वाले धारदार हथियार दांव और मिनी मालवाहक गाड़ी पर लदे दो गोवंश भी बरामद किया हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मनीष कुमार यादव (22) निवासी रानापार थाना झंगहा तथा शिवधर उर्फ भूअर निवासी राउतपार थाना झंगहा गोरखपुर के रूप के हुई। पुलिस ने तस्करी के प्रयुक्त गाड़ी समेत दोनों तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत के भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई लक्ष्मीनारायण द्विवेदी, कांस्टेबल अनिल यादव, ध्रुपचन्द्र, धर्मेन्द्र कुमार, दुर्गविजय चौहान, मोहित सिंह, अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

# नकली पिस्टल के साथ वायरल की फोटो

खोराबार। खोराबार क्षेत्र के एक गांव के लड़कों द्वारा पिस्टल जैसे लाइटर की फोटो खींचकर वायरल करने का मामला रविवार को प्रकाश में आया हैं। इस सम्बंध में एक लड़के ने गांव के तीन अन्य के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

कुसम्ही कोठी निवासी एक किशोर ने शनिवार को थाने पर गांव के तीन अन्य के खिलाफ तहरीर दी।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर। सिकरीगंज पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश विजय तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। बड़हलगंज के पटना निवासी विजय तिवारी को पुलिस ने रविवार को भूमिधर तिराहे से दोपहर दो बजे गिरफ्तार कर लिया। विजय तिवारी पर जालसाजी, धमकी और एससीएसटी के तहत केस दर्ज किया है। विजय की गिरफ्तार के लिए पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम रखा था।

# नशे की गोलियों के साथ दो जहरखुरान गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल थाना पुलिस ने शनिवार रात नशे की 250 गोलियों के साथ मानबेला, भटोलिया निवासी मुकेश भारती व प्रदीप गौड़ को गिरफ्तार किया। एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर रविवार को दोपहर बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया।

# ठेकेदार समेत चार पर बिजली चोरी में मुकदमा

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** नगरीय वितरण मण्डल के राप्तीनगर चतुर्थ खण्ड क्षेत्र में बिजली निगम के अभियंताओं व विजिलेंस टीम ने मानबेला में छापेमारी कर जीडीए ठेकेदार समेत तीन लोगों को कटिया से बिजली चोरी करते पकड़ा।

इसमें जीडीए ठेकेदार निर्माणाधीन आवासों के लिए सरिया काटने वाली मशीन को कटिया के माध्यम से चला रहे थे। छापेमारी की खबर लगते ही प्रधानमंत्री आवास योजना में रह रहे कई लोगों ने कटिया उतारकर फेंक दी। टीम ने उपभोक्ताओं को चेतावनी दी है कि यदि किसी ने कटिया लगाया तो एफआइआर दर्ज कराने के साथ ही जुर्माना वसूला जाएगा। टीम ने ठेकेदार समेत चार के खिलाफ बिजली थाने में मुकदमा पंजीकृत करा दिया। बिजली निगम की विजिलेंस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मानबेला क्षेत्र में उपभोक्ताओं ने एसी लगाया है। सूचना पर राप्तीनगर खंड के सहायक अभियंता ई.भानू प्रताव व विजिलेंस टीम प्रभारी दिलीप मिश्र ने कनेक्शन जांचे।

# लारेंस विश्नोई गैंग को असलहा आपूर्ति करता है शशांक

सतीश कुमार पांडेय ● गोरखपुर

अंबाला में पकड़ा गया शशांक पांडेय मूल रूप से बिहार के पश्चिम चंपारण जिले का रहने वाला है। कैंट थाना क्षेत्र के सिंघड़िया स्वर्णनगर में बंद हो चुकी नमकीन फैक्ट्री में पहले उसका परिवार रहता था। यहां ढाई साल से ताला बंद है, लेकिन लारेंस विश्नोई व गोल्डी बराड़ गैंग को असलहा आपूर्ति करने वाले शशांक का आना जाना है। बीते 21 जून को गोरखपुर आकर उसने दोस्तों संग पार्टी की थी।

बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के मैनाटारह थाना क्षेत्र स्थित चुठहा गांव निवासी नित्यानंद पांडेय 10 साल पहले नौकरी की तलाश में परिवार के साथ गोरखपुर आए थे। सिंघड़िया के स्वर्णनगर में बंद हो चुकी नमकीन फैक्ट्री के कमरे में वह परिवार के साथ रहते थे। पांच साल पहले नित्यानंद की मौत हो गई। उनके तीन बेटों में सबसे बड़ा विवेक विदेश रहता है। दूसरा बेटा राहुल बस्ती जिले में ठीकेदारी करता है। सबसे छोटा शशांक इंटर की पढ़ाई के बाद पालीटेक्निक करने मथुरा चला गया था। करीब ढाई साल पहले उसकी मां नमकीन फैक्ट्री का कमरा छोड़कर अपने गांव चली गई। उसी दौरान शशांक ने दोस्तों को बताया कि उसे अंबाला में नौकरी मिल गई है, लेकिन वह वहां लारेंस विश्नोई व गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़कर लूट की वारदात करने के साथ ही असलहों की आपूर्ति करने लगा, जिसकी किसी को भनक तक नहीं थी। शनिवार को असलहा के साथ शशांक व उसके साथियों को अंबाला पुलिस ने पकड़ा तो कैंट थाना पुलिस ने भी खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन बदमाश का यहां कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं मिला। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि शशांक पांडेय मूल रूप से बिहार के पश्चिम चंपारण जिले का रहने वाला है।

### दोस्त से होगी पूछताछ

कैंट पुलिस की छानबीन में पता चला कि पिछले माह दोस्तों से मिलने शशांक शहर में आया था। मालवीय नगर में रहने वाले दोस्त के घर वह रुका था। नमकीन फैक्ट्री के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि गोरखपुर आने के बाद वह पार्टी पर काफी रुपये खर्च करता था, लेकिन किसी को यह खबर नहीं थी कि वह लारेंस विश्नोई गैंग के लिए काम करता है।

### लारेंस और गोल्डी बराड़ गैंग के गुर्गे हथियारों के साथ गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, अंबाला :** हत्या, लूट, डकैती व मारपीट की वारदात में शामिल रहे लारेंस बिश्नोई व गैंगस्टर गोल्डी बराड़ गैंग के चार बदमाशों को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया। सीआइए टीम ने बदमाशों के पास से 7.65 बोर की तीन पिस्टल, 22 कारतूस, तीन खोखे और तीन स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए। बदमाशों की पहचान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी शशांक पांडे, अंबाला निवासी साहिल उर्फ बग्गा, अश्विनी उर्फ मनीष और बंटी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों को कोर्ट में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपितों के पास बरामद पिस्तौल पर जो स्टार के निशान हैं वह लारेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ के गैंग से संबंधित है। प्रारंभिक पूछताछ में बदमाशों ने स्वीकार किया कि वे लारेंस और गोल्डी बराड़ के लिए काम करते हैं।

# विवेचना में नहीं चलेगी दारोगा व इंस्पेक्टर की मनमानी

## मुकदमे में नाम जोड़ने, हटाने को लेनी होगी अनुमति, गड़बड़ी सामने आने पर डीआइजी ने दिए निर्देश

**जासं, गोरखपुर :** अब किसी भी आपराधिक मामले की विवेचना में दरोगा व इंस्पेक्टर की मनमानी नहीं चलेगी। मुकदमे में किसी का नाम जोड़ने व हटाने के लिए उन्हें उच्चाधिकारी की अनुमति लेने के साथ ही आधार बताना होगा। समीक्षा में अगर गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई की जद में विवेचक के साथ ही अनुमति देने वाले अधिकारी भी होंगे। कई विवेचना में गड़बड़ी सामने आने पर डीआइजी ने यह निर्देश जारी किए हैं। डीआइजी रेंज जे. रविन्दर गौड की समीक्षा में यह बात सामने आयी कि विवेचना के दौरान विवेचक अपनी मनमर्जी से किसी का भी नाम मुकदमे से निकाल और जोड़ दे रहे। अपने मन मुताबिक ही वह आपराधिक मामलों में फाइनल रिपोर्ट और चार्जशीट भी लगा रहे, जिसका कोई ठोस आधार भी नहीं है। इसे रोकने के लिए डीआइजी ने रेंज के सभी पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि विवेचकों की मनमानी पर रोक लगाने की प्रभावी व्यवस्था बनाएं। किसी भी मुकदमे में धारा, अभियुक्त का नाम घटाने-बढ़ाने के साथ ही चार्जशीट और फाइनल रिपोर्ट लगाने से पहले विवेचक थानेदार, सीओ या एडिशनल एसपी से अनुमति लें। विशेषकर उन मामलों में, जिसमें पुलिस अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज करती है। ऐसे मामलों में जांच के दौरान मनमानी की जाती है। इससे न्याय नहीं मिल पाता है।



जे. रविन्दर गौड, डीआइजी रेंज●

- समीक्षा में गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई की जद में आएंगे विवेचक
- रेंज के सभी पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर निर्देश से अवगत कराया

### जांच के बाद दर्ज हुए मुकदमे में लगायी एफआर

**जासं. गोरखपुर :** खोराबार थाने में तैनात एक दारोगा ने जांच के बाद दर्ज हुए जालसाजी के मुकदमे में एफआर (फाइनल रिपोर्ट) लगा दिया है। सीओ कार्यालय से आपत्ति जताने के बाद भी साक्ष्य को दरकिनार कर दिया। मुकदमा वादी की शिकायत पर मामला सामने आने के बाद इस मामले की फिर से जांच कराई जा रही है। पीडित का आरोप है कि जालसाजी का साक्ष्य होने के बाद भी दारोगा दूसरे पक्ष को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

**डीआइजी के अभियान में पकड़े गए 240 वांछित व वारंटी :** हत्या, हत्या की कोशिश के साथ ही गंभीर अपराध में वांछित व वारंटी की गिरफ्तारी के लिए डीआइजी ने शनिवार की रात रेंज के सभी जिलों में अभियान चलवाया। पुलिस ने दबिश देकर 240 आरोपितों को पकड़ा। फरार चल रहे 524 लोगों की तलाश चल रही है। डीआइजी जे. रविन्दर गौड ने शनिवार को गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर व महराजगंज जिले के कप्तान को वांछित व वारंटी की सूची भेजी थी। जिसमें गोरखपुर में 98 वांछित, 185 वारंटी, महराजगंज में वांछित 28, 61 वारंटी, देवरिया में 138 वांछित, 180 वारंटी व कुशीनगर में 27वांछित व 67 वारंटी चिन्हित किए गए थे। गोरखपुर पुलिस ने 14 वांछित, 60 वारंटी, महराजगंज पुजिस ने पांच वांछित व 22 वारंटी, देवरिया पुलिस ने 13 वांछित, 66 वारंटी और कुशीनगर पुलिस ने 14 वांछित व 46 वारंटी को गिरफ्तार कर रविवार को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**जासं. गोरखपुर :** गोरखनाथ थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, दुष्कर्म के आरोपित सुमित गुप्ता को रविवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

# जेल में बवाल करने वाला बदमाश गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : अक्टूबर 2016 में बंदियों ने जेल में तोड़फोड़, आगजनी करने के साथ ही बंदी रक्षकों को बंधक बना लिया था। इस मामले में वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने आरोपितों के खिलाफ शाहपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार को पुलिस ने वांछित चल रहे चिलुआताल क्षेत्र में रहने वाले बदमाश को स्पोर्ट्स कालेज के पास गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया जेल में बवाल के मामले में तत्कालीन वरिष्ठ जेल अधीक्षक एसके शर्मा ने 13 नामजद सहित सैकड़ों अज्ञात बंदियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा, कब्जा करने, बंधक बनाने का मुकदमा दर्ज कराया था। घटना में शामिल बदमाश चिलुआताल के अहिरौली गांव निवासी करुणेश तिवारी की लंबे समय से तलाश चल रही थी। रविवार की सुबह स्पोर्ट्स कालेज तिराहा के पास घेराबंदी कर बदमाश को गिरफ्तार किया गया है।

# अपहरण व दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को कैंट थाना पुलिस ने शनिवार की रात गिरफ्तार किया। रविवार को दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र स्थित पकड़ी गांव निवासी जयहिंद ने 19 जुलाई को कैंट क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी को अगवा कर लिया था। किशोरी की मां ने आरोपित के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। सर्विलांस की मदद से शनिवार की रात चारफाटक के पास गिरफ्तार कर उसके चंगुल से किशोरी को मुक्त कराया। पीड़ित का बयान दर्ज करने के बाद अपहरण के मुकदमे में दुष्कर्म, धमकी देने व पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ा दी गई। पीड़ित का डाक्टरी परीक्षण कराया जा रहा है। (जासं)

# छात्रा का मोबाइल लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जासं. गोरखपुर** : तरंग ओवरब्रिज के पास छात्रा का मोबाइल लूटने वाले बदमाश को कोतवाली थाना पुलिस ने रविवार की सुबह शास्त्री चौक से गिरफ्तार कर लिया। लूटा गया मोबाइल फोन बरामद हुआ है। उसकी पहचान महराजगंज जिले के पुरंदरपुर थाना क्षेत्र स्थित जलालगढ़ निवासी रामप्रवेश यादव के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कल्याण सिंह सागर ने बताया कि बाइक सवार बदमाश ने कीर्ति नाम की छात्रा का मोबाइल छीन लिया था।

---

# गोरखपुर में रह चुके शशांक सहित लॉरेंस, गोल्डी गैंग के चार शूटर गिरफ्तार

## हरियाणा के अंबाला से पकड़े गए, हथियार और कारतूस बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला सिटी/गोरखपुर। लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गैंग के चार शूटरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में से एक शशांक पांडेय बिहार का रहने वाला है। वह गोरखपुर के कैंट इलाके में तकरीबन छह महीने तक किराए के मकान में रह चुका है।

आरोपियों के पास से तीन पिस्टल और 22 कारतूस बरामद हुए हैं। कोर्ट में पेश करने के बाद छह दिन के रिमांड पर लेकर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने [illegible] के श्मशान घाट के नजदीक से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### गोरखपुर पुलिस भी जांच में जुटी

[illegible]

### हथियारों का सौदागर भी है शशांक

पुलिस के अनुसार, आरोपी शशांक पांडेय हथियारों का भी सौदागर है। बताया जा रहा है कि उसके पास आठ पिस्टल की सूचना मिली थी, जिनमें से [illegible] और एक अंबाला में किसी साथी को दी, जबकि तीन पिस्टल पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने बरामद की हैं।

### 20 दिन पहले दोस्तों से मिलने गोरखपुर आया था शशांक

[illegible]

### अंबाला जेल में बनी थी बदमाशों की 'चौकड़ी'

शशांक पांडे ने अंबाला जेल में ही बनाई थी गैंग, देना था बड़ी वारदात को अंजाम

[illegible]

[illegible]

#### एप के माध्यम से सीधे गोल्डी बराड़ के संपर्क में थे आरोपी

[illegible]

### एमपी से आठ पिस्तौल और अन्य हथियार लेकर आया था शशांक

[illegible]

### विधायकों को धमकी देने और सिद्धू मूसेवाला हत्या में संलिप्तता भी जांचेगी पुलिस

[illegible]

### शशांक पांडे जयपुर में भी कर चुका है लूट

[illegible]

---

# नौ संरक्षित पशु बरामद, दो तस्कर भेजे गए जेल

गोरखपुर। जिले के चौरीचौरा और बांसगांव से पुलिस ने नौ संरक्षित पशु बरामद किए हैं। वहीं, बांसगांव में दो तस्कर भी दबोच लिए गए। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी तस्करों को जेल भिजवा दिया। पुलिस ने पिकअप व मैजिक बरामद कर लिया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान झंगहा के रानापार निवासी मनीष कुमार यादव व राउतपार निवासी शिवधर के रूप में हुई।

**कौड़ीराम प्रतिनिधि** के मुताबिक, रविवार को चौकी इंचार्ज इत्यानंद पांडेय की टीम ने धस्का मछली मंडी के पास से दो तस्कर को दो संरक्षित पशुओं के साथ पकड़ा। संरक्षित पशु मैजिक पर लदे हुए थे।

**चौरीचौरा प्रतिनिधि** के मुताबिक, सोनबरसा चौकी इंचार्ज मदन मोहन मिश्रा, टीम के साथ बैरीकेडिंग करके जांच करने लगे। तभी पिकअप आते दिखाई दिया। पिकअप सवार तस्कर, पुलिस को देखकर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। पिकअप में सात संरक्षित पशु थे। ब्यूरो

# नाम अच्छेलाल, करतूत काली

## दुष्कर्म व लूट सहित 18 केस दर्ज हैं हिस्ट्रीशीटर पर

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नाम भले ही उसका अच्छेलाल है, लेकिन करतूतें काली हैं। उस पर दुष्कर्म के अलावा लूट, जालसाजी, चोरी जैसे 18 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की फाइलों में वह हिस्ट्रीशीटर है और दुष्कर्म के आरोप में जेल जा चुका है। करीब एक साल पहले जमानत पर जेल से बाहर आया है। अब उस पर किशोरी को खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि नियमानुसार उसकी निगरानी की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, कम उम्र की लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर शारीरिक शोषण करने में 36 साल के अच्छेलाल को महारत हासिल है। एक नाबालिग को चार साल पहले शिकार बनाया था। हालांकि, इस मामले में किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। यह वाकया तब हुआ था जब वह खोराबार इलाके में हुई लूट के मामले में जमानत पर जेल से बाहर आया था। इसके बाद वह जेल में था और करीब एक साल पहले जमानत पर रिहा होकर जेल से बाहर आया था।

बताया जा रहा है कि इसके बाद ही वह किशोरी के संपर्क में आया था, जिसकी जानकारी घरवालों को नहीं थी। इसी बीच किशोरी गर्भवती हो गई थी और अच्छेलाल ने उससे दूरी बना ली थी। पुलिस का कहना है कि इसी वजह से किशोरी ने आत्मघाती कदम उठा लिया।



किशोरी को खुदकुशी के लिए उकसाने का दर्ज किया गया है केस

### बढ़ सकती है पॉक्सो एक्ट की धारा

किशोरी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि वह गर्भवती थी। इसकी जानकारी घरवालों को नहीं थी। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के हिसाब से पुलिस आरोपी पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ा सकती है।

# जेल में तोड़फोड़, आगजनी का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। वर्ष 2016 में जेल में तोड़फोड़ और आगजनी के मामले के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बंदियों ने तीन बंदी रक्षकों को बंधक बना लिया था। इस मामले में शाहपुर थाने में केस दर्ज कराया गया था।

पकड़े गए आरोपी की पहचान चिलुआताल इलाके के अहिरौली गांव निवासी करुणेश तिवारी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया।

**वर्ष 2016 में बंदियों ने बंदीरक्षकों को बना लिया था बंधक**

शाहपुर इंस्पेक्टर रणधीर मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2016 में जेल में बवाल के बाद बंदियों ने पीसीओ, भंडारा, सीसीटीवी कैमरा क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस मामले में तत्कालीन वरिष्ठ जेल अधीक्षक एसके शर्मा ने 13 नामजद सहित सैकड़ों अज्ञात बंदियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा, कब्जा करने, बंधक बनाने का मुकदमा दर्ज कराया था।

इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना में शामिल कई बदमाशों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। एक आरोपी फरार चल रहा था, उसे रविवार को स्पोर्ट्स कॉलेज तिराहा के पास से गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया गया। ब्यूरो

## मारपीट कर छेड़खानी का आरोपी पकड़ा गया

गोरखपुर। सहजनवां इलाके में नाबालिग से मारपीट कर छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान भगौरा निवासी अरविंद यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

## कैंपियरगंज : दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

गोरखपुर। कैंपियरगंज पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान पोवा निवासी राहुल बारी उर्फ अजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को जेल भिजवा दिया है। ब्यूरो

## अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

गोरखपुर। कैंट इलाके से किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को शनिवार रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रविवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। आरोपी की पहचान कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी जयहिंद के रूप में हुई है। आरोप है कि 19 जुलाई को जयहिंद, किशोरी को लेकर लापता हो गया था। ब्यूरो

# बालिका से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**झंगहा।** इलाके के यूपी बड़ौदा बैंक के पास रविवार को बालिका से छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान शिवपुर गांव के कुर्मियान टोला निवासी राजन चौरसिया के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, 11 जुलाई को बालिका से छेड़खानी हुई थी। केस दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में थी। ब्यूरो

# मारपीट के दो व चोरी के तीन आरोपी दबोचे गए

**बड़हलगंज।** बड़हलगंज पुलिस ने कस्बे के इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयरिंग करने वाले कारीगर से मारपीट कर घायल करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, पुलिस ने चोरी के तीन वारंटियों को भी जेल भिजवाया है। इंस्पेक्टर मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि 17 जून की रात में कस्बे में फ्रीज, एसी व वाशिंग मशीन की रिपेयरिंग करने वाले जुबैर अहमद कुरैशी की तिवारीपुर निवासी सोनू व मोनू ने दो अन्य व्यक्तियों के साथ लाठी, डंडे से पिटाई की थी। जुबैर की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। ब्यूरो

# डॉक्टर की पिटाई कर चेन लूटी, एक आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट इलाके में स्थित होटल क्लार्क की पार्किंग में शनिवार की रात गाड़ी टकराने के विवाद में मारपीट हो गई। आरोप है कि मनबढ़ों ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज के डॉ. शुभांकित की पिटाई की। हाथ पर दांत से काट लिया और उनके गले से सोने की चेन लूट ली।

शोर सुनकर सिक्योरिटी गार्ड व आसपास के लोग जब तक पहुंचे, कार सवार मनबढ़ फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर लूट, मारपीट व तोड़फोड़ करने की धाराओं में केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दो अन्य की तलाश में पुलिस टीम लगी है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रामगढ़ताल इलाके के गौतम विहार निवासी राघव सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने कार को भी बरामद कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, डॉ. शुभांकित आर्य शनिवार रात बैठक में शामिल होने होटल आए थे। बैठक समाप्त होने के बाद घर जाने के लिए निकले तो पार्किंग में गाड़ी पीछे करते समय कार में सट गई। आरोप है कि नशे में धुत कार सवार तीन युवकों ने डॉ. शुभांकित को पीटना शुरू कर दिया। विरोध करने पर दांत से हाथ में काटने के साथ ही सोने की चेन छीन ली और चश्मा तोड़ दिया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि केस दर्ज कर कैंट पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

## युवती से मोबाइल फोन लूटने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। कोतवाली इलाके के तरंग ओवरब्रिज के पास ऑटो से जा रही युवती से मोबाइल फोन लूटने के आरोपी को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लूटे गए मोबाइल फोन को बरामद कर आरोपी को जेल भिजवा दिया है। आरोपी की पहचान महराजगंज जिले के पुरंदरपुर इलाके के जलालगढ़ निवासी रामप्रवेश यादव के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर कोतवाली कल्याण सिंह सागर ने बताया कि कीर्ति नाम की एक युवती छह जून को ऑटो से तरंग क्रॉसिंग के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश ने उसका मोबाइल फोन लूट लिया था। ब्यूरो

## झंगहा में बुजुर्ग का शव मिला

झंगहा। इलाके के गहिरा गांव के पास रविवार को बुजुर्ग का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। मौत की वजह जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-07-2022

राष्ट्रीय सहारा दि0-25-7-22

# विवाद के दौरान मारपीट, मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित चौराहे पर सब्जी खरीदने की वाद विवाद को लेकर हुए मारपीट में पुलिस ने वादी सुभाष निषाद पुत्र स्व. जमुना निषाद निवासी लक्ष्मीपुर के तहरीर पर उक्त गांव निवासी उग्रसेन पुत्र रामसमुझ, विशाल पुत्र उग्रसेन, लाल पुत्र रामसमुझ व घर के अन्य एक व्यक्ति के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 452 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के ग्राम जंगल ठकुरही में आपसी पुरानी रंजिश को लेकर हुए वाद विवाद मारपीट में पुलिस ने वादी सुभाष मिश्र पुत्र स्व. राघव मिश्रा निवासी जंगल ठकुरही के तहरीर पर उक्त गांव निवासी रामबालक मिश्र पुत्र स्व. रामकिशोर, रामबालक की पत्नी, शिवम मिश्र पुत्र रामबालक के खिलाफ मारपीट की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं उपनगर के हरिजन बस्ती में पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट में उपनगर के टेढ़ा स्थान वार्ड निवासी धर्मेन्द्र हरिजन पुत्र रमेश हरिजन के तहरीर पर उक्त वार्ड निवासी सर्वदिव, भीम पुत्र गण शिवनाथ, विद्यावती पत्नी सर्वदिव, अजय पुत्र सर्वदिव के खिलाफ धारा 323, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि0 25-7-22

# सात वारण्टी गिरफ्तार

**बरहज (एसएनबी)**। थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से सात वारण्टियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। सभी वारण्टी पूर्व में कई अपराध की घटना को अंजाम दे चुके है। समय से न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर सभी के विरूद्ध वारण्ट जारी किया गया था। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि अमांव निवासी मुनमुन व बेचन, गजानन्द विश्वकर्मा जयनगर, सुरेन्द्र बिन्द गौरा तथा राहुल, चम्पा देवी, संजू देवी पुत्री स्व. मुद्रिका को गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया।

हिन्दुस्तान दि०-25-7-22

# ग्राम प्रहरियों के घर एसपी ने की कानून व्यवस्था पर चर्चा

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस विभाग के आलाधिकारियों ने रविवार को अलग-अलग थाना क्षेत्र के एक-एक ग्राम प्रहरी के घर पहुंच कर चाय पर चर्चा की। अधिकारियों ने ग्राम प्रहरी से समस्याओं और गांव में होने वाले अपराध के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने ग्राम प्रहरी को साफा भेट किया।

एडीजी अखिल कुमार ने जोन के सभी पुलिस अधीक्षकों से ग्राम प्रहरी के घर जाकर चाय पर चर्चा करने का निर्देश दिया। इस पर कप्तान संकल्प शर्मा सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित बड़हरा गांव के ग्राम प्रहरी रामकिशुन के घर पहुंचे। एसपी को अपने घर पर देखकर ग्राम प्रहरी रामकिशुन दंग रह गया। उसने एसपी के साथ क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी और अन्य पुलिस कर्मियों को बैठाया। इस दौरान सभी पुलिस कर्मियों के लिए चाय आई। चाय पर चर्चा करते हुए एसपी ने ग्राम प्रहरी से क्षेत्र में होने वाले अपराध, संदिग्धों के बारे में जानकारी ली। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। गांव में आने जाने वाले संदिग्ध लोगों को पुलिस के अधिकारियों को सूचना देने की बात कही। इसके बाद परिवार और बच्चों के बारे में जानकारी ली। एसपी ने ग्राम प्रहरी को साफा भेट किया। एसपी लगभग एक घंटे तक ग्राम प्रहरी के गांव में रुके रहे। उधर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर ने खुखुन्दू थाने के अघैला में ग्राम प्रहरी भीम यादव के घर पर चाय पर चर्चा किया।

हिन्दुस्तान दि0-25-7-22

# विवाद करने वाले सभासद पर केस

देवरिया, निज संवाददाता। नगरपालिका देवरिया के राजस्व निरीक्षक के साथ विवाद करने वाले सभासद के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। पांच दिन पहले विभाग की ओर से लगाये गये कैंप में सभासद ने नोटिस फाड़ते हुए राजस्व निरीक्षक के मुंह पर फेंक दिया था। अपशब्द कहते हुए जानलेवा हमले का प्रयास भी किया गया। कर निर्धारण अधिकारी के पटल से तहरीर मिलने पर नामजद केस दर्ज हुआ है।

नगरपालिका देवरिया में हिमांशु गुप्ता राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। विभाग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह 20 जुलाई को उमानगर वार्ड संख्या 15 में कैंप पर लोगों का कर जमा कराने के लिये उपस्थित थे। आरोप है कि इसी दौरान वार्ड संख्या 16 के सभासद अनूप कुमार पांडेय उर्फ चाचा पांडेय ने कैंप पहुंचकर आउटसोर्सिंग कर्मचारी संदीप जायसवाल से धारा 158 की नोटिस छीन लिया। इसके बाद भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए नोटिस फाड़कर हिमांशु के मुंह पर फेंक दिया। जानलेवा हमले के प्रयास के साथ ही सभासद ने कर निर्धारण अधिकारी को देख लेने की धमकी भी दी। हालांकि, सभासद इन सभी मामलों को साजिश करार देते हुए आरोप बेबुनियाद बता रहे हैं। हिमांशु गुप्ता ने तहरीर में बताया है कि सभासद के इस कृत्य से वह विभाग में काम करने में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि इस तरह की घटना सभासद आये दिन कर रहे हैं। इससे जानमाल का खतरा बना हुआ है। ऐसे में उन पर सख्त कार्रवाई की जाये। वहीं दूसरी ओर कर निर्धारण अधिकारी शशिकला ने इस मामले में नगर विकास विभाग को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में विभाग के जिम्मेदारों पर भी विभिन्न संगीन आरोप लगाया है। इसके पहले विभाग के ही एक अन्य राजस्व निरीक्षक ने दूसरे सभासद पर अभद्रता करने की बात करते हुए कर निर्धारण अधिकारी को पत्र लिखा था। नगर विकास विभाग में फाड़ी गई नोटिस की प्रतियां भी भेजी गई हैं।

> उमानगर में लगाये गये कैंप पर मैं गया जरूर था, लेकिन राजस्व निरीक्षक के साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। मेरे ऊपर लगाये गये सभी आरोप बेबुनियाद है। मैंने कोई नोटिस नहीं फाड़ा और न ही किसी के साथ गाली गलौच किया। जानलेवा हमले की बात भी गलत है। इस मामले में डीएम से मिलकर अपनी बात रखूंगा।
>
> **अनूप कुमार पांडेय उर्फ चाचा पांडेय,** सभासद, न्यू कॉलोनी

> 20 जुलाई को उमानगर वार्ड में कर जमा कराने के लिये कैंप लगा था। सभासद वहां पहुंचकर मुझसे गाली गलौच करने लगे। विभाग का नोटिस भी फाड़कर मेरे मुंह पर फेंक दिया। मेरे साथ मारपीट की कोशिश भी की गई। वहां उपस्थित लोगों को देखकर सभासद पीछे हट गये।
>
> **हिमांशु गुप्ता,** राजस्व निरीक्षक, नगरपालिका देवरिया

हिन्दुस्तान दि०-25-7-22

# सात वारंटी गिरफ्तार

बरहज। पुलिस ने अलग-अलग गांवों से सात वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना क्षेत्र के अमाव गांव निवासी मुनमुन व बेचन पुत्रगण रामदीन, बारा दीक्षित गांव निवासी राहुल प्रसाद पुत्र स्व. मुन्द्रिका, चंपा देवी पत्नी स्व. मुन्द्रिका, संजू कुमारी पुत्री स्व. मुन्द्रिका, वार्ड जयनगर निवासी सुरेन्द्र बिंद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

हिन्दुस्तान दि०-25-7-22

# विभिन्न गांवों के 7 वारंटी गिरफ्तार

सलेमपुर। काफी दिनों से फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को कोतवाली पुलिस ने सात वारंटियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कोतवाल नवीन कुमार मिश्र ने बताया कि कोतवाली के कई अभियुक्त काफी दिनों से न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे। इसको लेकर वारंटियों के गिरफ्तारी का अभियान चलया गया। जिसमें कोतवाली क्षेत्र के बरसीपार बाजपेयी टोला के रहने वाले मंगल कुमार पुत्र मंगलदेव, गामा यादव पुत्र लालजी, ठाकुर गौरी के रहने वाले योगेश यादव व अजय यादव पुत्र नंद किशोर, बरसीपार के रहने वाले राम नक्षत्र पुत्र रामलाल, पिपराभानमति के चंद्रिका पुत्र गुचक व रामजीत पुत्र बाबूलाल को उनके घर से गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दी गई।

## तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रामपुर कारखाना। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के सख्त तेवरों का परिणाम दिखने लगा है। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी की अगुवाई में पुलिस ने वांछित चल रही प्रियंका शर्मा पत्नी दिनेश शर्मा निवासी देवरिया बुद्धू खां और सुभावती देवी पत्नी रामाशीष निवासी भैसहां थाना कसया को गिरफ्तार कर लिया।

## तीन लोगों पर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। लक्ष्मीपुर के रहने वाले तीन के खिलाफ पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने का केस दर्ज की है। लक्ष्मीपुर गांव के रहने वाले सुभाष निषाद पुत्र जमुना निषाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 19 जुलाई को वह सब्जी खरीदने के लिए गया था। जहां गांव के कुछ लोगों से कहासुनी हो गई।

हिन्दुस्तान दि० 25-7-22

# विवाद करने वाले सभासद पर केस

देवरिया, निज संवाददाता। नगरपालिका देवरिया के राजस्व निरीक्षक के साथ विवाद करने वाले सभासद के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। पांच दिन पहले विभाग की ओर से लगाये गये कैंप में सभासद ने नोटिस फाड़ते हुए राजस्व निरीक्षक के मुंह पर फेंक दिया था। अपशब्द कहते हुए जानलेवा हमले का प्रयास भी किया गया। कर निर्धारण अधिकारी के पटल से तहरीर मिलने पर नामजद केस दर्ज हुआ है।

नगरपालिका देवरिया में हिमांशु गुप्ता राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। विभाग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह 20 जुलाई को उमानगर वार्ड संख्या 15 में कैंप पर लोगों का कर जमा कराने के लिये उपस्थित थे। आरोप है कि इसी दौरान वार्ड संख्या 16 के सभासद अनूप कुमार पांडेय उर्फ चाचा पांडेय ने कैंप पहुंचकर आउटसोर्सिंग कर्मचारी संदीप जायसवाल से धारा 158 की नोटिस छीन लिया। इसके बाद भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए नोटिस फाड़कर हिमांशु के मुंह पर फेंक दिया। जानलेवा हमले के प्रयास के साथ ही सभासद ने कर निर्धारण अधिकारी को देख लेने की धमकी भी दी। हालांकि, सभासद इन सभी मामलों को साजिश करार देते हुए आरोप बेबुनियाद बता रहे हैं। हिमांशु गुप्ता ने तहरीर में बताया है कि सभासद के इस कृत्य से वह विभाग में काम करने में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि इस तरह की घटना सभासद आये दिन कर रहे हैं। इससे जानमाल का खतरा बना हुआ है। ऐसे में उन पर सख्त कार्रवाई की जाये। वहीं दूसरी ओर कर निर्धारण अधिकारी शशिकला ने इस मामले में नगर विकास विभाग को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में विभाग के जिम्मेदारों पर भी विभिन्न संगीन आरोप लगाया है। इसके पहले विभाग के ही एक अन्य राजस्व निरीक्षक ने दूसरे सभासद पर अभद्रता करने की बात करते हुए कर निर्धारण अधिकारी को पत्र लिखा था। नगर विकास विभाग में फाड़ी गई नोटिस की प्रतियां भी भेजी गई हैं।

> उमानगर में लगाये गये कैंप पर मैं गया जरूर था, लेकिन राजस्व निरीक्षक के साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। मेरे ऊपर लगाये गये सभी आरोप बेबुनियाद हैं। मैंने कोई नोटिस नहीं फाड़ा और न ही किसी के साथ गाली गलौच किया। जानलेवा हमले की बात भी गलत है। इस मामले में डीएम से मिलकर अपनी बात रखूंगा।
>
> **अनूप कुमार पांडेय उर्फ चाचा पांडेय,** सभासद, न्यू कॉलोनी

> 20 जुलाई को उमानगर वार्ड में कर जमा कराने के लिये कैंप लगा था। सभासद वहां पहुंचकर मुझसे गाली गलौच करने लगे। विभाग का नोटिस भी फाड़कर मेरे मुंह पर फेंक दिया। मेरे साथ मारपीट की कोशिश भी की गई। वहां उपस्थित लोगों को देखकर सभासद पीछे हट गये।
>
> **हिमांशु गुप्ता,** राजस्व निरीक्षक, नगरपालिका देवरिया

दैनिक जागरण दि0 25-7-22



ग्राम बड़हरा में चौकीदार के घर जाकर चाय पर चर्चा करते पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा व अन्य ● जागरण

# चौकीदारों के घर पहुंचे पुलिस अफसर, अपराध रोकने पर चर्चा

**जासं, देवरिया :** ग्राम प्रहरी के रूप में पहचान रखने वाले चौकीदारों को उनकी जिम्मेदारियों का अहसास कराया जा रहा है। गांव की छोटी व बड़ी सभी सूचनाएं समय से पुलिस तक पहुंचे, इसके लिए उनसे संवाद का नया तरीका ढूंढा है। पुलिस विभाग के आला अफसर उनके घर जाकर न केवल चाय की चुस्की ले रहे हैं, बल्कि कानून व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कर्तव्यों का पाठ पढ़ा रहे हैं।

एसपी संकल्प शर्मा रविवार की शाम सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी के साथ सदर कोतवाली के बड़हरा गांव पहुंचे। उन्होंने चौकीदार रामकिशुन के घर पर उनके साथ चाय पी। एसपी ने अपराध रोकने व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए उनके कर्तव्यों व दायित्वों को समझाया। साथ ही अन्य जानकारी साझा की। एएसपी डा. राजेश सोनकर खुखुंदू थानाक्षेत्र के अघैला गांव पहुंचे। उन्होंने चौकीदार भीम यादव के घर पर उन्हें साफा भेंट किया। साथ में चाय पी और गांव के बारे में जानकारी हासिल की। सीओ सलेमपुर देव आनंद ने बेल्थरा गांव के चौकीदार नंद यादव के घर जाकर चाय पी। क्षेत्राधिकारी बरहज पंचमलाल मौनागढ़वा गांव पहुंचे। उन्होंने रणजीत के घर पर चाय पी। सीओ कार्यालय विनय यादव व इंस्पेक्टर एमएम चौहान सदर कोतवाली के सोंदा छोटी व बड़ी गांव में पहुंचे। एसपी ने बताया कि अपराध रोकने में ग्राम प्रहरी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एडीजी के निर्देश पर 18 से 25 जुलाई तक अभियान चलाया जा रहा है।

दैनिक जागरण दि०-25-7-22

# बरहज थाने में शस्त्र की हुई सफाई

**जासं, बरहज**: थाना परिसर सहित शस्त्र की सफाई के लिए रविवार को अभियान चला।

क्षेत्राधिकारी पंचम लाल और थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र की देखरेख में पुलिस जवानों ने इसांस राइफल, पिस्टल, थ्री नाट थ्री हथियारों की सफाई की। उसके बाद थाना परिसर की सफाई की गई। क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में पुलिस के जवानों में शस्त्र की सफाई की।

सीओ ने बताया कि जवानों ने शस्त्र और परिसर की सफाई किया। समय-समय पर यह कार्य किया जाता है।

दैनिक जागरण दि0-25-7-22

# छह वारंटी गिरफ्तार

बरहज : थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से छह वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। ग्राम अमांव के रहने वाले मुनमुन पुत्र रामदीन, बेचन पुत्र रामदीन, गौरा के रहने वाले गजानंद विश्वकर्मा पुत्र गुलाब, बारा दीक्षित के रहने वाले राहुल प्रसाद पुत्र मुंद्रिका, चंपा देवी पत्नी मुंद्रिका, संजू कुमारी पुत्री मुंद्रिका को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (जासं)

# तीन लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर चौराहे पर सब्जी खरीदने को लेकर मामूली बात पर घर में घुसकर मारपीट करने और गाली –गलौज करने के मामले में पुलिस ने सुबाष निषाद की तहरीर पर तीन नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इनमें गांव के उग्रसेन विशाल और लाला अज्ञात शामिल हैं। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 25-7-22

दैनिक जागरण दि०-25-7-22

# दो महिला व एक पुरुष वारंटी गिरफ्तार

**जासं, रामपुर कारखाना:** पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे आरोपितों दो महिला व एक पुरुष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मठ भगवानपुर के रहने वाले रघुनाथ पुत्र विभूति यादव न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे। वारंट जारी होने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा अपराधियों को शरण देने के मामले में वर्ष 2020 से वांछित चल रही देवरिया बुद्धू खां गांव की रहने वाली प्रियंका शर्मा पत्नी दिनेश शर्मा तथा कुशीनगर जनपद की कसया थाना क्षेत्र की भैसहा गांव की नौका टोला की रहने वाली सुभावती देवी पत्नी रामाशीष को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि दो महिलाएं और एक पुरुष पुराने मामलों में न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे। जिस पर न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था, जिन्हे गिरफ्तार करके में न्यायालय पेश कर दिया गया।

अमर उजाला दि0-25-7-22

# नगर पालिका में छिड़ी जंग, सभासद पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर के न्यू कॉलोनी मोहल्ले में कर वसूली के लिए लगाए गए शिविर में आउटसोर्सिंग के कर्मचारी से अभद्र व्यवहार करने नोटिस फाड़ने पर एक सभासद के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कर निरीक्षक ने जानमाल की सुरक्षा की गुहार भी लगाई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक हिमांशु गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 20 जुलाई को वार्ड नंबर 15 में गृहकर, जलकर वसूली के लिए शिविर लगाया गया था। इसी दौरान वार्ड नंबर 16 के सभासद अनूप पांडेय उर्फ चाचा शिविर में आए। धारा-158 की नोटिस जो आउटसोर्सिंग कर्मचारी संदीप जायसवाल को वितरित करने को दिया गया था। उसे सभासद ने छीन कर फाड़ दिया। इसके बाद गाली देते हुए मेरे मुंह पर फेंक दिए। इस दौरान जानलेवा हमले का भी प्रयास किया।

उन्होंने कर निर्धारण अधिकारी को भी गाली दी। इसके कारण कार्यालय में कार्य कर पाना सुरक्षित नहीं है।

## नगर पालिका में गोलबंदी आरोप-प्रत्यारोप थमने का नहीं ले रहे नाम

देवरिया। नगर पालिका का कर निर्धारण विभाग खूब चर्चे में है। अभी कुछ दिन दिन पहले कर निर्धारण अधिकारी ने भूखंड में बड़ा घोटाला होने की आशंका जताते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की थी। इतना नहीं कुछ सभासदों पर कार्यालय में आकर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। कर निर्धारण अधिकारी ने ईओ पर कार्य में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते हुए आला अफसरों से शिकायत की। एक बार फिर से नगर पालिका की आपसी जंग सामने आई गई है। कर निर्धारण अधिकारी शशिकला ने बताया कि कुछ सभासदों की हमने शिकायत भी आला अफसरों से की है कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

वसूली के नाम पर लोगों को कर निर्धारण विभाग परेशान कर रहा है। मोटी रकम वसूल करने के चक्कर में लोगों को धमकी देकर वसूली की जा रही है। इसका हमने विरोध किया तो मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। मेरे ऊपर लगे सभी आरोप निराधार हैं।

**-अनूप पांडेय, सभासद**

# तीन लोगों पर मारपीट का केस

अमर उजाला दि० 25-7-22

रुद्रपुर। सब्जी लेने के दौरान हुए विवाद के मामले में रविवार को पुलिस ने तीन लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया।

लक्ष्मीपुर गांव के सुबाष निषाद ने गांव के तीन लोगों पर 19 जुलाई को मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया। इस मामले में पुलिस ने गांव के उग्रसेन निषाद, विशाल और लाला पर मारपीट का अभियोग पंजीकृत किया है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-07-2022

# सावन का दूसरा सोमवार, शिवालयों में तैयारी चुस्त

## कुबेरस्थान प्राचीन शिवमंदिर सहित सभी शिवालयों में की गई तैयारी

संवाद न्यूज एजेंसी

सावन सोमवार
अमर उजाला विशेष

**पडरौना।** सावन महीने के दूसरे सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर रविवार को तैयारी पूरी कर ली गई।

मंदिर समितियों की तरफ से सफाई से लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। श्रद्धालुओं को भीड़ में ज्यादा असुविधा न हो, इसलिए पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं की तरफ से बैरिकेडिंग कर अलग-अलग कतार लगाने की व्यवस्था की गई है।

पडरौना नगर के छावनी स्थित महादेव मंदिर, भन्नुनाथ शिवमंदिर, बुढ़िया माई मंदिर परिसर स्थित शिवालय, लमुहा शिवमंदिर, करहिया शिवमंदिर, रामपुर शिवमंदिर, सायरी माता मंदिर परिसर स्थित शिवालय, भूपसागर पोखरा स्थित शिवमंदिर सहित सभी शिवमंदिरों में पूजा-अर्चना व जलाभिषेक के लिए प्रबंध किया गया।

### जलाभिषेक की तैयारी पूरी

**कुबेरस्थान।** प्राचीन कुबेरस्थान शिवमंदिर में प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है, लेकिन सावन और महाशिवरात्रि पर यहां भीड़ और बढ़ जाती है। दूर-दूर से श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। इन अवसरों पर यहां मेला भी लगता है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति और पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। मंदिर समिति के सदस्यों को हिदायत दी गई है कि जेबकतरे, चेन स्नेचर और अशांति उत्पन्न करने वालों पर विशेष नजर रखें। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो इसकी सूचना तत्काल मंदिर समिति और पुलिस को दी जाए। संवाद

# 46 वारंटी और 14 वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** जिले में एक साथ 18 थानों की पुलिस ने गैर जमानती वारंट वाले अभियुक्तों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने 14 वांछित 46 वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार सुबह से दोपहर तक पुलिस ने वारंटी के खिलाफ अभियान चलाकर धरपकड़ की। एसपी धवल जायसवाल निर्देश पर जिलेभर के 18 थाना क्षेत्रों की पुलिस ने छापा मारकर 14 वांछित 46 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए सभी अभियुक्तों को कोर्ट में पेश करेंगे। पडरौना कोतवाली के एक वांछित दो वारंटी गिरफ्तार किए गए है। संवाद

# सुरक्षा के प्रति बरतें सावधानी : एसओ

## रामकोला थाने में सराफा व्यवसायियों की बैठक आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेंहदीगंज।** रामकोला थाना परिसर में रविवार शाम सराफा व्यवसायियों की बैठक हुई। इसमें इंस्पेक्टर नीरज राय ने सभी व्यापारियों से सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतने की अपील की।

एसएचओ ने कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दुकान पर नजर आए तो उसकी सूचना पुलिस को दें। दुकानों की सुरक्षा के लिए सीसीटीसी कैमरे लगवाएं। दुकान बंद करने के बाद गहने और नकदी लेकर न चलें, बल्कि दिन में उसका स्थानांतरण सुरक्षित स्थान पर कर दें।

किसी संदिग्ध व्यक्ति से खरीद-फरोख्त न करें। घर आते-जाते समय यदि किसी के पीछा करने का संदेह हो तो भीड़ वाली जगह पर पहुंच जाएं। गहने बेचने वाली महिलाओं से भी सावधान रहें।

बैठक में प्रदीप वर्मा, कृष्णा वर्मा, बच्चन वर्मा, सरवन वर्मा, राजन वर्मा, सुनील वर्मा, बुंदेला गुप्ता, सुरेश, छेदी बरनवाल और महेंद्र वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



पीस कमेटी की बैठक करते थाना अध्यक्ष नीरज राय। संवाद

### हत्या के पर्दाफाश के लिए दुकान बंद रखेंगे व्यापारी

**फाजिलनगर।** पटहेरवा थाने के नरायनपुर कोठी मे सराफा व्यवसायी की हत्या के पर्दाफाश की मांग के लिए सोमवार को व्यापारी दुकान बंद रखेंगे। 32 दिनों से चल रहे प्रदर्शन का कोई नतीजा न निकलने पर व्यापारियों ने यह फैसला लिया है। छह जून को नरायणपुर कोठी में सराफा व्यवसायी जयराम वर्मा की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। घटना के पर्दाफाश की मांग को लेकर पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू 23 जून से प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को धरने के 32वें दिन नरायनपुर कोठी के व्यापारियों ने सोमवार को दुकान बंद करने का फैसला लिया। संवाद

# धर्म परिवर्तन कराने के मामले में चार दबोचे

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा।** थाना क्षेत्र के बहेलिया गांव में धर्म परिवर्तन कराने के मामले में चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ ईसाई धर्म का प्रचार करते हुए लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रेरित करने, सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का मुकदमा दर्ज किया गया था।

शुक्रवार को बहेलिया गांव में अनुसूचित जाति की बस्ती में बिहार से आए महिला-पुरुष ईसाई धर्म की रीति रिवाज से प्रार्थना कर रहे थे। किसी ने प्रार्थना के बहाने धर्म परिवर्तन कराने की सूचना पुलिस को दी। जानकारी पर पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में ले लिया। जांच में लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया।

### बहेलिया गांव में प्रलोभन देकर करा रहे थे धर्म परिवर्तन

प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि इस मामले में बिहार के पश्चिमी चंपारण, बगहा क्षेत्र के अमलिया सिंघड़ी निवासी नत्थूराम पुत्र लल्लनराम, शिवमुनीराम पुत्र भिखारी, राजकुमार भारती पुत्र भिग्गाराम और कुशीनगर जिले के खड्डा बहेलिया निवासी कंचन प्रसाद पुत्र अयोध्या को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

# छह फीट से ऊंचे ताजिये के लिए लेनी होगी एसडीएम की अनुमति

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने पर की जाएगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** मोहर्रम के जुलूस में छह फिट से ऊंची ताजिया ले जाने के लिए एसडीएम की अनुमति लेनी पड़ेगी। ताजियादारों को बड़ी ताजिया बनाने के लिए एसडीएम सदर को प्रार्थना देना होगा।

इसके अलावा नौ जुलाई को निकलने वाले जुलूस में किसी तरह के शस्त्र का प्रयोग नहीं किया जाएगा। यह बातें सीओ सिटी कुंदन सिंह ने कहीं। वह शनिवार की शाम पडरौना कोतवाली में मोहर्रम को लेकर ताजियादारों के साथ पीस कमेटी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के जुलूस में शामिल होने वाले लोग लाठी, डंडा, तलवार और भाला का उपयोग नहीं करेंगे।

अगर कोई इसका प्रयोग करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जुलूस में ताजिया की लंबाई छह फिट निर्धारित की गई है। इससे ऊंची ताजिया के लिए एसडीएम सदर को आवेदन देकर ताजियादारों को अनुमति लेनी पड़ेगी।

### मोहर्रम के जुलूस में शस्त्रों के प्रयोग पर रहेगा प्रतिबंध

मोहर्रम को लेकर सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का वीडियो और फोटो शेयर, पोस्ट न करें। अगर कोई अफवाह फैलाने और विवाद को बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नवागत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राज प्रकाश सिंह ने कहा कि ताजिया जुलूस निकालने के दौरान रास्ते में बिजली के पोल-तार के अलावा में पेड़ से होने वाली दिक्कत को लेकर पहले ही संबंधित थाने या चौकी को अवगत कराना होगा। जुलूस के रास्ते में होने वाली समस्या के बारे में पहले से ही सूचना दे दें।

बैठक में बड़हरागंज निवासी रसीद ने गांव में सफाई कराने की मांग की। इसके बाद खिरकिया सोहरौना निवासी निसुल अंसारी ने रास्ते की दिक्कत को लेकर सवाल उठाया।

बैठक में वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, संजय शाही, ताहिर साहब, प्रधान प्रतिनिधि बसहिया वाजिद अली, कमरुद्दीन पहलवान, धर्मदेव चौधरी रत्नेश मौर्या, नागेंद्र सिंह, कुलदीप मौर्य, अहमद अली आदि मौजूद थे।

# दो महीने तक प्रभावी रहेगी धारा 144

## त्योहार और परीक्षाओं को देखते हुए एडीएम ने दिए आदेश

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना।** त्योहारों और परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए कुशीनगर में 25 सितंबर तक धारा 144 प्रभावी रहेगी। रविवार को अपर जिलाधिकारी देवी दयाल वर्मा ने यह आदेश जारी किया है।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि कानून और शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी। श्रावण मास में द्वितीय, तृतीय चतुर्थ सोमवार, श्रावण शिवरात्रि, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, श्रावण पूर्णिमा, श्रावण झूला मेला (अयोध्या) में जाने वाले श्रद्धालुओं, नागपंचमी, मोहर्रम, अनंत चतुदर्शी, विश्वकर्मा पूजा, चेहल्लुम आदि त्योहारों और प्रारंभिक अर्हता परीक्षा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए यह आदेश जारी किया गया है।

*आगामी त्योहारों और परीक्षाओं को देखते हुए जनपद में धारा 144 लागू की गई है। यह आदेश 25 सितंबर तक लागू रहेगा। शांति व्यवस्था भंग करने पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।*

***-देवी दयाल वर्मा,** अपर जिलाधिकारी, कुशीनगर*

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि इस दौरान कोई भी व्यक्ति राजमार्ग, सड़क जाम नहीं करेगा। जनपद में कोई भी व्यापारिक प्रतिष्ठान, सार्वजनिक परिवहन, दुकानों, रिक्शा टैक्सी आदि सामान्य परिवहन को न ही रोकेगा और न ही बंद कराने का प्रयास करेगा। किसी भी स्थान पर पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्र नहीं होंगे।

यह आदेश कार्यालय, रेलवे स्टेशन तथा बस स्टेशन पर लागू नहीं होगा। सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना सभा, जुलूस, धरना और प्रदर्शन का आयोजन नहीं किया जाएगा। लेकिन यह प्रतिबंध परपंरागत धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों पर लागू नहीं होगा। कुशीनगर की सीमा में किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाईवे, नगर पालिका, नगर पंचायतें तथा ग्राम सभा आदि पर कोई भी धार्मिक आयोजन नहीं किया जाएगा।

इस दौरान कोई भी व्यक्ति लाठी, डंडा, फरसा, धारदार हथियार, आग्नेयास्त्र, सोडा वाटर की बोतलें या अन्य किसी प्रकार की वस्तु, जिससे चोट पहुंचाई जा सके।

# पांच वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

**अहिरौली बाजार।** स्थानीय थाने की पुलिस ने रविवार को विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे हरिकेश, लालबाबू निवासी ग्राम सिरसिया नंबर दो, सीताराम सिंह ग्राम जगदीशपुर धर्मदानी, गोविन्द सिंह ग्राम लोहझार, बाबूलाल ग्राम सोनबरसा थाना अहिरौली बाजार समेत पांच को जेल भेज दिया। एसओ पंकज गुप्ता ने बताया कि पांचों के खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। जिस पर विधिक कार्रवाई करते हुए पांचों को जेल भेज दिया गया है।

# त्योहार में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम।** आगामी त्योहारों को लेकर रविवार को पडरौना कोतवाली व तुर्कपट्टी थाना परिसर में शांति कमेटी की बैठक हुई। इसमें दोनों ही समुदाय के लोगों की मौजूदगी में त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने की अपील की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर किसी ने त्योहार में खनन डालने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्ती से पुलिस पेश आएगी। बैठक में कोतवाल राज प्रकाश सिंह, एसएसआई अनिल कुमार सिंह, धीरेंद्र वर्मा, रत्नेश मौर्य, आनंद शंकर सिंह, संजय शाही, धर्मदेव चौधरी, रामचंद्र राम, अमित सिंह, प्रधान प्रतिनिधि वाजिद अली, ग्राम प्रधान महबूब आलम, मुर्तुजा, निसार अहमद, गोलू राइन, रियाज आदि मौजूद रहे।

**तुर्कपट्टी संवाद के** अनुसार थाना परिसर में आगामी त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर हुई बैठक में एसओ आशुतोष कुमार सिंह मौजूद रहे। इस दौरान एसआई गिरधारी यादव, श्रवण यादव, आकाश गिरी, विजय बहादुर सिंह, कुश कुमार, श्रीकृष्ण सिंह, रमायन यादव, उमेश कुमार, संतोष चौहान व अमन कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**हाटा संवाद के अनुसार** स्थानी कोतवाली परिसर में रविवार को मोहर्रम त्योहार को लेकर शांति कमेटी की बैठक हुई। इसमें ताजियादारों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया। सीओ पीयूषकांत राय ने कहा कि पर्व सामाजिक समरसता एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने के लिए होता है। इस दौरान तहसीलदार नरेंद्र राम, प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह भदौरिया, एसआई अखिलेश यादव, भिक्खू राय, कृपाशंकर मिश्र, गौरव वर्मा, शिवम द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों संग चाय पर की परिचर्चा

**जासं भुजौली बाजार :** खड्डा थाने के चतुरछपरा गांव में रविवार की शाम प्रभारी थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह ने चौकीदार आशिक अली के दरवाजे पर ग्रामीणों के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान प्रभारी थानाध्यक्ष ने लोगों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली और शांति व्यवस्था में सहयोग का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि दोनों समुदाय के त्योहारों को सौहार्द पूर्वक मनाया जाए। सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें। किसी के तरफ से ऐसा कार्य या व्यवहार न किया जाए, जिससे भावनाएं आहत हों। परिचर्चा में चतुरछपरा के प्रधान तहज्जुद अली, फटकदौना के प्रधान श्रवण कुमार कुशवाहा, नवल छपरा के प्रधान तैयब अली के अलावा पंकज यादव, राजू कुमार, विश्वजीत यादव, राहुल पांडेय आदि मौजूद रहे।

# शांतिपूर्वक व मिलजुल कर मनाएं मोहर्रम का त्योहार : एएसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** नगर कोतवाली में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोहर्रम का त्योहार मिलजुल कर मनाएं, जिससे यह नगर अच्छे कार्य के लिए जाना जाए। त्योहार आपसी भाईचारा को बढ़ावा देते हैं।

ताजियेदारों को निर्देश दिया कि छह फिट से अधिक की उंचाई वाले ताजिये नहीं बनाए जाएंगे। इससे अधिक की उंचाई रखने के लिए प्रशासन से अनुमति जरूरी होगी। कहा कि नई परंपरा किसी भी दशा में कायम नहीं होगी। मोहर्रम के दिन किसी भी तरह का हथियार, लाठी, भाला आदि अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग नहीं होगा। ऐसा करते पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। कानून-व्यवस्था में खलल डालने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की नजर है। इंटरनेट मीडिया पर साइबर सेल की कड़ी नजर है। इसलिए किसी भी तरह के विवादित या आस्था को प्रभावित करने वाले मैसेज पोस्ट न करें। सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर विशेष कदम उठाए गए हैं। इन जगहों पर पुलिस, पीएसी की तैनाती रहेगी।

# अब स्पेशल सेल सुलझाएगा भूमि विवाद

## एसपी कार्यालय में आने वाले मामलों में सर्वाधिक जमीन संबंधी, पुलिस की नई पहल

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** जिले में भूमि विवाद के मामले तेजी से बढ़े हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हर रोज आने वाले मामलों में अधिकांश भूमि विवाद से ही जुड़े रह रहे हैं। यह देखते हुए यहां स्पेशल सेल गठित किया गया है। भूमि विवाद से जुड़े मामले अब स्पेशल सेल को भेजे जाएंगे। प्रशासनिक अफसर व राजस्वकर्मियों की मदद लेकर इन मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

एक माह में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने वाले पीड़ितों में लगभग साठ प्रतिशत मामले भूमि विवाद से जुड़े रहे। इनमें सर्वाधिक मामले पडरौना कोतवाली, हाटा, कसया, कप्तानगंज, रामकोला, खड्डा, तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के हैं। मामलों की जांच में यह बात सामने आई कि शहरी क्षेत्र के तेजी से हो रहे विस्तार के चलते ऐसे मामले बढ़े हैं। यह देखते हुए थानावार स्पेशल सेल गठित कर भूमि विवाद के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्पेशल सेल में एक निरीक्षक, उपनिरीक्षक तथा चार सिपाही शामिल किए जाएंगे। संबंधित मामले में उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर स्पेशल सेल भूमि विवाद के मामलों का निस्तारण कराएगा।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि स्पेशल सेल का मकसद भूमि विवाद के मामलों का त्वरित निस्तारण है, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

पुलिस व राजस्वकर्मियों के मौके पर पहुंचने से समस्याएं हल हो जाएंगीं।

### रडार पर जमानत पर बाहर आए बदमाश

**जासं., पडरौना**: जमानत पर बाहर आए बदमाशों की कुंडली तैयार की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि जमानत पर बाहर आए बदमाश अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में अपराध में लिप्त इन बदमाशों की जमानत निरस्त करा पुलिस जल्द ही इन्हें सलाखों के पीछे भेजेगी।




# दिनेश नेबुआ-नौरंगिया के नए प्रभारी निरीक्षक

**पडरौना:** पुलिस अधीक्षक ने नेबुआ नौरंगिया में नई तैनाती की है। बताया कि अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक दिनेश कुमार तिवारी को प्रभारी निरीक्षक नेबुआ-नौरंगिया बनाया गया है। नेबुआ नौरंगिया के प्रभारी निरीक्षक रहे आशुतोष तिवारी का तबादला बीते दिनों प्रभारी निरीक्षक कसया के पद पर हो गया था।

# अवैध बसों के संचलन से राजस्व की क्षति

**जासं, तरयासुजान :** गोरखपुर से बिहार के विभिन्न स्थानों चलने वाली प्राइवेट बसों की वजह से सरकार को हर महीने लाखों रुपये राजस्व की क्षति हो रही है। इस बारे में जानकर भी एआटीओ व पुलिस विभाग के अधिकारी अंजान बने हुए है।

बिना कागजात के यह प्राइवेट बसें धड़ल्ले से चल रही हैं। गोरखपुर –गोपालगंज, बेतिया –पडरौना, रामकोला, कप्तानगंज से गोरखपुर, बगहा से बांसी, खिरकिया–पडरौना, कसया, कुशीनगर आदि होकर चलने वाली अधिकतर बसों का टूरिस्ट परमिट है। यह बसे प्रतिदिन रास्ते में सवारी बैठाते और उतारते चलती हैं। पूर्व में प्राइवेट बस यूनियन गोरखपुर के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने 21 अवैध बसों की सूची विभाग को सौंपी थी। एआरटीओ मो.अजीम ने कहा कि अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

*****

# एसपी की फटकार के बाद महिला के विरुद्ध दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मुकदमा

**जासं खिरकिया बाजार कुशीनगर** : पडरौना कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति की शिकायत सुनने के बाद एसपी धवल जायसवाल ने फटकार लगाई तो जटहां बाजार पुलिस ने महिला के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया।

पडरौना कोतवाली के चिरइयहवा गांव के राजेंद्र गिरी की भूमि जटहां बाजार थाने के पड़रही गांव के धनहा टोला में हैं। आरोप है कि गांव की एक महिला की ओर से फर्जी दस्तावेज बनाकर उस भूमि के बदले दो लाख रुपये कर्ज लेना दिखाया जा रहा है। पीड़ित न्याय के लिए जटहां बाजार थाने का चक्कर लगाता रहा, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी। शनिवार को समाधान दिवस में एसपी के सामने मामला उठा तो वह बिफर पड़े। उन्होंने थानाध्यक्ष को फटकार लगाते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपित सुनैना के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्जकर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्र

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2022

# प्रधान उपचुनाव : 74 लोग पाबंद

**कोल्हुई बाजार(एसएनबी)**। थाना कोल्हुई व विकास खण्ड बृजमनगंज अंतर्गत ग्राम सभा गुरचिहा में प्रधान की मौत के बाद उपचुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। एक तरफ जहां 4 अगस्त को चुनाव होगा वहीं 5 अगस्त को परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। इस मामले में कोल्हुई पुलिस में दोनों पक्षों के 74 लोगों पर 107 व 116 के तहत कार्यवाही किया है। जबकि दो प्रत्याशी मैदान में प्रधानी उपचुनाव के लिए खड़े हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम सभा गुरचिया में अभी कुछ ही महीनों पूर्व तबीयत खराब होने के कारण प्रधान की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि तभी से उक्त गांव गांव में प्रधान का पद खाली होने के कारण उपचुनाव के लिए 4 अगस्त को जिला प्रशासन की तरफ से तिथि निर्धारित की गई है। उक्त गांव में प्रधानी चुनाव को लेकर जहां सरगर्मियां दो प्रत्याशी के वजह से तेज हो गई है वही पुलिस भी शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। हालांकि उक्त गांव पहले से ही काफी सुर्खियों व चर्चा में रहा है। जिसको लेकर कोल्हुई पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दे रही है। बताते चलें कि उक्त गांव में प्रधान पद के लिए दो प्रत्याशी आमने-सामने है। जिसको लेकर कड़ी टक्कर मानी जा रही है। इस मामले में कोल्हुई पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 74 लोगों पर कारवाई किया है। पुलिस के अनुसार सभी को 107 व 116 के तहत पाबन्द किया गया है। यही नहीं चुनाव को लेकर पुलिस का आना जाना उक्त गांव में रोज लगा हुआ है। इस संबंध में एसओ कोल्हुई अभिषेक सिंह ने बताया कि चार अगस्त को प्रधानी उपचुनाव को लेकर तैयारियां पूरी तरह कर ली गई है। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर दोनों पक्षों के 74 लोग को पर कार्रवाई करते हुए पाबंद किया गया है।

**दो प्रत्याशी आमने सामने, सरगर्मियां तेज**

# अनजान वाट्सएप नम्बरों से रहें सावधान वरना हो जाएंगे ठगी के शिकार

**पनियरा (एसएनबी)**। आधुनिक युग में ठगी का तरीका ठग बदलते जा रहे हैं। नए तरीके में आपको हाय हैलो मैसेज आएगा यदि आपने गलती से भी थोड़ी सी चैटिंग कर ली तो फिर ठगों द्वारा पैसे की डिमांड की जाएगी। पैसा न देने पर साइबर क्राइम के ठगों द्वारा आपको तरह-तरह की धमकी दी जाएगी। इस तरह का ताजा मामला पनियरा थाना क्षेत्र के अकटहिया टोले का है । उक्त टोला निवासी एक युवक की मोबाइल नम्बर पर 6391504259 अंजान नम्बर से उनके वाट्सएप नम्बर पर इंग्लिश में हाये लिख कर आया तो अकटहिया निवासी युवक ने लिख दिया कि आप कौन फिर धीरे-धीरे यह जानने के लिए कि किसने उन्हें मैसेज किया तो कुछ देर बाद उन्हें वीडियोकाल करने को कहा। हालांकि उक्त युवक ने विडियोकाल नहीं किया लेकिन जालसाजों द्वारा कुछ देर बाद 25 हजार रुपए की डिमांड कर दी गयी। पैसा न देने पर आपत्तिजन वीडिओ वायरल करने की धमकी दी जा रही है जिससे उक्त युवक मानसिक रूप से परेशान हो गया है । थक हार कर युवक ने आपबीती मीडियाकर्मियों को बताई और न्याय की गुहार लगाई है । इस तरह के मामले आये दिन किसी न किसी के साथ घटना घटती है लेकिन कुछ मामलों में लोग समाज के डर से ठगी के शिकार हो जाते हैं। कुछ जागरूक लोग ही जालसाजों के शिकार न होकर न्याय की गुहार लगाते हैं ।

# 1200 शीशी नेपाली शराब बरामद, दो बाइक सीज

**निचलौल (एसएनबी)**। भारत नेपाल सीमा पर तैनात बीओपी एसएसबी पथलहवा व निचलौल पुलिस की संयुक्त टीम ने आज सीमावर्ती ग्राम कनमिसवा से जांच के दौरान 1200 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। मौके से दो बाइक सीज कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया। मुखबिर की सूचना पर बीओपी एसएसबी पथलहवा व निचलौल पुलिस की टीम ने सीमावर्ती ग्राम सभा कनमिसवा के निकट सीमा के पिलर संख्या 499/4 के पास नेपाल से भारतीय क्षेत्र में दो बाइक से लायी जा रही 1200 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह ने बताया कि टीम को देख शराब के तस्कर कैरियर बाइक छोड़ कर भागने में सफल रहे।स्थानीय थाना में आबकारी



अधिनियम की धारा 60/63 के तहत अभियोग पंजीकृत कर बाइक सीज कर कार्रवाई की गयी है। बरामदगी टीम में बीओपी एसएसबी पथलहवा के निरीक्षक सामू सरदार, आरक्षी रामानुज कुमार मेहता, दसराम हैम्बरम व शत्रुघ्न कुमार राय, थाना प्रभारी निचलौल, उपनिरीक्षक विजय बहादुर व हेका. योगेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

# 134 वाहनों का चालान

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्हित्त स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 134 वाहनों का चालान किया गया।**शांतिभंग में 67 गिरफ्तार** :जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखनेके लिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति भंग की आशंका में कुल 67 व्यक्तियोंको सीआरपीसी की धारा 151 केतहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया। **32 लीटर कच्ची शराब बरामद** : जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए 7 व्यक्तियों केकब्जे से32 लीटर कच्ची व 41 शीशी नेपाली शराब बरामद किया गया। साथ ही उसे 60 आबकारी एक्ट के तहत चालान न्यायालय किया गया।

# प्रमुख चौराहों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे



स्वर्ण व्यवसायियों के साथ बैठक करते थानाध्यक्ष व अन्य।

निचलौल (एसएनबी)। स्थानीय थाना परिसर में आज कस्बा निचलौल के स्वर्ण व्यवसायियों की सुरक्षा व अन्य समस्याओं को लेकर हुई एक बैठक में उनकी सुरक्षा व्यवस्था पर विचार विमर्श किया गया। पुलिस व सर्राफा मण्डल के बीच सुरक्षा के कई बिन्दुओं पर सहमति भी बनी। जन सहयोग से कस्बा के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का भी निर्णय लिया गया। इसी क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के तहत रात्रि में गश्त आदि पर विचार किया गया। स्वर्ण व्यवसायियों ने पुलिस गश्त को बेहतरीन बता कर निचलौल पुलिस की सराहना किया। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने व्यवसायियों से आग्रह किया कि वे रात्रि में सामूहिक रूप से चौकीदार रखें। ताकि पुलिस व चौकीदार संयुक्त रूप से चौकसी कर सकें। साथ ही दुकान के बाहर, सड़क की दिशा में अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा लगवायें। थानाध्यक्ष ने स्वर्ण व्यवसायियों से कहा कि वे आत्म सुरक्षा के लिए दुकानों पर मिर्ची स्प्रे, मजबूत डंडे व वैधानिक शस्त्र रख सकते हैं। साथ ही हिदायत दिया कि सोशल मिडिया सहित अन्य किसी तरह से शस्त्र का प्रदर्शन गलत होगा। ऐसी स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। निर्णय हुआ कि स्वर्ण व्यवसायियों के सहयोग से नगर के सभी मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाएंगे। इसमें मेन तिराहा, कटरा चौराहा, मेन मार्केट, चमनगंज चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा व अन्य मुख्य स्थान सम्मिलित हैं। इस दौरान निचलौल सर्राफा मण्डल अध्यक्ष अनिल वर्मा, दिनेश वर्मा, शेषनाथ वर्मा, सुखदेव वर्मा, राजकुमार वर्मा, गौतम वर्मा, राजू वर्मा, श्रीनिवास वर्मा, पवन वर्मा, मनोज वर्मा, सुधीर वर्मा, भोला वर्मा, दीपक वर्मा, तारकेश्वर वर्मा, गगन वर्मा, अमित वर्मा व धीरज वर्मा आदि स्वर्ण व्यवसायी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि कस्बा में सीसीटीवी के लिए 11 स्थानों को चिन्हित किया गया है।

**स्वर्ण व्यवसायी-पुलिस की बैठक में सुरक्षा पर विचार**

# भगायी गयी नाबालिग बरामद

**पनियरा (एसएनबी )**। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से विगत 19 नवंबर 2021 से नाबालिग अपहृता गायब हो गयी थी। थाना पनियरा में भादवि की धारा 363 पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक डा . कौस्तुभ द्वारा अपहर्ताओं की गिरफ्तारी व लड़की की बरामदगी के लिए चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत व आतिश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष पनियरा सत्य प्रकाश सिंह ने अपहृता की बरामी के लिए टीम गठित की थी। टीम के अथक प्रयास के बाद सर्विलांस टीम व मुखबीर की सूचना को उनि रामशंकर चौधरी मय हमराह कां.आनन्द खरवार व म.कां.वन्दना गौड़ के मुकदमा उपरोक्त से संबंधित नाबालिग अपहृता को परतावल चौराहा, थाना श्यामदेउरवा से बरामद कर लिया। साथ डाक्टरी परीक्षण व 164 का बयान कराने में पुलिस लगी हुई है। पीड़ित लड़की के बयान के आधार पर मुकदमे में और भी धाराएं बढ़ सकती है। इसी क्रम में मुकदमे में भा. द.वि.की धारा 363 के तहत नामजद आरोपी रविन्द्र को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# एटीएम कार्ड बदल चोरों ने खाते से उड़ाया 6 हजार

**खुशहाल नगर (एसएनबी)**। घुघली थाना अन्तर्गत नगर पंचायत घुघली वार्ड नं 9 तिवारी बाजार में इंडिया फर्स्ट एटीएम से एक महिला से दो अज्ञात व्यक्तियों ने एटीएम कार्ड बदलकर कर महिला के खाते से 6 हजार रुपया उड़ाया लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी नेजांच पड़ताल शुरू कर दी। रविवार कोदोपहर लगभग 3.30 बजे नगर पंचायत घुघली के वार्ड नं 9 में स्थित इंडिया फर्स्ट एटीएम सेपिंकी वर्मा पत्नी आनंद वर्मा निवासी रामपुर बलडीहा अपने खाते से 6 हजार रूपए निकलने गई थी। उसी दौरान बाइक से दो अज्ञात व्यक्ति महिला को झांसे में लेकर उसका एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से6 हजार निकला कर फरार हो गए। महिला कोइस बाता का पता तब चला जब उसके मोबाइल पर मैसेज आया। महिला ने स्थानीय चौकी पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# नवागत कोतवाल ने संभाला कार्यभार

**ठूठीबारी (एसएनबी)**। जनपद में एसओजी प्रभारी रहे जय प्रकाश सिंह यादव को ठूठीबारी कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। नवागत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्री यादव ने आज कोतवाली पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण किया। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कोतवाली थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। सुशासन और अपराध मुक्त समाज की स्थापना की पूरी कोशिश की जाएगी। पीड़ितों को हर हाल में न्याय मिलेगा। पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय बरकरार रखते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नवागत प्रभारी निरीक्षक के समक्ष कोतवाली क्षेत्र में महज दो माह के भीतर लगभग आधा दर्जन से अधिक बाइक चोरी समेत कई घरों में हुई चोरियों का खुलासा करना एक चुनौती होगी। इसी क्रम में निवर्तमान प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे की विदाई की गयी। इस कार्यक्रम में समाजसेवी व पत्रकार बंधुओं ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर विदाई दी। इस दौरान लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी प्रभारी शैलेश प्रताप, एसआई राजेश कुमार सिंह व अजय कुमार आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे। **वारंटी समेत चार गिरफ्तार :** कोतवाली पुलिस ने पास्को एक्ट के एक वारंटी सहित चार को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने पास्को समेत अन्य धाराओं में वारंटी विजय पुत्र हरिलाल निवासी गड़ौरा बाजार थाना ठूठीबारी को जेल भेज दिया। इसी क्रम में शांतिभंग में पाबंद दीपक प्रसाद, चंदन व पुरषोत्तम निवासीगण ग्राम लोहरौली थाना ठूठीबारी को धारा 151,107 व 116 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया है।

# पकड़ी गयी नशीली दवाओं की खेप

**सिसवा बाजार (एसएनबी)**। थाना कोठीभार व स्थानीय नगर के पुलिस चौकी से लगभग सौ कदम की दूरी पर हुई छापेमारी में एक गोदाम से 100 गत्ता नशीली दवाओं की खेप बरामद किया गया। अधिकारियों ने इसके अलावा भी कुछ दवा व्यवसायियों के गोदामों की जांच किया।

आज प्रतिबंधित नशीली दवाओं से भरे एक पिकअप के सिसवा बाजार पुलिस चौकी के पास होने की जानकारी पुलिस को मिली तो पुलिस हरकत में आ गयी। इधर इसकी जानकारी होने पर दवाओं से लदी पिकअप को चालक लेकर भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा कर उसे धर दबोचा। उप जिलाधिकारी निचलौल सत्य प्रकाश मिश्रा, क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे व अपर जिला अधिकारी पंकज वर्मा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू की। इस संदर्भ में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि लगभग एक सौ गत्ता दवा मिली है। ऐसी दवाईयां का डाक्टर के पर्चे के बिना बिक्री किया जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। बरामद दवाओं की बावत जांच की जा रही है। बता दें कि पिछले वर्ष भारत नेपाल सीमा के ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमुई कला में एक दवा कारोबारी के वहां भारी मात्रा में नशीली दवाओं के बरामदगी की गयी थी। उसका तार सिसवा बाजार से जुड़े होने की चर्चा होती रही। उस समय सिसवा नगर के कई थोक दवा व्यवसायियों के यहां छापेमारी की गई थी। इस बार सिसवा नगर से इस तरह की दवाइयों का बरामद होना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की सक्रियता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है।

**एक पिकअप में लदी मिली प्रतिबंधित नशीली दवाइयां**

**एसडीएम-सीओ की टीम ने की कई गोदामों की जांच**



गोदाम की जांच करते एसडीएम, सीओ व अन्य।

# आठ महीने बाद अपहृत किशोरी बरामद

पनियरा। पुलिस ने नवम्बर माह में अपहृत एक किशोरी को रविवार की दोपहर में परतावल से बरामद किया है। मामले में पुलिस अपहरण का मुकदमा दर्ज कर खोजबीन कर रही थी। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि नाबालिग अपहृता को परतावल से सूचना पर बरामद किया गया है। टीम में एसआई रामशंकर चौधरी, कांस्टेबल आनंद खरवार, वंदना गौड़ शामिल थे।

# 12 सौ शीशी नेपाली शराब पकड़ी गई

निचलौल। एसएसबी पथलहवां बीओपी और निचलौल पुलिस ने संयुक्त अभियान में रविवार को दिन में कनमिसवां बार्डर पर दो बाइक पर लदी 1200 शीशी नेपाली शराब पकड़ी है। टीम को देखकर बाइक व शराब छोड़कर तस्कर भाग निकले। टीम ने नेपाली शराब लदी दोनों बाइक को अपने कब्जे में लेकर सीज कर दिया। इस मामले में निचलौल पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट में कार्रवाई की है।

# छह एसओ बदले गए, एसपी के पीआरओ को सोनौली की कमान

**फेरबदल**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए एसपी डॉ. कौस्तुभ ने छह थानेदारों को बदल दिया है। इनमें से तीन थानेदारों को थानेदारी गंवानी पड़ी है।

एसपी ने अपने पीआरओ महेंद्र यादव को अंतर्राष्ट्रीय महत्व के सोनौली कोतवाली का नया थानाध्यक्ष बनाया है। पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के मुताबिक शनिवार की देर रात एसपी ने 41 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। सिंदुरिया के प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण यादव को एएचटीयू प्रभारी बनाया गया है। मीडिया सेल के प्रभारी सुनील कुमार सिंह को बृजमनगंज का थानाध्यक्ष व बृजमनगंज के थानाध्यक्ष चंद्रहास मिश्रा को बरगदवा का थानाध्यक्ष बनाया गया है। बरगदवा के प्रभारी निरीक्षक सुनील राय को नौतनवा का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। सोनौली कोतवाली के थानाध्यक्ष मनोज राय को कोठीभार थानाध्यक्ष, एसओजी प्रभारी जयप्रकाश सिंह यादव को दूठीबारी कोतवाल, एएचटीयू प्रभारी नासिर हुसैन को सिंदुरिया थाना का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है। नौतनवा थानाध्यक्ष राजेश पांडेय को एसपी ने मीडिया सेल का प्रभारी बनाया है। दूठीबारी कोतवाल संजय दुबे को जन शिकायत सेल का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

**पुलिस लाइन के 15 उपनिरीक्षकों को नई तैनाती:** एसपी ने पुलिस लाइन में तैनात 15 उप निरीक्षकों का तबादला किया है। एसआई मंगला प्रसाद को बृजमनगंज, अरविंद कुमार यादव फरेंदा, अमित कुमार राय नौतनवा, जयप्रकाश कोल्हुई, चंद्रभान निषाद घुघली, दुर्गा प्रसाद सिंह कोतवाली, मनोज वर्मा पनियरा, आत्माराम अवस्थी कोठीभार, अशोक राय महिला थाना, विवेक सिंह कोतवाली, बृजभान पांडेय नौतनवा, दुर्गविजय नाथ सिंह चौक, राजनारायण सिंह दूठीबारी, लालमणि दुबे दूठीबारी व रामचंद्र चौधरी को नौतनवा में नई तैनाती दी गई है। इसके साथ सोलह पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।

## एएसपी ने निचलौल थाने का किया निरीक्षण

निचलौल। एएसपी आतिश कुमार सिंह ने रविवार की शाम निचलौल थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, बैरक, मेस, बन्दीगृह व मालखाने का जायजा लिया। परिसर की साफ-सफाई देख संतोष जताया। अभिलेखों को अपडेट रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर एसओ रामाज्ञा सिंह, एसआई अरुण कुमार, हौशिला प्रसाद व बृजभान यादव तथा अनिल कुमार राय आदि मौजूद रहे।

### पिकअप में दवा लेकर भाग रहा चालक गिरफ्तार, गोदाम में भी की गई छापेमारी

# सिसवा कस्बे में पुलिस ने दवाओं का जखीरा पकड़ा

**100** गत्तों में भरीं दवाएं पकड़ी गईं, पुलिस व ड्रग विभाग की टीम कर रही जांच

- कंपनी के मैनेजर व दवा कारोबारी समेत चार लोगों से की जा रही पूछताछ

**कामयाबी**

**सिसवा (महराजगंज), हिन्दुस्तान संवाद।** महराजगंज की कोठीभार पुलिस ने सिसवा कस्बे की एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के पास से रविवार को भारी मात्रा में दवाओं की खेप बरामद की। पुलिस ट्रांसपोर्ट के गोदाम में छापेमारी कर ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर व दवा मंगाने वाले कारोबारी सहित चार को थाने पर बुलाकर पूछताछ कर रही है। दवाओं को कोठीभार थाने लाया गया, जहां ड्रग विभाग के अफसर जांच में जुटे हैं।



रविवार को गोदाम में दवाओं की जांच करती पुलिस व ड्रग विभाग की टीम।

रविवार को सिसवा पुलिस चौकी से करीब सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम से दवाओं की खेप एक पिकअप पर लादी जा रही थी। तभी उसी रास्ते पिकेट से वापस लौट रहे कुछ पुलिसकर्मियों को देख पिकअप चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने पीछा कर पिकअप को कुछ दूरी पर पकड़ लिया, जिसमें दवाएं लदी हुई थीं। पिकअप को चालक सहित पुलिस ने कब्जे में ले लिया। मौके पर पहुंचे सीओ सुनील दत्त दूबे व एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पिकअप चालक की निशानदेही पर ट्रांसपोर्ट के गोदाम में छापेमारी कर लगभग सौ गत्तों में भरी दवाएं बरामद की। बाद में एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा भी मौके पर पहुंचे। ड्रग विभाग के अफसर थाने पर दवाओं की जांच में जुट गए। पुलिस ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर व दवा मंगाने वाले कारोबारी सहित चार लोगों से थाने पर पूछताछ कर रही है।

> पिकअप व ट्रांसपोर्ट के गोदाम से भारी मात्रा में दवाएं बरामद हुई हैं। ट्रांसपोर्ट के मैनेजर व कारोबारी को दस्तावेज के साथ थाने पर बुलाकर पूछताछ की जा रही है। दवा से संबंधित कुछ और लोगों को दस्तावेज के साथ थाने पर बुलाया गया है।
>
> **डॉ. पंकज वर्मा,** एडीएम

> कई तरह की दवाएं बरामद हुई हैं। इनकी जांच की जा रही है। इनमें कितनी दवाएं प्रतिबंधित हैं? इसके बारे में जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।
>
> **शिवकुमार नायक,** ड्रग इंस्पेक्टर

## वारंटी का चालान

पनियरा। वारंटी विजय निवासी धनखरी को गिरफ्तार कर रविवार को चालान कर दिया गया। इसकी तलाश पुलिस को लंबे समय से थी। यह जानकारी थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने दी। संवाद

## किशोरी के अपहरण के आरोपी का चालान

पनियरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से 19 नवंबर वर्ष 2021 को एक किशोरी का अपहरण हुआ था। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। रविवार को पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़कर किशोरी को मुक्त करा लिया। संवाद

# नौ निरीक्षक व 16 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** एसपी डॉ. कौस्तुभ ने शनिवार देर रात नौ निरीक्षक और 16 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है।

प्रभारी एसओजी निरीक्षक जय प्रकाश सिंह यादव को ठूठीबारी का कोतवाल बनाया गया है। निरीक्षक सुनील कुमार सिंह को प्रभारी मीडिया सेल से थाना बृजमनगंज, रामकृष्ण यादव को प्रभारी निरीक्षक सिंदुरिया से प्रभारी एएचटीयू बनाए गए हैं।

चंद्रहास मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक बृजमनगंज से प्रभारी निरीक्षक बरगदवा, सुनील कुमार राय को प्रभारी निरीक्षक बरगदवा से प्रभारी निरीक्षक नौतनवां की जिम्मेदारी दी गई है।

मनोज कुमार राय को प्रभारी निरीक्षक सोनौली से प्रभारी निरीक्षक कोठीभार, नासिर हुसैन को प्रभारी एएचटीयू से अतिरिक्त निरीक्षक सिंदुरिया, राजेश कुमार पांडेय को प्रभारी निरीक्षक नौतनवां से प्रभारी मीडिया सेल, संजय दूबे को प्रभारी निरीक्षक ठूठीबारी से प्रभारी जन शिकायत की जिम्मेदारी दी गई है।

उपनिरीक्षक महेंद्र यादव को पीआरओ पुलिस आरक्षी से थानाध्यक्ष सोनौली, अमित कुमार राय को थाना फरेंदा से नौतनवां में तैनात दी गई है। पुलिस लाइंस से मंगला प्रसाद को थाना बृजमनगंज, अरविंद कुमार यादव को थाना फरेंदा, जयप्रकाश को थाना कोल्हुई, चंद्रभान निषाद को थाना घुघली, दुर्गा प्रसाद सिंह को थाना कोतवाली, मनोज कुमार वर्मा को थाना पनियरा भेजा गया है।

आत्माराम अवस्थी को कोठीभार, अशोक कुमार राय को महिला थाना, विवेक कुमार सिंह को कोतवाली, बृजभान पांडेय को थाना नौतनवां, दुर्गविजय नाथ सिंह को थाना चौक, राजनरायन सिंह और लालमणि दुबे को ठूठीबारी में तैनाती दी गई।

BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2022

# गैंगस्टर में वांछित आरोपी असलहा के साथ गिरफ्तार

बस्ती। लालगंज पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार 3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित आरोपी रंजीत निवासी ग्राम मरवटिया थाना पुरानी बस्ती को रविवार को दशकोलवा बनकटा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से असलहा-कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, एसआई राजेश कुमार गुप्ता, कां. रजनीश यादव, सत्यपाल यादव, स्वतंत्र पटेल शामिल रहे।

---

# दो फर्जी खनन अधिकारियों को दबोचा

बस्ती/वाल्टरगंज, हिन्दुस्तान टीम। फर्जी खनन अधिकारी बनकर बस्ती जिले में वसूली करने वाले सिद्धार्थनगर के दो आरोपियों को लोगों की मदद से वाल्टरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया।

गाड़ी पर प्रेस लिखकर चलने वाले इन दोनों आरोपितों के कब्जे से खनन विभाग की फर्जी आईडी, प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के आधा दर्जन से अधिक आईडी कार्ड के साथ कार व अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में पिछले कई



खनन अधिकारी बन वसूली करने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

दिनों से खनन अधिकारी के नाम पर जेसीबी चालकों से पैसा वसूला जा रहा था। बेलहरा निवासी आकाश सिंह का आरोप है कि बीती 4 जुलाई को दो लोग कार से आए और खुद को खनन अधिकारी बताते हुए डराया-धमकाया। इसके बाद गूगल पे के माध्यम से सात हजार रुपये ले लिए। बाद में पता चला कि इन दोनों ने कई जेसीबीवालों को फर्जी आईडी दिखाकर करीब एक लाख रुपया वसूल लिए हैं। शुक्रवार की रात कार से दोनों आरोपी जब फिर वाल्टरगंज पहुंचे तो जेसीबी मालिकों व चालकों ने दोनों को बहेरिया चौराहे के पास रोक लिया। तलाशी में उनके पास से खनन विभाग की दो आईडी, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के आधा दर्जन पहचान पत्र, माइक, लैपटॉप, विजटिंग कार्ड आदि सामान बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसार खुद को खनन अधिकारी बताकर व फर्जी आईडी दिखाकर जेसीबी चालकों से पैसा वसूली करने वालों को जनता की मदद से पकड़ा गया है। बेलहरा निवासी आकाश सिंह की तहरीर पर आरोपी उमेश निवासी ककरही, थाना जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थनगर और मनोज पासवान निवासी पकड़ी थाना चिल्हिया, सिद्धार्थनगर के खिलाफ आईपीसी 419, 420, 467, 468 व 471 के तहत केस दर्ज हुआ है।

# पड़ाव स्थल पर कराई जाए फॉगिंग

बस्ती, निज संवाददाता। डीएम प्रियंका निरंजन ने कावड़ यात्रा के तहत व्यवस्थाओं का जायजा लेने को अधिकारियों संग अमहटघाट, फुटहिया व कप्तानगंज का भ्रमण किया। ड्यूटी पर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को हर वक्त मुस्तैदी का निर्देश दिया। अमहट घाट पर सफाई के लिए नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया। चूना का छिड़काव हो व शाम को फागिंग भी कराई जाए। फुटहिया में पुलिस बूथ, मेडिकल कैंप तथा खोया पाया केंद्र का निरीक्षण किया।

अमहटघाट स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास कांवड़ियों की चिकित्सा व्यवस्था हेतु 24 घंटा मेडिकल कैम्प है। मेडिकल टीम द्वारा 100 से अधिक कांवडियों को आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई गई। डीएम ने अमहटघाट के कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया व नियमित रूप से सूचनाएं प्रसारित करने का निर्देश दिया। अमहट घाट पर उन्होंने नियमित रूप से नाविक व गोताखोर तैनात रखने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी अभय कुमार मिश्र, सीआरओ नीता यादव, सचिव बीडीए गुलाब चंद्र, एसडीएम रुधौली आनंद श्रीनेत आदि उपस्थित रहे।

डीएम प्रियंका निरंजन ने कावड़ यात्रा में शांति व्यवस्था, यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राजेश कुमार प्रजापति को नोडल अधिकारी नामित किया है।

## भदेश्वरनाथ में लिया तैयारियों का जायजा

डीएम ने अधिकारियों संग भदेश्वरनाथ मंदिर पहुंचव्यवस्थाओं का जायजा लिया। दिए गए निर्देशों के क्रम में व्यवस्थाओं का सत्यापन किया। मंदिर के अंदर व मंदिर के चारों ओर भ्रमण करके सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कंट्रोल रूम, मेडिकल कैंप, पुलिस सहायता केंद्र, तथा अन्य सुविधाओं के केंद्र का निरीक्षण कर अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। एसडीएम सदर शैलेश दुबे, डिप्टी कलेक्टर सुधांशु, राजेश गिरी व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# शांतिभंग में तीन को किया पाबंद

बस्ती, निज संवाददाता। कलवारी पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में तीन लोगों को पाबंद किया है।

थानाध्यक्ष कलवारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शान्तिभंग की आशंका में मनोज कुमार पाण्डेय, अंकित पाण्डेय उर्फ पप्पू और श्याम नारायन निवासी भेंडवा थाना कलवारी जनपद को धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम सदर कोर्ट भेजा गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआई राहुल गुप्ता, कां. राजन कुमार व पंकज कुमार शामिल रहे।

# चार कोरोना संक्रमित मिले

बस्ती। ओपेक अस्पताल कैली की स्टॉफ नर्स सहित चार लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। महिला अस्पताल की जांच में दो महिला मरीज पॉजिटिव मिली हैं। अम्बेडकरनगर मेडिकल कॉलेज में हुई आरटीपीसीआर जांच में मेडिल कॉलेज का एलटी पॉजिटिव मिला है।

जिले में एक्टिव कोविड मरीजों की संख्या 30 हो गई है। कंट्रोल रूम से पॉजिटिव मिलने वालों से संपर्क किया जा रहा है।

लोगों ने बताया कि सर्दी-जुकाम से कोविड की जांच कराई थी, जबकि महिला अस्पताल में पॉजिटिव मिल रही महिला मरीजों में से अधिकांश में किसी तरह के लक्षण नहीं हैं। जिले में हडकंप बच गया है।

# दहेज के लिए महिला को किया प्रताड़ित

बस्ती। महिला थाने में तहरीर देकर निष्ठा श्रीवास्तव ने बताया है कि उनकी शादी ब्लॉक रोड बड़ेवन के अमन श्रीवास्तव संग हुई है। आरोप है ससुराल में दहेज में कार की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने पति अमन श्रीवास्तव, ससुर राकेश श्रीवास्तव, सास, ननद समेत पांच लोगों पर आईपीसी 498ए, 323, 504, 506 व 3/4 डीपी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# युवती संग छेड़खानी एफआईआर दर्ज

बस्ती। हर्रैया थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है 23 जुलाई को थाना क्षेत्र का भीम कुमार मौर्य उनके घर पर आया। 19 वर्षीय बेटी को अकेला पाकर छेड़खानी की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आईपीसी 354, 506 में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# चोरी की प्राचीन मूर्तियां बस्ती से बरामद, 4 दबोचे

बस्ती। पुरानी बस्ती थाना व एसओजी की संयुक्त टीम ने रविवार को चार शातिरों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर अष्टधातु की बेशकीमती प्राचीन मूर्तियां बरामद की हैं। मूर्तियां संतकबीरनगर के श्रीराधा पीठ गिरधरपुर देवरहा बाबा से चुराई गई थीं। आरोपी संतकबीरनगर, गोरखपुर व सुलतानपुर के रहने वाले हैं। ➤ब्योरा P 04

# कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

बस्ती। पैकोलिया व परसरामपुर पुलिस ने कच्ची शराब संग 3को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार पैकोलिया के पकड़ी जल्ली निवासी सूर्यभान व शिवकुमार को दस-दस लीटर अवैध कच्ची शराब संग पकड़ी जप्ती मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

# अष्टधातु की प्राचीन मूर्तियां बरामद, चार गिरफ्तार

**सफलता**

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले की पुरानी बस्ती थाना व एसओजी की संयुक्त टीम ने चार शातिरों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर अष्टधातु की बेशकीमती प्राचीन मूर्तियां बरामद की हैं। पुरानी बस्ती थाने पर एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने रविवार को खुलासा करते हुए बताया कि जुलाई 2021 में संतकबीरनगर के श्रीराधा पीठ गिरधरपुर देवरहा बाबा से इन मूर्तियों को चोरी कियाथा। एसपी ने गिरफ्तारी व बरामदगी की पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

एएसपी के अनुसार रविवार को मुखबिर से सूचना मिलीचार संदिग्ध व्यक्ति पुर्वी रेलवे क्रासिंग के पास कड़र मंदिर जाने वाले मोड़ पर बैठ कर चोरी की योजना बना रहे हैं। संयुक्त टीम मौके पर पहुंची तो संदिग्ध भागने लगे। चारों तरफ से घेरकर पकड़ लिया गया। इनकी पहचान चन्द्रमणि पासवान निवासी दरघाट थाना हरपुर बुदहट गोरखपुर, आनन्द पाठक निवासी खिरिया थाना महुली संतकबीरनगर, जनमेजय सिंह वर्मा उर्फ राजीव निवासी देवापार संतकबीरनगर और सूरज वर्मा निवासी भुवापुर थाना लम्भुआ सुल्तानपुर के रूप में हुई। इनके कब्जे से दो असलहा-कारतूस व चाकू बरामद किया गया।

आरोपी सूरज के पास से चाकू के अलावा प्लास्टिक के झोले में पीली धातु का गदा बरामद हुआ। इसके बारे में पुलिस ने पूछताछ की तो टालमटोल करने लगे। कड़ाई से जब पूछताछ की तो बताया कि यह गदा पीतल का है और इसे श्रीराधा पीठ गिरधरपुर देवरहा बाबा संतकबीरनगर के मंदिर से अपने अन्य साथियों के साथ मिल कर चुराया था। इसका प्रयोग शटर का ताला तोड़ने में करते थे। पुरानी बस्ती पुलिस ने जब संतकबीरनगर पुलिस से संपर्क साधा तो जुलाई 2021 में मंदिर में चोरी की घटना की पुष्टि हो गई।

श्रीराधा पीठ गिरधरपुर देवरहा बाबा मंदिर से सिंहासन का छत, दण्ड चवर, दोनों पादुका की चौकी, श्रीनारायण व हनुमान जी की बड़ी मूर्ति, राम दरबार व अन्य पूजा की सामग्री पात्र चोरी होने की बात सामने आई। जिसका मुकदमा खलीलाबाद कोतवाली में 25 जुलाई 2021 को दर्ज हुआ था।

इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जब अन्य चोरी की मूर्तियों के बारे में कड़ाई से शातिरों से पूछताछ शुरू की। आरोपितों की निशानदेही पर चोरी हुई अष्टधातु की बेशकीमती मूर्तियों को चैनपुरवा अण्डर पास के पास फोरलेन के किनारे झाड़ियों में बने एक गड्ढे से बरामद कर लिया गया।



पुरानी बस्ती थाने में अष्टधातु की बेशकीमती मूर्तियों की बरामदगी व चार आरोपितों की धरपकड़ की जानकारी देते एएसपी। साथ में सीओ सिटी, थानेदार व अन्य।

### टीम को 25 हजार का इनाम

बेशकीमती मूर्तियां बरामद करने वाली टीम में थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती आलोक कुमार श्रीवास्तव, एसओजी प्रभारी उमेश चन्द्र वर्मा, चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा जितेन्द्र सिंह, एसआई रमेश यादव, एसओजी के हेड कांस्टेबल मिथुन कुमार, विजय प्रकाश दीक्षित, दिलीप कुमार, रामसिंगार थाना, कांस्टेबल अभिषेक तिवारी, अजय यादव, विजय, थाने के कांस्टेबल नरेन्द्र प्रजापति व सत्येन्द्र कुमार शामिल रहे।

# वसूली करने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

## खनन अधिकारी बन करते थे वसूली, सिद्धार्थनगर के हैं पकड़े गए आरोपित उमेश व मनोज पासवान

**जासं.वाल्टरगंज, बस्ती :** फर्जी खनन अधिकारी बनकर वसूली करने वाले सिद्धार्थनगर के दो युवकों को ग्रामीणों की मदद से वाल्टरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रेस लिखे कार से चलने वाले इन दोनों युवकों के पास से खनन विभाग की फर्जी आईडी, प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के कई आईडी कार्ड बरामद किए गए हैं।

थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि खुद को खनन अधिकारी बताकर व फर्जी आईडी दिखाकर जेसीबी चालकों से पैसा वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार जालसाजों के खिलाफ बेलहरा निवासी आकाश सिंह की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।



वाल्टरगंज थाने में पकड़े गए ठग व बरामद कार तथा पुलिस टीम ● जागरण

पकड़े गए आरोपितों में उमेश निवासी ककरही, थाना जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थनगर और मनोज पासवान निवासी पकड़ी थाना चिल्हिया, सिद्धार्थनगर बताए गए। बेलहरा के आकाश सिंह का आरोप है कि गत चार जुलाई को दो लोग कार से आए और खुद को खनन अधिकारी बताते हुए डराने धमकाने लगे। गूगल पे के माध्यम से सात हजार रुपये ले लिए। पता चला कि इन दोनों ने कई जेसीबी वालों को फर्जी आईडी दिखाकर इसी तरह से एक लाख से अधिक की वसूली की है। जेसीबी संचालकों को फर्जी खनन अधिकारी होने का शक हो गया था। शुक्रवार की रात फिर से वसूली के लिए जालसाज कार से वाल्टरगंज पहुंचे तो जेसीबी संचालकों ने उनको बहेरिया चौराहे के पास घेरकर लिया। इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस को उनके पास से एक बैग मिला। तलाशी में खनन विभाग की दो आईडी, प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के आधा दर्जन पहचान पत्र, माइक, लैपटाप, विजटिंग कार्ड बरामद हुए।

# युवती से छेड़खानी व धमकी देने के मामले में मुकदमा

**जासं, बस्ती:** हर्रैया पुलिस ने युवती के साथ छेड़खानी करने व जानमाल की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के एक गांव के पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 23 जुलाई को इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला भीम कुमार मौर्य उनके घर पर आया। यहां उनकी 19 वर्षीय बेटी को अकेला पाकर उसके साथ छेड़खानी की। विरोध पर जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# गैंगस्टर में वांछित आरोपित असलहा के साथ गिरफ्तार

जासं, बानपुर, बस्ती : लालगंज पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित रंजीत निवासी मरवटिया थाना पुरानी बस्ती को रविवार को दशकोलवा बनकटा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से असलहा-कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, एसआई राजेश कुमार गुप्ता, रजनीश यादव, सत्यपाल यादव, स्वतंत्र पटेल शामिल रहे।

## तीन को किया पाबंद

जासं, बस्ती : कलवारी पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में तीन लोगों को पाबंद किया है। थानाध्यक्ष कलवारी प्रदीप सिंह ने बताया कि शांति भंग की आशंका में मनोज पांडेय, अंकित पांडेय उर्फ पप्पू और श्याम नारायन निवासी भेंडवा थाना कलवारी को पाबंद कर एसडीएम सदर कोर्ट भेजा गया है।

# कच्ची के साथ तीन गिरफ्तार

**जासं, बस्ती:** पैकोलिया व परशुरामपुर पुलिस ने कच्ची शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाक्षेत्र के पकड़ी जत्नी निवासी सूर्यभान और शिवकुमार को दस-दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ी जप्ती मोड़ से गिरफ्तार किया गया। वहीं परशुरामपुर पुलिस ने येरता से इसी थाने के करिगहना निवासी राजेन्द्र को दस लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



# पुरानी रंजिश को लेकर मारापीटा, मुकदमा

**जासं, बस्ती:** लालगंज पुलिस ने मारपीट करने व जानमाल की धमकी देने के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के कथरुआ निवासी शीला देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के राममूरत, सुरेन्द्र, जयराम और रामप्रकाश ने अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कांवड़ियों के लिए एंबुलेंस सेवा शुरू

## हियुवा के एंबुलेंस सेवा को एसपी ने केसरिया ध्वज दिखा किया रवाना

**जागरण संवाददाता,बस्ती:** कांवड़ भक्तों के सहायतार्थ हियुवा के एंबुलेंस सेवा को केसरिया ध्वज दिखाकर पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने रवाना किया। रविवार को जिला कार्यालय के सामने आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शशिभूषण सिंह ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि हियुवा प्रत्येक वर्ष कांवड़ मेला में दूर-दराज से आए शिव भक्तों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराती रही है। यह एंबुलेंस सेवा अयोध्या से लेकर भद्रेश्वरनाथ तक पैदल चल रहे कांवड़ियों को किसी भी तरह की परेशानी में मददगार साबित होगी।

कांवड़ियों के लिए निशुल्क दवाएं व चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेंद्र नाथ तिवारी ने कहा इससे कांवड़ियों को बहुत ही लाभ मिलेगा। हियुवा के जिला संयोजक बबलू निषाद , जय प्रकाश सिंह, राम दिनेश चौधरी, कन्हैया लाल , विनय सिंह , दुर्गेश भरतवंशी,विवेक श्रीवास्तव, राम कमल सिंह, अनिल कुमार, कुलदीप कुमार ,अरुण कुमार चौधरी,विजेंद्र कुमार, दीपक सिंह, आकाश सिंह, पं.देवेष्य मिश्र , दीपक कनौजिया, दिनेश शुक्ला, विपिन पाल,रविंद्र सिंह प्रधान, जितेंद्र राय, पंकज विश्वकर्मा,अरुन सोनकर,सोनू निषाद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



हियुवा के एंबुलेंस सेवा को रवाना करते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव साथ में जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेन्द्र नाथ तिवारी व हियुवा पदाधिकारी ● जागरण

# चोरी हुई अष्टधातु की मूर्तियां बरामद

## संत कबीरनगर के मंदिर से हुई थी चोरी

**जासं. पुरानी बस्ती:** पुरानी बस्ती पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर अष्टधातु की बेशकीमती प्राचीन मूर्तियां बरामद की हैं। रविवार को पुरानी बस्ती थाने पर एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया कि जुलाई 2021 में संत कबीरनगर के श्रीराधा पीठ गिरधरपुर देवरहा बाबा से इन मूर्तियों को चोरी किया गया था। एसपी ने गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

एएसपी के अनुसार रविवार को मुखबिर से मिली सूचना पर चार संदिग्ध व्यक्तियों को पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पास कड़र मंदिर जाने वाले मोड़ से पकड़ा गया। इनकी पहचान चन्द्रमणि पासवान निवासी दरघाट थाना हरपुरबुदहट जनपद गोरखपुर, आनंद पाठक निवासी खिरिया थाना महुली जनपद संत कबीरनगर, जनमेजय सिंह वर्मा उर्फ राजीव निवासी देवापार संत कबीरनगर और सूरज वर्मा निवासी भुवापुर थाना लम्भुआ सुल्तानपुर के रूप में हुई। दो असलहा-कारतूस व चाकू बरामद किया गया।

आरोपित सूरज के पास से चाकू के अलावा प्लास्टिक के झोले में पीली धातु का गदा बरामद हुआ। पुलिस ने पूछताछ की तो टालमटोल करने लगा। कड़ाई से जब पूछताछ की तो बताया कि यह गदा पीतल का है और इसे श्रीराधा पीठ गिरधरपुर देवरहा बाबा संत कबीरनगर के मंदिर से अपने अन्य साथियों के साथ मिल कर चुराया था। पुरानी बस्ती पुलिस ने जब संत कबीरनगर पुलिस से संपर्क साधा तो जुलाई 2021 में मंदिर में चोरी की घटना की पुष्टि हो गई।

इसका मुकदमा खलीलाबाद कोतवाली में 25 जुलाई 2021 को दर्ज हुआ था। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जब अन्य चोरी की मूर्तियों के बारे में पूछताछ शुरू की तो आरोपितों की निशानदेही पर चोरी हुई अष्टधातु की बेशकीमती मूर्तियों को चैनपुरवा अंडरपास के पास फोरलेन के किनारे झाड़ियों में बने एक गड्ढे से बरामद कर लिया गया।

**दो और चोरों की तलाश में जुटी पुलिस** : पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चैनपुरवा अंडरपास के पास से एक श्रीनारायण की बड़ी मूर्ति, श्रीहनुमान की मूर्ति, श्रीराम दरबार, एक गदा, एक पादुका की चौकी नक्काशीदार चद्दर लगा हुआ, आधा टुकड़ा बर्तन पीले व सफेद धातु का, 312 व 12 बोर के दो तमंचे, हथौड़ी, राड, चाकू बरामद किया है। चारों आरोपितों के अलावा विपुल, गोलू राय निवासी बिदयानी खलीलाबाद और सूरज राय निवासी बैडरवा थाना महुली संतकबीरनगर घटना में शामिल थे, जिनकी तलाश की जा रही है।



पुरानी बस्ती थाने मे बरामद अष्टधातु की मूर्ति के साथ आरोपित व पुलिस







पानी की फुहार पर थिरकते कांवड़िये • जागरण



नाचते-गाते कांवड़िये • जागरण



ट्राइसाइकिल से जलचढ़ाने निकला कांवड़ यात्री • जागरण

# फोरलेन पर गूंजे बोल बम के जयकारे,उमड़े बच्चे व महिल

## भद्रेश्वरनाथ धाम मंदिर में तेरस को श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक, म्यूजिक की धुन पर नाचते-गाते चल रहे कांवड़ियों में गजब का उ

**जागरण टीम,बस्ती:** फोरलेन पर चहुंओर कांवड़िया, बोल बम के गूंजते नारे। यह नजारा है फोरलेन का। कांवड़ियों का जत्था अयोध्या में सरयू नदी का जल लेने निकल पड़ा है। बड़े, बूढ़े हों या फिर महिलाएं और बच्चे। सभी में गजब का उत्साह है। पैदल, साइकिल और वाहन में सवार कांवड़ियां भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए चल रहे हैं। इनकी यात्रा में कोई व्यवधान न आने पाए, इसके लिए फोरलेन पर वाहनों का संचलन बंद कर दिया गया है तो दूसरी तरफ लिंक मार्ग भी खोल कर दिए गए हैं। यात्रा मार्ग पर पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है।

भद्रेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए निकले कांवड़ियों की सेवा के लिए जगह-जगह शिविर लगाए गए हैं। जहां उनके विश्राम करने से लेकर खाने पीने की पूरी व्यवस्था की गई है। हाईवे के होटल और ढाबे भी कांवड़ियों की सेवा में हैं। यात्रा मार्ग पर निश्शुल्क इलाज की भी व्यवस्था की गई है। कांवड़ियों के घायल होने पर त्वरित उपचार के लिए जगह-जगह एंबुलेंस लगाए गए हैं। डाक्टरों की टीम भी निरंतर सक्रिय है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पूरे दिन व्यवस्था जांचने का दिनभर दौड़ते रहे।

**लौटने लगा कांवड़ियों का जत्था : गौर,बस्ती:** कांवड़िये अयोध्या धाम से सरयू का जल लेकर लौटने लगे हैं। रविवार को जाने वालों की संख्या अधिक रही। बस्ती से अयोध्या तक 70 किमी फोरलेन पर सिर्फ कांवड़िया दिखाई दे रहे हैं। भद्रेश्वरनाथ, जगेश्वर नाथ, दुखहरन नाथ, रामेश्वरनाथ सहित शिव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे।



डीजे की धुन पर नाचते कांवड़िये • जागरण



कांवड़ियों का वस्त्र सिलने के लिए लगे कारीगर • जागरण



घघौआ में कांवड़ियों को माला पहनाकर किया गया स्वागत • जागरण

### घघौवा में कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**परशुरामपुर:** भद्रेश्वर नाथ धाम में तेरस पर्व पर मंगलवार को जलाभिषेक के लिए सरयू नदी का जल लेकर कांवड़ियों का जत्था रविवार को घघौवा पुलिस चौकी के सामने पहुंचा तो थानाध्यक्ष परशुरामपुर अरविंद कुमार शाही तथा चौकी प्रभारी घघौवा अजय कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पुलिस चौकी पर आयोजित भंडारे में तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रविवार को सुबह कांवड़ियों की सेवा के लिए भदोही, खलमसराय, पटाखापुर चौराहे पर लोगों ने स्टाल लगाकर हलवा पूड़ी, सब्जी के साथ ही पानी और चाय वितरित किए। कांवड़ यात्रा में शामिल शिवभक्तों की सेवा करने को आसपास के गांवों के युवा आतुर दिखे। गोंडा जिले की सीमा पर पुलिस सुरक्षा व रूट डायवर्जन को लेकर मुस्तैद रही। घघौवा पुलिस चौकी पर परशुरामपुर के थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। दोपहर में हरैया के तहसीलदार चंद्रमणि तिवारी घघौवा पुलिस चौकी पहुंचकर रूट डायवर्जन तथा कांवड़ यात्रा के बारे में जानकारी ली। पुलिस चौकी घघौवा में प्रसाद वितरण के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनन्त कृष्ण पांडेय के अलावा प्रधान महेश चौहान, बबलु प्रजापति, राजेश यादव, संजय उपाध्याय, राजाराम तिवारी, अरविन्द मिश्र, सरजु प्रसाद, बृजेंद्र उपाध्याय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### हाईवे पर कांवड़ियों का रेला, सेवा में जुटे शिविरार्थी

**हरैया :** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने के दूसरे दिन रविवार को सम्पूर्ण हाईवे शिव भक्तों से भरा रहा। कांवड़ि
सेवा के लिए तमाम संगठनों के लोग श्रद्धा भाव से जुटे हैं। रविवार की शाम तक यात्रा शांतिपूर्ण चली। प्रशासन भी पू
मुस्तैद रहा। इस बार पुलिस और कांवड़ यात्रियों में मित्रता का भाव दिखा। जनपद की सीमा घघौवा से लेकर कप्तान
तक के बीच लाखों की संख्या में कांवड़िया दिखाई दिए। हरैया थाने के समीप विधायक अजय द्वारा शिविर का आयो
कर शिव भक्तों को भोजन कराया गया और जरूरी दवाएं वितरित की गई। विधायक ने स्वयं भोजन परोसने के साथ
लोगों की मरहम पट्टी की। इस दौरान विक्रमजीत प्रमुख केके सिंह, प्रधान अर्जुन सिंह, ज्ञानविक्रम सिंह, रामललित
राजबहादुर, विनोद गुप्ता, राजु मौर्या सहित अन्य लोग मौजूद रहे। भदावल में तपसी धाम आश्रम के महंत जयशरण
ने शिविर लगा कर शिवभक्तों को हलुआ व चना वितरण किया। हरैया नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप
व्यापारियों के सहयोग से पुराने रोडवेज पर शिविर का आयोजन किया। जहां अमित गुप्ता, लाला सोनी, विकल सोनी,
सोनी, मनीष गुप्ता, मानिकराम मौजूद रहे। हरैया थाने पर विशाल नर्सिंग होम के डा हरिओम श्रीवास्तव ने शिवभक्तों
दवाएं वितरित की। महुघाट चौराहे पर अनिल गुप्ता, राकेश और डा.बब्लू ने शिवभक्तों को भोजन कराया। मुराडीह पुर
पर हरैया सीएचसी अधीक्षक डॉ बृजेश शुक्ल ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर कांवड़ियों की दवाएं व मरहम पट्टी की। च
टोल प्लाजा पर प्रबंधन बहुहिवराले ने जलपान कराया। ससारीपुर, महराजगंज व कप्तानगंज सहित सभी प्रमुख बा
चौराहों पर कांवड़ियों की सेवा में लोग लगे रहे।



सड़क पर उमड़ा कावड़ियों का रेला • जागरण



शिवलिंग लेकर निकला कांवड़ यात्री।



हरैया में कांवड़ यात्रियों को वस्त्र वितरित करते विधायक अजय सिंह

# कांवड़ यात्रा मार्ग की डीएम ने जांची सुविधाएं

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** श्रावण मास के तेरस पर मंगलवार को भद्रेश्वरनाथ धाम में कांवड़ियों के जलाभिषेक करने को तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिर परिसर के बाहर कांवड़ियों की भीड़ को रोकने के लिए बैरिकेडिंग और दुकानों को व्यवस्थित करने के साथ ही सफाई और प्रकाश की व्यवस्था की जा रही है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने रविवार को कावड़ यात्रा मार्ग के साथ ही मंदिर परिसर में सुविधाओं का जायजा लिया।



कांवड़ यात्रा मार्ग पर नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार • जागरण

इससे पहले वे अधिकारियों के साथ अमहटघाट, फुटहिया, कप्तानगंज के साथ ही अन्य स्थानों का भ्रमण किया। ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को हर वक्त मुस्तैद रहने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कांवड़ यात्रा में शांति व्यवस्था, यातायात एवं अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति को नोडल अधिकारी नामित किया है।

अमहट घाट पर उन्होंने नियमित सफाई के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया। कहा कि कूड़ा एकत्र कर गाड़ी से दूर ले जाया जाए, नियमित चूने का छिड़काव किया जाए तथा शाम के समय फागिंग भी कराई जाए। फुटहिया में जिलाधिकारी ने पुलिस बूथ, मेडिकल कैंप तथा खोया पाया केंद्र का भी निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि अमहटघाट स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास कांवड़ियों के बीमार और घायल होने पर त्वरित इलाज के लिए 24 घंटे मेडिकल कैम्प की सुविधा है। डा. सच्चिदानंद चौरसिया एवं उनकी टीम द्वारा अब तक 100 से अधिक कांवड़ियों को जांच कर परामर्श दिए गए। उनको पैरों में हुए घाव को ठीक करने के लिए दर्द निवारक दवाएं और ट्यूब दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से स्थापित मेडिकल कैम्प में सभी जरूरी व्यवस्था की गई है। आपात स्थिति में कैंप में तैनात चिकित्सक के मोबाइल 9452539333 पर संपर्क किया जा सकता है। डीएम ने अमहट घाट पर स्थापित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों को नियमित रूप से सूचनाएं प्रसारित करने का निर्देश दिया ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

अमहटघाट पर उन्होंने नियमित रूप से नाविक एवं गोताखोर तैनात रखने का भी निर्देश दिया है। निरीक्षण के समय उनके साथ अपर जिलाधिकारी अभय कुमार मिश्र, सीआरओ नीता यादव, सचिव बीडीए गुलाब चंद्र, एसडीएम रुधौली आनंद श्रीनेत एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



शिव वेष में निकला कांवड़िया • जागरण

## मंदिर परिसर का भी डीएम ने लिया जायजा

जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ भद्रेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रम में उन्होंने व्यवस्थाओं का सत्यापन किया। मंदिर के अंदर तथा मंदिर के चारों ओर भ्रमण करके सफाई व्यवस्था देखा। कंट्रोल रूम, मेडिकल कैंप, पुलिस सहायता केंद्र, तथा अन्य सुविधाओं के केंद्र का निरीक्षण कर अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। इस दौरान उनके साथ उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दुबे, डिप्टी कलेक्टर सुधांशु राजेश गिरी उपस्थित रहे।

**एसपी ने जांची सुरक्षा व्यवस्था:** कांवड़ यात्रा मार्ग के साथ ही भद्रेश्वरनाथ धाम परिसर में एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। एंटी सबोटाज टीम ने मंदिर परिसर का कोना-कोना जांचा। सबकुछ सही मिलने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

*********



भद्रेश्वरनाथ मंदिर में मेला तैयारियों का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक



अमहट घाट पर विश्राम करते कांवड़िये • जागरण



भद्रेश्वरनाथ मंदिर पर तैयारियों का जायजा लेतीं डीएम प्रियंका निरंजन



एंबुलेंस को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। संवाद

# कांवड़ियों के लिए एंबुलेंस अयोध्या भेजी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** प्रत्येक वर्षो की भांति कांवरिया भक्तों के लिए निशुल्क चिकित्सा सेवार्थ हिंदू युवा वाहिनी की तरफ से इस वर्ष भी एक एंबुलेंस जिला कार्यालय से रवाना किया गया। जिसको केसरिया ध्वज दिखाकर एसपी आशीष श्रीवास्तव ने रवाना किया।

हियुवा की तरफ से प्रत्येक वर्ष कांवड़ियों के लिए चलाया जाने वाला निशुल्क एंबुलेंस बस्ती से अयोध्या तक चलता है। इस वर्ष भी यह 26 जुलाई तक चलेगा। जिसमें कांवड़िया भक्तों के लिए निशुल्क दवाएं एवं अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। जिला संयोजक बबूल निषाद, जिलाध्यक्ष शशि भूषण सिंह, जय प्रकाश सिंह, राम दिनेश चौधरी, कन्हैया लाल , विनय सिंह, दुर्गेश भरतवंशी, विवेक श्रीवास्तव राम कमल सिंह, अनिल कुमार कुलदीप कुमार ऽजीवनऽ, अरुण कुमार चौधरी , विजेंद्र कुमार, दीपक सिंह, आकाश सिंह, सहकारी बैंक बस्ती के चेयरमैन राजेंद्र नाथ तिवारी, देवेश मिश्र, दीपक कनौजिया, दिनेश शुक्ला, विपिन पाल, रविंद्र सिंह प्रधान, जितेंद्र राय, पंकज विश्वकर्मा, अरुन सोनकर,सोनू निषाद, मन्दीप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खनन अधिकारी बनकर वसूली करने वाले दो गिरफ्तार

## वाल्टरगंज पुलिस ने लोगों की मदद से की धरपकड़, जेसीबी चालक को धमका कर गूगल-पे से करते थे वसूली

संवाद न्यूज एजेंसी

**वाल्टरगंज (बस्ती)।** फर्जी खनन अधिकारी बनकर जेसीबी मालिकों से वसूली करने वाले सिद्धार्थनगर के दो आरोपियों को वाल्टरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

दोनों प्रेस लिखी कार से चलते थे, जिसके अंदर खनन विभाग की फर्जी आईडी, प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के कई विजिटंग, लैपटाप व आईडी कार्ड, अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों अपने को खनन अधिकारी बताकर व फर्जी आईडी दिखाकर जेसीबी चालकों से पैसा वसूली करते थे।

### जाल बिछाकर जेसीबी वालों ने पकड़ा, मीडिया की कई आईडी भी बरामद

### सिद्धार्थनगर के रहने वाले हैं उमेश लोधी व मनोज पासवान

पुलिस ने वाल्टरगंज थाने के बेलहरा निवासी आकाश सिंह आदि की तहरीर पर आरोपी उमेश निवासी ककरही थाना जोगिया उदयपुर सिद्धार्थनगर और मनोज पासवान निवासी पकड़ी थाना चिन्हिया सिद्धार्थनगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

शनिवार शाम बहेरिया चौराहे पर नित राम चौधरी की खड़ी जेसीबी के पास दो युवक कार से उतर कर आए। अपने आपको खनन विभाग का अधिकारी बताते हुए जेसीबी मालिक से पैसे की मांग करने लगे। थोड़े ही समय में काफी लोग वहां इकट्ठा हो गए और शक होने पर दोनों को पकड़कर थाने ले आए।

पूछताछ में पता चला कि यह लोग दोनों लोगों से इस तरह की धोखाधड़ी कर चुके हैं। मामले में थाना क्षेत्र के बेलहरा निवासी आकाश सिंह, दरौली निवासी नितराम चौधरी, गोबरहिया निवासी राजेश कुमार, साड़ी हरनाम निवासी श्रीराम पांडेय, महुड़र निवासी राज कपूर , उसका गांव निवासी अरुण कुमार आदि ने थाने पर पहुंचकर आरोप लगाया कि चार जुलाई को यही दोनों लोग कार से आए और खुद को खनन अधिकारी बताते हुए डराया-धमकाया।

इसके बाद गूगल पे के माध्यम से सात हजार रुपये ले लिया। बाद में पता चला कि इन दोनों ने कई जेसीबी वालों को फर्जी आईडी दिखाकर इसी प्रकरण करीब एक लाख रुपये वसूल लिया है।

लिहाजा शनिवार शाम को दोनों आरोपी जब फिर से वाल्टरगंज पहुंचे तो जेसीबी मालिकों व चालकों ने दोनों को बहेरिया चौराहे के पास रोक लिया। इसके बाद सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उनके पास से एक बैग भी बरामद किया। दोनों को हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले आई।

तलाशी में खनन विभाग की दो आईडी, प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के आधा दर्जन पहचान पत्र, माइक, लैपटॉप, विजिटिंग कार्ड आदि सामान बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह, कांस्टेबल हरिशंकर और प्रभुनाथ शामिल रहे।

# अंतरजनपदीय मूर्ति चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** थाना पुरानी बस्ती की पुलिस व एसओजी टीम ने अंतरजनपदीय मूर्ति चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। रेलवे स्टेशन के पास से रविवार को गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से एक वर्ष पूर्व खलीलाबाद थाना क्षेत्र स्थित श्रीराधा पीठ गिरधरपुर देवरहा बाबा मंदिर से चोरी की गई श्रीनारायण व बजरंगबली की बड़ी मूर्ति, गदा, राम दरबार, चरण पादुका चौकी आदि बरामद हुई। वहीं दो तमंचा, कारतूस, चाकू, पेचकस व शटर तोड़ने का अन्य सामान भी बरामद किया गया।

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने पुरानी बस्ती थाने में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि रविवार सुबह मिली सूचना के आधार पर एसओ पुरानी बस्ती आलोक कुमार श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा जितेन्द्र सिंह, एसआई रमेश यादव, एसओजी प्रभारी उमेश चन्द्र वर्मा टीम के साथ पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पास कड़र मंदिर जाने वाले मोड़ पर दबिश देकर चार संदिग्धों को धर दबोचा जिनमें एक ने खुद को चंद्रमणि पासवान निवासी दरघाट थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर, दूसरे ने आनन्द पाठक निवासी खिरिया थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, तीसरे ने जनमेजय सिंह वर्मा उर्फ राजीव निवासी देवापार थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर और चौथे ने अपना नाम सूरज वर्मा निवासी भुवापुर थाना लंभुआ जनपद सुल्तानपुर बताया।

उन्होंने बताया कि गिरोह के पास से पीली धातु की वजनदार गदा बरामद हुई। पूछताछ करने पर उन चारों ने बताया कि इसे श्रीराधा पीठ गिरधर पुर देवरहा बाबा संतकबीरनगर के मंदिर से अपने अन्य साथियों के साथ मिल कर चुराए थे। गदा का प्रयोग ताला शटर तोड़कर चोरी करने में करते हैं।

पुलिस टीम ने इसकी कोतवाली खलीलाबाद से पूछताछ की तो पता चला कि जुलाई 2021 में वहां से सिंहासन का छत दंड चंवर, दो पादुका की चौकी, श्रीनारायण व हनुमान जी की बड़ी मूर्ति, राम दरबार, पूजा सामग्री व पात्र चोरी हुए थे। पकड़े गए आरोपियों ने अपने अन्य साथी विपुल राय व गोलू राय निवासी बिदयानी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, सूरज राय निवासी बैडरवा थाना महुली जनपद संतकबीरनगर का नाम बताया, जो श्रीराधा पीठ गिरधर पुर देवरहा बाबा मंदिर में चोरी करते समय साथ थे। इन तीनों की पुलिस को तलाश है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि चोरी किए गए सामान में से कुछ सामान बेचकर वे अपना खर्चा चलाए। बाकी सामान उनकी निशानदेही पर चैनपुरवा पुल के अंडर पास के पास हाईवे के किनारे एक गड्ढे व झाड़ियों से पुलिस ने बरामद किया। इस बड़ी चोरी की वारदात के पर्दाफाश के लिए पूरी टीम को एसपी की तरफ से 25 हजार रुपये पुरस्कारस्वरूप प्रदान किया गया है।



अंतरजनपदीय चोर गिरोह से बरामद की गई मूर्तियां। संवाद

## आपराधिक इतिहास

आनन्द पाठक पर थाना पुरानी बस्ती, कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, थाना कोतवाली गोरखपुर, थाना महुली संतकबीरनगर, थाना हरपुर बुदहट गोरखपुर में चोरी आदि के सात मुकदमे दर्ज हैं। जन्मेजय सिंह पर थाना पुरानी बस्ती, थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर। थाना कोतवाली बस्ती में कुल चार मुकदमे दर्ज हैं।



कलवारी चौराहे पर रूट डायवर्जन का निरीक्षण करते एसपी। संवाद

# डायवर्जन का एसपी ने लिया जायजा

**बस्ती/कलवारी।** कांवड़ मेले के लिए बंद किए गए बस्ती अयोध्या हाईवे के कारण लखनऊ से गोरखपुर जाने वाले वाहनों को आंबेडकरनगर होते हुए डायवर्ट किया गया है। रविवार को डायवर्जन की स्थिति का पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने मुआयना किया।

आंबेडकर नगर से आने वाले बड़े वाहनों को आंबेडकर नगर जनपद सीमा में ही रोकने के लिए एसओ अलीगंज को निर्देशित किया। अयोध्या न जा पाने वाले श्रद्धालु माझा खुर्द घाट से सरयू नदी का जल भर कर क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे। उनके लिए की गई व्यवस्था का भी उन्होंने निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने एसपी को बताया कि घाट पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए नाव व गोताखोर लगाए गए हैं। श्रद्धालु गहरे पानी में ना जाएं, इसके लिए रस्सी लगाकर बैरिकेडिंग की गई है। संवाद

# डीएम समेत आला अधिकारियों ने लिया कांवड़ मेले का जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** डीएम प्रियंका निरंजन ने रविवार को अधिकारियों के साथ भद्रेश्वरनाथ मंदिर से लेकर हाईवे तक पहुंच कर कांवड़ मेले का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अमहट घाट पर पहुंची डीएम ने नगर पालिका के अधिकारियों को नियमित सफाई करने का निर्देश दिया। कहा कि कूड़ा एकत्र कर गाड़ी से दूर ले जाया जाए और नियमित चूना का छिड़काव व शाम को फागिंग जरूर कराई जाए। अमहटघाट स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास कांवड़ियों की समुचित चिकित्सा व्यवस्था के लिए 24 घंटे के लिए स्थापित मेडिकल कैंप का निरीक्षण किया। जहां डॉ. सचिदानंद चौरसिया व उनकी मेडिकल टीम ने अब तक सौ से अधिक कांवड़ियों का इलाज किया है। यहां के मोबाइल नंबर 9452539333 को सार्वजनिक किया गया है।



भदेश्वर नाथ मंदिर का डीएम ने किया निरीक्षण। संवाद

## भद्रेश्वरनाथ मंदिर से लेकर हाईवे तक का अधिकारियों ने जाना हाल

डीएम ने अमहटघाट पर स्थापित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और नियमित रूप से सूचनाएं प्रसारित करने का निर्देश दिया ताकि कावड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अमहटघाट पर उन्होंने नियमित रूप से नाविक व गोताखोर तैनात रखने का भी निर्देश दिया है। इस मौके पर एडीएम अभय कुमार मिश्र, सीआरओ नीता यादव, सचिव बीडीए गुलाब चंद्र, एसडीएम रुधौली आनंद श्रीनेत व अन्य अधिकारी मौजूद थे। इसके बाद डीएम ने भद्रेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया।

पहले दिए गए निर्देशों का सत्यापन किया और मंदिर के चारो ओर की सफाई व्यवस्था परखी। इस मौके पर एसडीएम सदर शैलेश दुबे व डिप्टी कलेक्टर सुधांशु राजेश गिरी आदि मौजूद रहे। डीएम ने मेला व अन्य व्यवस्थाओं के लिए सीडीओ को नोडल नामित किया है।

# कांवड़ यात्रा : मार्ग परिवर्तन से 13 हजार रोडवेज यात्री प्रभावित

## बढ़ गई 70 किमी दूरी व बस यात्रियों को देना पड़ रहा अधिक किराया

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** कांवड़ यात्रा के कारण रोडवेज बसों का भी रूट बदल गया है। इसके चलते 13 हजार लोगों की यात्रा प्रभावित हो गई है।

लखनऊ तक की पांच घंटे की यात्रा अब आठ से दस घंटे में पूरी की जा रही है। यात्रियों को भी अधिक भाड़े का भुगतान करना पड़ रहा है।

जिले से हाईवे पर यात्रा ठप हो गई है। लिहाजा परिवहन निगम की बसों को डुमरियागंज के रास्ते भेजा जा रहा है। जिले से जहां लखनऊ, कानपुर व दिल्ली के लिए रोजाना 20 बसें रवाना होती थीं, वहीं रविवार को इनकी संख्या आधी होकर 10 पर ही सिमट गई।

रूट डायवर्जन के कारण डिपो से लखनऊ जाने के लिए बसें डुमरियागंज, उतरौला, जरवल रोड व बाराबंकी होकर निकल रही हैं। आम दिनों में बसें महज 236 किमी दूरी तय कर लखनऊ पहुंच जाती थीं। इन दिनों इन बसों को जरवल रोड होकर जाने में 311 किमी दूरी तय करनी पड़ रही है। यही नहीं किराया पहले जहां 294 रुपये देना पड़ता था, वहीं अब 365 रुपये देकर यात्रा करना पड़ रहा है।

वापसी में इन बसों को फैजाबाद के पहले ही टांडा रोड पर डायवर्ट कर दिया जा रहा है। लिहाजा बसें जब टांडा होकर कलवारी चौराहे पर पहुंच रही हैं तो उन्हें सीधे बस्ती न भेजकर संतकबीरनगर के धनघटा की तरफ मोड़ दिया जा रहा है।

धनघटा से जब बसें खलीलाबाद पहुंच रही हैं तो उन्हें वहीं से नंदौर, मेहदावल व बांसी होकर बस्ती पहुंचने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।



रोडवेज स्टेशन परिसर में खड़ी बसें। संवाद

### चालकों-परिचालकों ने सुनाई पीड़ा

दिल्ली से बस लेकर वापस लौटे चालक आदिल अहमद, विनोद सिंह, जयप्रकाश व राम दीन ने बताया कि फैजाबाद पहुंचने के बाद बस को पुलिस प्रशासन ने आंबेडकरनगर रोड पर भेज दिया। किसी तरह से कलवारी पहुंचे तो वहां से धनघटा होकर नंदौर व मेहदावल के रास्ते बस्ती पहुंचे हैं। हम लोगों ने बहुत प्रयास किया कि किसी शार्टकट रास्ते से बस्ती पहुंच जाएं लेकिन हर मोड़ पर पुलिस तैनात मिली। मजबूर होकर 70 किमी अधिक चलना पड़ा और समय से चार घंटे अधिक भी लग गए। वहीं इन चालकों के साथ गए परिचालक अवनीश पांडेय, अमर बहादुर सिंह, राम सागर गुप्ता, मनीष पांडेय व बृजेश कुमार ने बताया कि यात्री भाड़ा व समय को लेकर आक्रोशित होते रहे। किसी तरह से विवाद से बचते हुए हम लोग वापस लौटे हैं।

### बोले एआरएम

डिपो के एआरएम सर्वजीत वर्मा ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर बसों का संचालन प्रभावित हुआ है। हाईवे पर यात्रा ठप होने से बसों का संचालन थम सा गया है, मगर कुछ बसें स्थानीय स्तर पर भेजी जा रही हैं। अन्य डिपो की दो तीन बसें ही आ पा रही हैं। इस नाते यात्रा प्रभावित है। मेला के बाद व्यवस्था पटरी पर आ जाएगी।

### यात्रियों ने सुनाया दर्द

दिल्ली से लौटे यात्री राम सुमेर चौधरी, नंदलाल व शिवमूर्ति ने बताया कि लखनऊ तक तो कोई परेशानी नहीं हुई। सोचे थे कि महज छह घंटे में बस्ती पहुंच जाएंगे लेकिन यहां तक पहुंचने में कुल 13 घंटे अधिक लग गए। घर से लोगों का फोन बार-बार आ रहा है। अब यहां से अपने घरों को जाने के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। हमें ग्रामीण क्षेत्रों में जाना है।

### शनिवार रात से यात्रियों के आवागमन पर असर

जिले से परिवहन निगम हर दिन गोरखपुर की ओर करीब 40 बसें जाती हैं, जबकि इतनी ही बस अन्य डिपो की इसी रास्ते जाती हैं। इसी प्रकार लखनऊ की ओर बीस बसों को लगाया गया है, मगर शनिवार रात से हाईवे बंद हो जाने के कारण गोरखपुर व लखनऊ की जाने वाले करीब 13 हजार यात्रियों की यात्रा प्रभावित हो गई है। इसके चलते रोडवेज की आय भी प्रभावित है।

# बम भोले की गूंज के साथ आज शिवालयों में उमड़ेंगे लोग

## भद्रेश्वरनाथ समेत जनपद के 56 शिव मंदिरों में भक्त करेंगे जलाभिषेक, दो बजे रात को खुल गए पट

सावन सोमवार
अमर उजाला विशेष

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर आज भद्रेश्वरनाथ सहित जिले के 56 प्रमुख मंदिरों में शिवभक्त महादेव का जलाभिषेक करेंगे। वहीं, दो बजे रात को पट खोल दिए गए।

मंगलवार को भी तेरस के कारण शिवालयों में जलाभिषेक होगा लिहाजा प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

पुलिस व प्रशासनिक अमलों ने मंदिरों पर सुरक्षा और अन्य इंतजाम करने में पूरी ताकत झोंक रखा है। खासकर भद्रेश्वरनाथ मंदिर के इर्द गिर्द ज्यादा गहमागहमी है। भारी पुलिस बल के साथ पुलिस अधिकारी व मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए भद्रेश्वरनाथ मंदिर से डारीडीहा मार्ग पर करीब एक किलोमीटर लंबी जिक जैक बैरिकेडिंग की गई है। अराजकतत्वों पर निगरानी के लिए मंदिर के आसपास 10 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

भद्रेश्वरनाथ मंदिर, अमहटघाट तथा हर्रैया तहसील में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जहां पर पुलिस, राजस्व, चिकित्सा एवं विद्युत निगम के कर्मचारी तैनात किए गए हैं। भद्रेश्वरनाथ मंदिर के अंदर मार्बल पर फिसलन को देखते हुए मैट बिछाई गई है। अस्थायी शौचालयों का निर्माण भी कराया गया है। उधर, तेरस पर कांवड़ियों के जलाभिषेक को लेकर गहमागहमी लगातार बढ़ती जा रही है। प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार करीब दो लाख कांवड़िए जिला मुख्यालय के आसपास पहुंच चुके हैं। अमहट घाट के लेकर भद्रेश्वरनाथ मंदिर तक बने हुए विश्राम स्थलों, खाली स्थानों आदि पर आराम कर रहे हैं। डीआईजी आरके भारद्वाज, डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी लगातार भ्रमण कर व्यवस्था की निगरानी में जुटे हैं।



भद्रेश्वर नाथ मंदिर जाने वाले रास्ते पर लगा बैरियर। संवाद



डीजे लेकर अयोध्या जल भरने जाते कांवड़ियां। संवाद



अयोध्या से सरयू का जल लेकर आता दिव्यांग कांवड़िया। संवाद



मुखौटा पहनकर जाता कांवड़िया। संवाद

### बोलबम के जयकारे व केसरिया रंग से पटा हाईवे

**हर्रैया।** अयोध्या से पवित्र सरयू नदी का जल भरकर भद्रेश्वरनाथ अपने आराध्य शिव के जलाभिषेक के लिए निकले कावड़ियों के हुजूम से हाईवे केसरिया रंग में रंग गया। नाचते गाते कावड़ियों के बोलबम के जयकारे से समूचा कस्बा शिवमय हो गया है। मंगलवार को जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों का जत्था निकल चुका है। कस्बे में थाना परिसर, बीआरसी, नेशनल स्कूल, डाक बंगला, तहसील परिसर सहित अन्य दर्जन भर स्थानों पर बनाए गए विश्राम स्थलो पर हजारों की संख्या में पहुंचे कांवड़िए आधी यात्रा पूरी कर आराम कर रहे हैं। इनकी सेवा के लिए हाईवे के कस्बों में समाज सेवियों ने भंडारा शुरू कर दिया है। शिव भक्तों के लिए हलुआ पूड़ी सब्जी, फल, मीठा चावल छोला सहित शीतल पेय के साथ दवा व ठंडे तेल आदि की व्यवस्था की गई है। कई स्थानों पर कावड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर पालिका व राजस्व कर्मियों के साथ पंचायत व विकास विभाग के कर्मियों को कावड़ियों की सेवा में लगाया गया है। नर्सिंग होम की तरफ से थाना परिसर में मेडिकल कैंप लगाकर मुफ्त इलाज चिकित्सक हरिओम श्रीवास्तव की टीम कर रही है। किसी भी तरह की समस्या से निपटने के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की निगरानी में कंट्रोल रूम स्थापित कर नजर रखी जा रही है। सभी मोड़ व चौराहों पर पुलिस मुस्तैद है। संवाद

### कांवड़ियों में डीजे बजाने का मुकाबला

**महराजगंज।** हाईवे पर रविवार कावड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क नजर आया। संसारीपुर, रजौली, खैरी ओझा, महराजगंज पुलिस चौकी, पिकौरा सानी, कप्तानगंज ब्लॉक, पशु अस्पताल, वन विभाग कार्यालय, इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज खजुहा, गौरा, गड़हा गौतम, दुधौरा, तिलकपुर सहित जगह पर कांवड़ियों के आराम करने के लिए कैम्पस में व्यवस्था की गई है। कांवड़ियों की जगह- जगह पर डीजे प्रतियोगिता भी चलती रही जिसे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ जुटी रही। कई संगठनों की तरफ से जलपान और दवा वितरण भी किया गया। कांवड़ियों ने कार्टून का भी रोचक प्रदर्शन किया। संवाद

### घघौवा में कांवड़ियों का माला पहना कर किया स्वागत

**विक्रमजोत।** अयोध्या से सरयू नदी का जल भरकर भद्रेश्वरनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहे शिव भक्तों पर रविवार को घघौवा पुलिस चौकी पर थानाध्यक्ष परशुरामपुर अरविंद कुमार शाही तथा चौकी प्रभारी घघौवा अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। पुलिस चौकी पर आयोजित भंडारे में तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।रविवार को सुबह से ही कांवड़ियों का जत्था भद्रेश्वरनाथ शिव मंदिर के लिए भारी संख्या में जिले की सीमा घाघरा से निकलना प्रारम्भ हुआ। पुलिस चौकी के अलावा भदोई, खतमसराय, पटाखापुर चौराहे पर लोगों ने जलपान के अलावा हलवा पूड़ी, पूड़ी सब्जी तथा अन्य कई प्रकार के नाश्ते का शिव भक्तों के लिए स्टाल लगा रखा है। जगह जगह कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जलपान में प्रसाद वितरण की व्यवस्था ग्रामीणों की तरफ से की गई है। गोंडा जिले की सीमा से लेकर पुलिस सुरक्षा व रूट डायवर्जन को लेकर मुस्तैद रही। घघौवा पुलिस चौकी पर परशुरामपुर के थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। दोपहर में हर्रैया के तहसीलदार इंद्रमणि तिवारी घघौवा पुलिस चौकी पहुंचकर रूट डायवर्जन तथा कांवड़ यात्रा के बारे में जानकारी ली। पुलिस चौकी घघौवा में प्रसाद वितरण के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनंत कृष्ण पांडेय के अलावा प्रधान महेश चौहान, बबलू प्रजापति, राजेश यादव, संजय उपाध्याय, राजाराम तिवारी, अरविन्द मिश्र, सरजू प्रसाद यादव, बृजेंद्र उपाध्याय समेत तमाम लोग कावड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कराने में शामिल रहे। संवाद

### कांवड़ियों का होगा रजिस्ट्रेशन, कराया जाएगा बीमा : विधायक

**हर्रैया।** आगामी वर्षों में वैष्णो देवी व अमरनाथ यात्रा की तरह अयोध्या से भद्रेश्वरनाथ जलाभिषेक के लिए जाने वाले कांवड़ियों का रजिस्ट्रेशन व बीमा कराया जाएगा। यह बात कांवड़ यात्रा में शामिल शिव भक्तों की सेवा करने भंडारे में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक अजय कुमार सिंह ने कही। पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रति वर्ष लाखों श्रद्धालु सरयू नदी में स्नान के उपरांत नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। वहां से कांवड़ लेकर लगभग 70 किमी पैदल चलकर पौराणिक भदेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते है। तीन दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक महोत्सव में आसपास के जिलों के अलावा क्षेत्र के दूर दराज के गांवों के श्रद्धालु शामिल होते हैं। विधायक ने कहा कि इतने बड़े धार्मिक यात्रा को सुगम बनाने के लिए शिव भक्तों का रजिस्ट्रेशन कराने का अनुरोध वह मुख्यमंत्री से करेंगे। कहा कि रजिस्ट्रेशन होने के बाद कावड़ यात्रियों का अमरनाथ व वैष्णो देवी यात्रा की तरह बीमा भी कराया जाएगा। विधायक ने बताया कि हर्रैया क्षेत्र में पड़ने वाले सभी धार्मिक व पौराणिक स्थलों के विकास के लिए पर्यटन विभाग से कई योजनाओं को स्वीकृति मिल गई है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2022

# सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं मोहर्रम

शोहरतगढ़ (एसएनबी)। थाना सभागार में उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव अध्यक्षता में आगामी त्यौहार मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें पर्व को परामपरागत तरीके से शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा आगामी त्योहार मोहर्रम के अवसर पर किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पर्व के दौरान अराजकता फैलाकरं शांति बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के मामले में क्षेत्र की अच्छी पहचान है।जिसे कायम रखने के लिए लोग पुलिस का सहयोग करें। शोसल मीडिया पर भडकाऊपोस्ट डालने से बचे। अगर ऐसा कोई कार्य करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



शोहरतगढ़ थाना सभागार में पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम व सीओ

सीओ राणा महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा त्योहार आपसी तालमेल व शान्ति पूर्ण तरीके से मनाए। मोहर्रम का जुलूस निर्धारित रुट पर निकाला जाएगा।सभी लोग मकानों के छतों पर रखे ईट पत्थर हटा लें। अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। जो भी कानून के खिलाफ काम करेगा पुलिस उससे शख्ती से निपटेगी। इस दौरान कोटिया चौकी इंचार्ज रामाकांत सरोज, खुनुवा चौकी इंचार्ज महेंद्र चौहान, एसआई रामा प्रसाद यादव, रविकान्त मणि त्रिपाठी, मुस्लिम नेता अलताफ, अभय सिंह, रमेश मणि त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय, कौशल किशोर, राणा सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

# मो. खालिद हुए सम्मानित

डिड़ई (एसएनबी)। थाना शिवनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मसिना खास के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद खालिद को एएसपी सुरेश चन्द्र रावत ने गांव की सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरा लगवाने पर अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

थानाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार राय व पुलिस लाव लश्कर के साथ मसिना खास गांव के चौराहे पर पहुंचे एएसपी सुरेश चन्द्र रावत ने गांव के लोगों को भय मुक्त रहने का आश्वासन दिया। चौराहे के बगल स्थित पंचायत भवन पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा को देख प्रधान प्रतिनिधि की प्रसंशा किया। चौराहे पर लगाए गए अन्य चार कैमरों की जानकारी होने पर उन्होंने शाबाशी दी। इस दौरान एएसपी ने कहा कि आपरेशन त्रिनत्र अभियान के तहत गांव में ऐसी सुढ व्यवस्था देख कर बहुत खुशी हुई। इसी तर्ज पर यदि प्रत्येक ग्राम पंचायतों द्वारा प्रमुखता से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं तो अपराध नियंत्रण में आसानी होगी। एएसपी ने प्रधान प्रतिनिधि का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र प्रदान किया।



प्रधान द्वारा गांव में किए गए इस अभिनाव प्रयोग से एसपी व एडीजी को भी अवगत कराया। इस दौरान गांव के चौकीदार सहित अन्य पुलिस अधिकारी व बडी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# एसपी ने ग्राम-प्रहरियों में वितरण की सामग्री

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने रविवार को पुलिस लाइन में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त ग्राम प्रहरी को आवश्यक सामग्री वितरण किया। पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रहरियों को लाल साफा, खाकी कोट, ऊनी जर्सी, धोती, बेल्ट क्लस्प, चमड़ी की पेटी एवं मुण्डा जूता आदि प्रदान किया गया। उन्होंने ग्राम प्रहरियों से अपील करते हुए कहा कि अपराध को रोकने में ग्राम प्रहरियों की महत्वपूर्ण भूमिका है,उन्होंने अपील किया कि श्रावण मास व आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करे,अगर कही किसी भी प्रकार की कोई समस्या है, इसकी सूचना तत्काल अपने सबन्धित थाना व उन्हें उपलब्ध कराए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत, सीओ बासी देवी गुलाम आदि उपस्थित रहे।



ग्राम प्रहरियों में आवश्यक सामग्री वितरण करते एसपी

# वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** मोहाना थाना की पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं,पकड़े गए अभियुक्त का नाम फैय्याज पुत्र रफ्तुल्लाह है ।वह मोहाना थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव का निवासी है। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध मोहाना थाना पर मुकदमा अपराध संख्या 657/2021 धारा 419, 420, 467, 468 व 471 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज है ।पकड़ा गया अभियुक्त फरार चल रहक था।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सैय्यद वसी हैदर जैदी व हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार शामिल रहे।

# ग्राम प्रहरियों के साथ सुरक्षा पर चर्चा किया

**बानगंगा (एसएनबी)**। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर अमित कुमार आनंद के आदेश के क्रम मे पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ राणा महेंद्र प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ जय प्रकाश दूबे के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक रमाकान्त यादव द्वारा रविवार को ग्राम पंचायत परसोहिया नानकार के ग्राम प्रहरी सन्तोष पासवान के घर पर पहुँचकर उनके वार्ता किया गया तथा उनकी समस्याओ को सुना गया । मौके पर ग्राम पंचायत नीबी सुराहा के ग्राम प्रहरी बाल किशोर ग्राम प्रहरी चन्द्रपाल व मुस्तफा आदि मौजूद रहे। **खेसरहा प्रतिनिधि** के अनुसार पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के आदेश व अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत के निर्देशन में जनपद भर में चलाए जा रहे अभियान प्रहरियों के साथ चाय पर चर्चा के क्रम में क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण में खेसरहा थाना प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सिंह व थाने के अन्य अधिकारियों ने रविवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न गावों में प्रहरियों के घर जाकर चाय पी गई! प्रहरियों के साथ चाय पीने के दौरान उनकी कुशल क्षेम पूंछने के पश्चात क्षेत्र के कुशलक्षेम पर चर्चा की गई। उस दौरान गाँव की समस्याओं व गाँव में हो रही आपराधिक गतिविधियों के बावत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।

# अशांति फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। शोहरतगढ़ थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। इसमें त्योहार को लेकर धर्म गुरुओं व अन्य से बातचीत कर शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई। एसडीएम ने कहा कि त्योहार में अशांति फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम ने कहा कि आगामी त्योहार मोहर्रम के अवसर पर किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पर्व के दौरान हुड़दंग मचाकर शांति बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के मामले में क्षेत्र



शोहरतगढ़ थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई।

की अच्छी पहचान है जिसे कायम रखने के लिए पुलिस का सहयोग करें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने से बचें। अगर ऐसा कोई कार्य करता है तो उसे किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। सीओ राणा महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा त्योहार आपसी तालमेल व शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। मोहर्रम जुलूस मुख्य मार्ग पर नहीं निकाली जाएगी। निर्धारित रूट पर जुलूस निकाला जाएगा। मकानों की छत पर रखे ईंट पत्थर हटा लें। अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। जो भी नियम के विरुद्ध जाएगा उससे पुलिस शख्ती से पेश आएगी। इस दौरान एसआई रामाकांत सरोज, महेंद्र चौहान, रामा प्रसाद यादव, रविकान्त मणि त्रिपाठी, अलताफ़, अभय सिंह, रमेश मणि त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, कौशल किशोर, राणा सिंह आदि मौजूद रहे।

# 28 वाहनों का चालान किया

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस ने रविवार को सनई तिराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा आदि स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कागजात में खामियां मिलने, यातायात नियमों का पालन न करने के आरोप में 28 वाहनों का चालान कर दिया।

# एसपी ने ग्राम प्रहरियों को दी जरूरी सामग्री

सिद्धार्थनगर। एसपी अमित कुमार आनंद ने रविवार को पुलिस लाइंस में जिले के थानों पर नियुक्त सभी ग्राम प्रहरियों को जरूरी सामग्रियां लाल साफा, खाकी कोट, ऊनी जर्सी, धोती, बेल्ट, चमड़ी की पेटी व जूता आदि प्रदान किया।

उन्होंने ग्राम प्रहिरयों से गांव से संबंधित सूचनाओं, श्रावण मास व आगामी त्योहारों को देखते हुए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिया। इस अवसर पर एएसपी सुरेश चन्द्र रावत, सीओ देवी गुलाम आदि मौजूद रहे।

# त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने में करें सहयोग

गोल्हौरा। आगामी त्योहारों को देखते हुए गोल्हौरा थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि त्योहार को शांति पूर्व मनाते हुए संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करें।

त्योहार आपसी प्रेम भाव का है। मोहर्रम का जुलूस तय मार्ग से शांति पूर्वक संपंन हो, कमेटी इसका बंदोबस्त कर ले। पुलिस के मदद की जहां जरूरत हो तत्काल सूचित करें। कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी। इस दौरान एसआई राजाराम यादव, शिवकुमार, एहतशामुद्दीन, नफीस अहमद, शैलेंद्र चौधरी, रामपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# चाय पर चौकीदारों से की समस्याओं पर चर्चा

शोहरतगढ़ : रविवार को सीओ राणा महेंद्र प्रताप सिंह व एसओ जय प्रकाश दुबे ने परसोहिया नानकार में ग्राम प्रहरी संतोष पासवान के घर पहुंच कर चाय पर चर्चा किया। उनकी समस्याओं को सुना। छोटे अपराध बड़े न हो जाएं, इसमें चौकीदारों की भूमिका अहम होती है। किसी भी विवाद की पहली सूचना पुलिस तक यही पहुंचाते हैं। पुलिस अधिकारियों ने उनसे हालचाल पूछा। चाय पीते हुए क्षेत्र की तमाम गतिविधियों के विषय में जानकारी हासिल की। कहा कि आप पुलिस विभाग के सबसे अभिन्न अंग हो। आपका उत्साह व स्वाभिमान बना रहे, इसके लिए पूरा पुलिस विभाग आपके हर समय साथ है। कहीं कोई समस्या पारिवारिक व सामाजिक आती है तो अवगत कराएं। नीबीसुराहा के ग्राम प्रहरी बाल किशोर, ग्राम कोमर के ग्राम प्रहरी चन्द्रपालआदि मौजूद रहे ।

(जासं)

# सुरक्षा के बारे में जागरूक की गईं महिलाएं

- इटवा पुलिस ने कस्बे में आयोजित किया मिशन शक्ति अभियान
- हेल्पलाइन के बारे में ग्रामीण महिलाओं को दी गई जरूरी जानकारी

**जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर** : रविवार को इटवा कस्बे में शिक्षा और सुरक्षा विषय पर ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया गया। हेल्पलाइन के बारे में जानकारी देते हुए विषम परिस्थिति में पुलिस की मदद लेने के लिए आह्वान किया गया।

महिला बीट पुलिस अधिकारी अंजली यादव ने कहा कि जागरूकता के अभाव में बहुत सारी महिलाएं जहां शिक्षा से दूर रहती हैं। अपनी बच्चियों को अच्छी शिक्षा नहीं दिला पाती हैं, वहीं कानून के बारे में जानकारी न होने से उत्पीड़न की जैसी घटनाएं सहन करती हैं। इस दिशा में सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। अपनी बच्चियों को शिक्षा अवश्य दिलाएं। सुरक्षा विषय के बारे में भी जागरूक करें। जिससे किसी अपरिहार्य स्थिति में उन्हें डर का सामना न करना पड़े। महिला आरक्षी प्रभा वर्मा ने कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं की अनदेखी न करें, इसे अपने घर में साझा करें, जरूरत पड़ने पर पुलिस की सहायता लें, इससे अपराध पर अंकुश लगेगा। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1076, 112, 1098 आदि हेल्प लाइन नंबरों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सितारा देवी, हबीबुन्निसां, ताहिरा, रोशनी आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।



इटवा में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को सुरक्षा के संबंधित जानकारी देती महिला डेस्क अधिकारी अंजली यादव ● जागरण

# उत्कृष्ट कार्य पर एएसपी ने प्रधान को किया सम्मानित

**जासं, सिद्धार्थनगर**: शिवनगर थाना डिड़ई क्षेत्र के ग्राम पंचायत मसिना खास के प्रधान प्रतिनिधि को एएसपी सुरेश चंद्र रावत एवं डिड़ई थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार राय ने सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान ग्राम पंचायत में कराए गए उत्कृष्ट कार्य पर मिला। एसएसपी डिड़ई थानाध्यक्ष के साथ मसिनाखास गांव पहुंचे। मौजूद लोगों से वार्ता किया। उन्हें भयमुक्त रहने व शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की। एएसपी ने कहा कि इसके लगे होने से अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। कहा कि आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत यह व्यवस्था बढ़ियां है। सभी गांवों में इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए।



मसिना खास में हाजी मो .खालिद को सम्मानित करते एएसपी सुरेश चंद्र रावत (दाएं) ● जागरण

# छह वर्ष बाद मिली ड्रेस तो खुश हुए ग्राम प्रहरी

- सभी चौकीदारों को थाने के ग्रुप से जोड़ा थाना प्रभारी
- गांवों में अपराध रोकने में प्रहरियों की भूमिका सराहनीय

**जासं, सिद्धार्थनगर**: ग्राम प्रहरियों को छह वर्ष बाद रविवार को पुलिस लाइन सभागार में ड्रेस का वितरण किया गया है। ड्रेस पाकर प्रहरी खुश नजर आए। एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने अपने हाथों सभी को ड्रेस उपलब्ध कराया। एसपी ने कहा कि सभी चौकीदारों को थाने के वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा जाएगा। गांवों में अपराध रोकने में प्रहरियों की भूमिका सराहनीय है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर उनसे सीधे मिलें।

एसपी आनंद ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस के आंख-कान हैं। उन्होंने कहा कि इनका उपयोग अपराधों में अंकुश लगाने में सभी थाना प्रभारी करें। इनकी मदद से बड़े से बड़े अपराधों पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। एएसपी रावत ने कहा कि विभाग की ओर से सभी गांवों में प्रहरियों के साथ चाय पर चर्चा की जा रही है। ऐसा करने से न सिर्फ उनकी समस्याओं की जानकारी मिल रही है, बल्कि गांवों में अपराधियों के बारे में जानकारी उपलब्ध हो रही है। सीओ बांसी देवी गुलाम, एसओ सदर तहसीलदार सिंह, ग्राम प्रहरी रमेश कुमार, गोरखलाल, विपत आदि मौजूद रहे।

**यह मिला सामान**: पुलिस अधिकारियों ने ग्राम प्रहरियों को लाल साफा, खाकी कोट, ऊनी जर्सी, धोती, बेल्ट कलस्प, पेटी, जूता उपलब्ध कराया।



पुलिस लाइन में ड्रेस वितरण के बाद एसपी अमित कुमार आनंद, सीओ बांसी शिव गुलाम के साथ ग्राम प्रहरी ● जागरण

# चौकीदारों के घर पहुंचे पुलिस अधिकारी, की चर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी

शोहरतगढ़। प्रदेश सरकार की पहल पर पुलिस अधिकारी ग्राम प्रहरियों के घर चाय पर चर्चा के लिए पहुंचने लगे हैं।

रविवार को सीओ राणा महेंद्र प्रताप की अगुवाई में पुलिस टीम ग्राम परसोहिया नानकार के ग्राम प्रहरी संतोष पासवान व ग्राम नीबी सुराहा के ग्राम प्रहरी बाल किशोर के घर पहुंची। उनसे क्षेत्र के बारे में जानकारी ली।

सीओ ने कहा कि ग्राम प्रहरी की जिम्मेदारी बड़ी है, पर इन्हें महकमे से वह सम्मान व सोहरत नहीं मिल पाता था जो इन्हें मिलना चाहिए। अब चाय पर चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से इनका हौसला बढ़ाया जा रहा है। एसओ जय प्रकाश दूबे ने कहा कि ग्राम प्रहरियों का उत्साह व स्वाभिमान बना रहे, इसके लिए पूरा पुलिस विभाग साथ है। इस दौरान एसआई रमाकांत यादव, चंद्रपाल, मुस्तफा आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइंस में चौकीदारों को सामग्री वितरण करते एसपी। संवाद



शोहरतगढ़ में चौकीदारों के साथ चर्चा करते सीओ राणा महेंद्र प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे। संवाद

## चौकीदार के घर पहुंचे सीओ, जानकारी ली

डुमरियागंज। सीओ डुमरियागंज अजय श्रीवास्तव शनिवार रात ग्राम बनडिहवा के चौकीदार रामकृपाल के घर पहुंचे। उनके साथ चाय पीया और क्षेत्र की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने में ग्राम चौकीदारों की अहम भूमिका रहती है। छोटे-मोटे विवाद और मामलों की जानकारी थाने पर समय से पहुंचाने का काम करते हैं, जिसके चलते बड़ी घटना होने से बच जाती है। अब चाय पर चर्चा कार्यक्रम के माध्यम चौकीदारों का हौसला बढ़ाने का काम पुलिस कर रही है। इस दौरान थानाध्यक्ष संजय मिश्रा भी मौजूद थे।

# शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील

बड़ेपुर। मोहाना थाने में रविवार शाम आयोजित शांति समिति की बैठक में पुलिस ने लोगों से मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा व मुहर्रम सभी लोग शांति पूर्वक मनाएं। संवाद



मसिना गांव के प्रधान प्रतिनिधि को सम्मानित करते एएसपी। संवाद

# एएसपी ने प्रधान प्रतिनिधि को किया सम्मानित

बांसी। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने शनिवार को शिवनगर डिंड़ई थाना क्षेत्र की ग्राम सभा मसिना खास के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद खालिद को सम्मानित किया।

पुलिस के अनुसार मसीना खास में सुरक्षा के लिहाज से बेहतर कार्य हुए हैं। एएसपी ने कहा कि यदि हर ग्राम पंचायत में प्रमुखता से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं तो अपराध पर अंकुश संभव है। इस अवसर पर गांव के चौकीदार व स्थानीय लोग मौजूद रहे। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-07-2022

# चाकू बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बखिरा (एसएनबी)**। राजेडीहा चौकी क्षेत्र के पौनी ग्राम के पश्चिम स्थित पुलिया से एक व्यक्ति को नाजायज चाकू के साथ पुलिस ने पकड़ा है। अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में चौकी प्रभारी राजेडीहा उप निरीक्षक विवेकानन्द तिवारी ने बताया कि पौनी ग्राम के पश्चिम स्थित समय माता मंदिर के बगल स्थित पुलिया पर एक व्यक्ति के अवैध चाकू लेकर बैठने की सूचना मिली। तत्काल हेड कांस्टेबल रामपाल तिवारी, हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश राय व कांस्टेबल रंजन सिंह के साथ मौके पर पहुंच गए। लेकिन पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। अभियुक्त राजेडीहा निवासी सुनील पुत्र छविलाल के पास से एक अदद अवैध चाकू बरामद हुआ है। आर्म्स एक्ट में चालान करके न्यायालय/जेल भेज दिया गया।

# निकला कांवरियों का जत्था, जयकारों से गूंजा धनघटा क्षेत्र

**सरयू नदी पर जाने वाले सभी मार्गों पर रहा प्रशासन का चौकस सुरक्षा इन्तजाम**

धनघटा (एसएनबी)। पवित्र सावन मास के दूसरे सोमवार को भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए रविवार की सुबह से ही दिन-रात सरयू नदी के विभिन्न घाटों पर नदी का पवित्र जल भरने के लिए कांवरियों का जत्था निकल पड़ा है। स्थिति यह रही कि जिला मुख्यालय से लेकर सरयू नदी के घाटों तक कांवरियों का जत्था ही दिख रहा था। भोलेनाथ के बोलबम के जयकारों से देर रात तक पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। विदित हो कि रविवार की सुबह से ही नाचते-कूदते कांवरियों का नदी तट पर जाना शुरू हुआ जो पूरी रात जारी रहा। वैसे तो नजदीकी बंसवारीगांव स्थित बाबा वैजनाथ, धनघटा स्थित बाबा दानीनाथ, पौली स्थित बाबा कंकणेश्वर नाथ, [illegible]नगर स्थित बाबा हंसेश्वरनाथ, नाथनगर स्थित बाबा कुटेश्वरनाथ, हरिहरपुर स्थित बाबा सिद्धेश्वरनाथ व मुहम्मदपुर स्थित बाबा कुबेरनाथ समेत सभी छोटे-बड़े शिवमंदिरों में सोमवार को कांवरिएं भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं लेकिन इस मौके पर कांवरियों की सर्वाधिक भीड़ जिला मुख्यालय के समीप स्थित प्रसिद्ध बाबा तामेश्वरनाथ धाम में ही होती है। तामेश्वर नाथ धाम में जलाभिषेक करने के लिए सभी कांवरिए जिला मुख्यालय से धनघटा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होते हुए सरयू नदी के विड़हरघाट, मयन्दी घाट, चहोड़ा घाट, रामबाग घाट और चाड़ीपुर घाट पर ही पहुंचकर नदी का पवित्र जल भरते हैं। धनघटा और महुली थाना क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर कांवरियों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने भी सुरक्षा का चौकस इन्तजाम किया है। हर तीन किमी. पर पुलिस की पिकेट ड्यूटी लगाई गई है। इतना ही नहीं सुरक्षा के लिहाज से उक्त सभी शिवमंदिरों के अलावा सभी प्रमुख मंदिरों पर भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। नदी के घाटों पर भी पुलिस बल के साथ महिला पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं। एसडीएम धनघटा डा.रविन्द्र कुमार और सीओ धनघटा राम प्रकाश सरयू नदी के विड़हरघाट पर मुस्तैद रहकर पहुंचने वाली कांवरियों की भारी भरकम भीड़ की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने में जुटे रहे।




जयकारों के साथ सरयू में स्नान व पूजन-अर्चन कर जल भरते कांवरिए एवं विड़हरघाट पर पहुंची कांवरियों की भीड़ की सुविधा व्यवस्था की निगरानी करते एसडीएम और सीओ।

# प्रधानों व ग्राम प्रहरियों के साथ पीस कमेटी की बैठक

**धनघटा (एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के आदेश के अनुपालन में रविवार को महुली थाना पर ग्राम प्रधानों और ग्राम प्रहरियों की मीटिंग आहुत की गई जिसमें ग्राम प्रधानों और ग्राम प्रहरियों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई और आगामी त्योहारों व कांवर यात्रा में शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए उनके सहयोग की अपेक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि अपराध को रोकने में अरसे से ग्राम प्रहरी अपनी भूमिका निभाते आए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों और ग्राम प्रहरियों के सहयोग के बिना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था की कल्पना नहीं की जा सकती। श्री सिंह ने ग्राम प्रधानों और ग्राम प्रहरियों से अपील किया कि सावन के महीने में हर रविवार-सोमवार को चलने वाली कांवर यात्रा, मोहर्रम, रक्षाबन्धन, नागपंचमी जैसे त्याहारों पर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि अगर कहीं से किसी प्रकार के विवाद की पूर्व संभावना दिखाई देती हो अथवा कोई अन्य समस्या हो जिससे शान्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही हो तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएं। बैठक में उपस्थित लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जब तक आप का सहयोग नहीं मिलेगा तब तक पुलिस क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रखने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाएगी। इस दौरान एसएसआई दयानाथ, नत्थू प्रसाद सहित हरिहरपुर, मोलनापुर, काली जगदीशपुर, शनिचरा बाबू और मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक समेत तमाम ग्राम प्रधान के साथ ग्राम प्रहरी मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक महुली। फोटो : एसएनबी

# चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

बखिरा। थाना क्षेत्र के पौनी ग्राम के पश्चिम स्थित पुलिया से एक व्यक्ति को पुलिस ने शनिवार को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ केसदर्ज कर लिया गया है।

चौकी प्रभारी राजेडीहा विवेकानन्द तिवारी ने बताया कि पौनी ग्राम के पश्चिम स्थित समय माता मंदिर के बगल स्थित पुलिया पर एक व्यक्ति के अवैध चाकू लेकर बैठने की सूचना मिली। तत्काल हेड कांस्टेबल रामपाल तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए, लेकिन पुलिस को देख आरोपी भागने लगा। जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया।

# 16 आरोपितों पर हुई कानूनी कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने कई मामले में 16 आरोपितों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई की। थाना धनघटा पुलिस ने चार, महुली पांच, दुधारा दो और धर्मसिंहवा थाना पुलिस ने दो आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

# त्योहारों में प्रधान और चौकीदारों से मांगा सहयोग

धनघटा। महुली थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष महुली रवींद्र कुमार सिंह ने ग्राम प्रधानों और चौकीदारों के साथ बैठक की। बैठक में चौकीदारों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए विभिन्न पर्वों व गांव की हर गतिविधि पर नजर रखते हुए सहयोग की अपील की।

थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान और चौकीदारों से कहा कि आगामी त्योहार, कांवड़ यात्रा, मोहर्रम, रक्षाबंधन, नागपंचमी में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए उनका सहयोग जरूरी है। एसएसआई दयानाथ, नत्थू प्रसाद, उदयभान मिश्रा, असद महताब, जबीउल्लाह, प्रधान प्रतिनिधि महेश यादव, मोहम्मद शहीम, राधेश्याम निषाद, धर्मेंद्र उर्फ गुड्डू, चौकीदार रामजियावन, सोमई, रामचंदर, राम भरत आदि मौजूद रहे। संवाद

# दो दुकानों में चोरी के मामले में 15 दिन बाद केस दर्ज

बखिरा। ग्राम नरायनपुर बाजार की दो दुकानों का ताला तोड़कर चोरी के मामले में 15 दिन बाद शनिवार देर शाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। हालांकि, घटना के बाद पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

पीड़ित दुकानदार अब्दुल रहीम ने तहरीर में कहा है कि वह नरायनपुर में स्थित बाइक एजेंसी के बगल अपने मकान में किराना की दुकान चलाते हैं। उसी से परिवार का भरण-पोषण होता है। प्रतिदिन की तरह सात जुलाई की शाम को वह दुकान बंद करके गांव वाले मकान पर चले गए थे। आठ जुलाई की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि मेन गेट पर लगा ताला व दुकान के पीछे का एक ताला एवं दुकान के लॉकर का ताला टूटा है। लॉकर में रखे लगभग तीस हजार रुपये गायब थे। दुकान में रखा लगभग 50 हजार रुपये मूल्य का सामान गायब था।

दूसरे दुकानदार प्रमोद मौर्य निवासी ग्राम सहसरांव थाना बखिरा ने तहरीर में कहा है कि किराना की दुकान के बगल में उनका बीज भंडार है।

सात जुलाई की रात को दुकान के अंदर का ताला तोड़कर काउंटर में रखे लगभग दस हजार रुपये लेकर चोर फरार हो गए थे। बखिरा पुलिस ने दो सप्ताह बाद शनिवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# संतकबीर नगर से चोरी हुई अष्टधातु की मूर्तियां बरामद

जासं. पुरानी बस्ती: पुरानी बस्ती पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर अष्टधातु की बेशकीमती प्राचीन मूर्तियां बरामद की हैं। रविवार को पुरानी बस्ती थाने पर एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया कि जुलाई 2021 में संत कबीरनगर के श्रीराधा पीठ गिरधरपुर देवरहा बाबा से इन मूर्तियों को चोरी किया गया था। एसपी ने गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

एएसपी के अनुसार रविवार को मुखबिर से मिली सूचना पर चार संदिग्ध व्यक्तियों को पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पास कड़र मंदिर जाने वाले मोड़ से पकड़ा गया। इनकी पहचान चन्द्रमणि पासवान निवासी दरघाट थाना हरपुरबुदहट जनपद गोरखपुर, आनंद पाठक निवासी खिरिया थाना महुली जनपद संत कबीरनगर, जनमेजय सिंह वर्मा उर्फ राजीव निवासी देवापार संत कबीरनगर और सूरज वर्मा निवासी भुवापुर थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर के रूप में हुई। इनके पास से दो असलहा-कारतूस व चाकू बरामद किया गया।

आरोपित सूरज के पास से चाकू के अलावा प्लास्टिक के झोले में पीली धातु का गदा बरामद हुआ। पुलिस ने पूछताछ की तो टालमटोल करने लगा। कड़ाई से जब पूछताछ की तो बताया कि यह गदा पीतल का है और इसे श्रीराधा पीठ गिरधरपुर देवरहा बाबा संत कबीरनगर के मंदिर से अपने अन्य साथियों के साथ मिल कर चुराया था। इसका प्रयोग शटर का ताला तोड़ने में करते थे। पुरानी बस्ती पुलिस ने जब संत कबीरनगर पुलिस से संपर्क साधा तो जुलाई 2021 में मंदिर में चोरी की घटना की पुष्टि हो गई। इसका मुकदमा खलीलाबाद कोतवाली में 25 जुलाई 2021 को दर्ज हुआ था। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जब अन्य चोरी की मूर्तियों के बारे में पूछताछ शुरू की तो आरोपितों की निशानदेही पर चोरी हुई अष्टधातु की बेशकीमती मूर्तियों को चैनपुरवा अंडरपास के पास फोरलेन के किनारे झाड़ियों में बने एक गड्ढे से बरामद कर लिया गया।

## संतकबीर नगर के दो और चोरों की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चैनपुरवा अंडरपास के पास से एक श्रीनारायण की बड़ी मूर्ति, श्रीहनुमान की बड़ी मूर्ति, श्रीराम दरबार, एक गदा, एक पादुका की चौकी नक्काशीदार चद्दर लगा हुआ, आधा टुकड़ा बर्तन पीले व सफेद धातु का, 312 व 12 बोर के दो तमंचे, हथौड़ी, पेचकस, लोहे की राड, चाकू व टार्च बरामद किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए चारों आरोपितों के अलावा विपुल राय, गोलू राय निवासी बिदयानी थाना कोतवाली खलीलाबाद संत कबीरनगर और सूरज राय निवासी बैडरवा थाना महुली संतकबीरनगर घटना में शामिल थे, जिनकी तलाश की जा रही है।

संतकबीर नगर के श्रीराधा पीठ गिरधरपुर देवरहा बाबा से जुलाई 2021 में चोरी हुई थी बरामद मूर्तियां

# भूमि बंटवारे को लेकर मारपीट में तीन पर मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने औरंगाबाद गांव में बीते शुक्रवार को भूमि बंटवाने को लेकर हुए मारपीट के मामले में रविवार को तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गई तहरीर में औरंगाबाद गांव निवासी बदरे आलम ने यह उल्लेख किया है कि बीते शुक्रवार को उनके भाई सदरे आलम, भतीजा उस्मान मोहम्मद व मोईन ने भूमि बंटवारे को विवाद किया। इस दौरान इन्होंने उनके बेटे फकरे आलम व पत्नी को मारने-पीटने लगे। इससे उन्हें काफी चोटें आई। इन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में ले जाना पड़ा। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि तीनों आरोपों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# दो दुकानों में चोरी के मामले में अज्ञात चोरों पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, बखिरा : बखिरा पुलिस ने दो दुकानों में हुए चोरी के मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



बखिरा थाने में दी गई तहरीर में नारायणपुर गांव निवासी अब्दुल रहीम पुत्र रफी अहमद ने यह उल्लेख किया है कि वह अपने गांव के सड़क स्थित अपने मकान में किराना की दुकान चलाते हैं। वह आठ जुलाई 2022 को सुबह छह बजे अपना किराना दुकान खोले। इस दौरान उन्होंने देखा कि शटर में लगा दो ताला, दुकान के पीछे का एक ताला और दुकान के अंदर लाकर का ताला टूटा हुआ है। दुकान से 30 हजार रुपये नकद, तेल सहित 50 हजार रुपये का सामान चोरों द्वारा चुरा ले जाने की जानकारी हुई।

उनके दुकान से कुछ दूरी पर स्थित प्रमोद कुमार के दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने काउंटर से 10 हजार रुपये चुरा ले गए। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दो दुकानों में चोरी के मामले में अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इनकी तलाश में जुटी हुई है। जल्द ही इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बच्चों के विवाद में मारपीट के मामले में मुकदमा

जासं, बखिरा: बखिरा पुलिस ने बच्चों के विवाद में हुए मारपीट के मामले में रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बखिरा थाने में दी गई तहरीर में नंदौर निवासी सीमा पत्नी राजेंद्र ने यह उल्लेख किया है कि चार जुलाई 2022 को शाम के करीब छह बजे बच्चे आपस में विवाद करने लगे। इसे लेकर उनके गांव की माधुरी पत्नी राजेश अपने परिवार के सदस्यों के साथ उनके घर के पास आ गई। अपशब्द कहने लगी, विरोध करने पर लाठी-डंडे से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। उनका सोने का चेन कहीं गिर गया।

# हाईवे पर हादसा, चालक व सहकर्मी गोरखपुर रेफर

## कांटे चौराहे के पास शाम के समय ट्रक से टकरा गई एंबुलेंस, ट्रक छोड़कर चालक फरार

जासं, कांटे: गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांटे चौराहे के पास रविवार की शाम एक एंबुलेंस अचानक ट्रक से टकरा गई। इस घटना में घायल हुए एंबुलेंस चालक व उनके सहकर्मी की हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल के डाक्टरों ने बीआरडी मेडिकल कालेज-गोरखपुर रेफर कर दिया।

ये दोनों गोरखपुर में मरीज को छोड़कर वापस दिल्ली जा रहे थे। गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांटे चौराहा के पास लखनऊ की तरफ एक एंबुलेंस जा रही थी।

इस स्थान के पास आगे चल रहा ट्रक अचानक बाएं मुड़ गया। इसकी वजह से एंबुलेंस अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। इस घटना में राजस्थान के चुरू गांव निवासी एंबुलेंस चालक 30 वर्षीय रमजान व इनके सहकर्मी 32 वर्षीय लूना राम गंभीर रूप से घायल हो गए।

ये दोनों गोरखपुर में मरीज छोड़कर दिल्ली वापस जा रहे थे। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस इन्हें लेकर जिला अस्पताल में पहुंची। यहां के डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर इन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया। वहीं घटना के बाद चालक घटना स्थल पर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि कांटे चौकी के पुलिस कर्मियों ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। दोनों घायलों का विस्तृत विवरण प्राप्त करने में पुलिस जुटी है।



कांटे पुलिस चौकी के पास हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त एंबुलेंस • जागरण

# यातायात नियमों का पालन करें चालक : थानाध्यक्ष

जासं, बखिरा: थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने रविवार को बखिरा स्थित इंटर कालेज तिराहे पर वाहनों की जांच की। मोटरसाइकिल पर चालक समेत तीन लोगों के बैठने पर, बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने पर, जरूरी कागजात न दिखा सकने पर 25 वाहनों का चालान काटा।

थानाध्यक्ष ने कहा दो पहिया, चार पहिया व बड़े वाहनों के चालक यातायात नियमों का पालन करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं। ईयरफोन लगाकर गाड़ी न चलाएं। जरूरी कागजात साथ में रखें। नियमों का पालन सुरक्षित जीवन के लिए जरूरी है।

# लेखपाल पर हमले के मामले में पांच आरोपितों पर मुकदमा

**जासं,बखिरा:** बखिरा पुलिस ने राजस्व लेखपाल पर हमला करने के मामले में पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं राजस्व लेखपालों में इसको लेकर आक्रोश है।



बखिरा थाने में दी गई तहरीर में उदयभान चौधरी पुत्र विक्रमादित्य ने यह उल्लेख किया है कि वह मेंहदावल तहसील में राजस्व लेखपाल के पद पर कार्यरत हैं। बीते शनिवार को बखिरा थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस पर थे। इस दौरान आए मामले की जांच करने के लिए वह बजही गांव गए थे। इस गांव के भरत पुत्र विद्या निवास, इनकी पत्नी पूनम, चंद्रभान व बृजभान पुत्रगण अनरजीत व नर्मदा पुत्र रंजीत ने उन्हें अपशब्द कहा। विरोध करने पर इन लोगों ने उन्हें मारने के लिए ईंट उठा लिए। इसकी वजह से उन्हें जांच कार्य बीच में ही छोड़कर वापस आना पड़ा। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पांचों आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# 178 वाहन स्वामियों से एक लाख 93 हजार की राजस्व वसूली

## सभी थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चला

### एसपी ने कहा दुपहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर लगाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में रविवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 178 वाहनों के कागजात में कमियां मिलीं। इन वाहन स्वामियों से 1,93,500 रुपये जुर्माना वसूला गया।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद, मेंहदावल, बखिरा, धर्मसिंहवा, बेलहर, दुधारा, धनघटा और महुली थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 178 वाहनों के कागजातों में कमियों मिलने पर वाहन स्वामियों से 1,93,500 रुपये की राजस्व वसूली की गई।

एसपी ने बताया कि दुपहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर लगाएं। इसके साथ ही चार पहिया सवार लोग सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें।

# अंतरजनपदीय मूर्ति चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार गुर्गे गिरफ्तार

## इनके कब्जे से श्रीराम दरबार, बजरंगबली की मूर्ति, चरण पादुका चौकी बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। थाना पुरानी बस्ती की पुलिस व एसओजी टीम ने अंतरजनपदीय मूर्ति चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। रेलवे स्टेशन के पास से रविवार को गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से एक वर्ष पूर्व खलीलाबाद थाना क्षेत्र स्थित श्रीराधा पीठ गिरधरपुर देवरहा बाबा मंदिर से चोरी की गई श्रीनारायण व बजरंगबली की बड़ी मूर्ति, गदा, राम दरबार, चरण पादुका चौकी आदि बरामद हुई। वहीं दो तमंचा, कारतूस, चाकू, पेचकस व शटर तोड़ने का अन्य सामान भी बरामद किया गया।

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने पुरानी बस्ती थाने में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि रविवार सुबह मिली सूचना के आधार पर एसओ पुरानी बस्ती आलोक कुमार श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा जितेन्द्र सिंह, एसआई रमेश यादव, एसओजी प्रभारी उमेश चन्द्र वर्मा टीम के साथ पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पास कड़र मंदिर जाने वाले मोड़ पर दबिश देकर चार संदिग्धों को धर दबोचा जिनमें एक ने खुद को चंद्रमणि पासवान निवासी दरघाट थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर, दूसरे ने आनन्द पाठक निवासी खिरिया थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, तीसरे ने जनमेजय सिंह वर्मा उर्फ राजीव निवासी देवापार थाना कोतवाली खलीलाबाद - जनपद संतकबीरनगर और चौथे ने अपना नाम सूरज वर्मा निवासी भुवापुर थाना लंभुआ जनपद सुल्तानपुर बताया।

उन्होंने बताया कि गिरोह के पास से पीली धातु की वजनदार गदा बरामद हुई। पूछताछ करने पर उन चारों ने बताया कि इसे श्रीराधा पीठ गिरधर पुर देवरहा बाबा संतकबीरनगर के मंदिर से अपने अन्य साथियों के साथ मिल कर चुराए थे।

गदा का प्रयोग ताला शटर तोड़कर चोरी करने में करते हैं। पुलिस टीम ने इसकी कोतवाली खलीलाबाद से पूछताछ की तो पता चला कि जुलाई 2021 में वहां से सिंहासन का छत दंड चंवर, दो पादुका की चौकी, श्रीनारायण व हनुमान जी की बड़ी मूर्ति, राम दरबार, पूजा सामग्री व पात्र चोरी हुए थे।

पकड़े गए आरोपियों ने अपने अन्य साथी विपुल राय व गोलू राय निवासी बिदयानी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, सूरज राय निवासी बैडरवा थाना महुली जनपद संतकबीरनगर का नाम बताया, जो श्रीराधा पीठ गिरधर पुर देवरहा बाबा मंदिर में चोरी करते समय साथ थे। इन तीनों की पुलिस को तलाश है।

पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि चोरी किए गए सामान में से कुछ सामान बेचकर वे अपना खर्चा चलाए। बाकी सामान उनकी निशानदेही पर चैनपुरवा पुल के अंडर पास के पास हाइवे के किनारे एक गड्ढे व झाड़ियों से पुलिस ने बरामद किया। इस बड़ी चोरी की वारदात के पर्दाफाश के लिए पूरी टीम को एसपी की तरफ से 25 हजार रुपये पुरस्कारस्वरूप प्रदान किया गया है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम :** थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव थाना पुरानी बस्ती, उमेश चन्द्र वर्मा प्रभारी एसओजी, जितेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा, रमेश यादव थाना पुरानी बस्ती, हेड कांस्टेबल मिथुन कुमार, विजय प्रकाश दीक्षित, दिलीप कुमार, रामसिंगार, अभिषेक तिवारी, अजय यादव, विजय, नरेन्द्र प्रजापति, सत्येन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

### खलीलाबाद के देवरहा बाबा मंदिर से चोरी मूर्तियां मिलीं

### गिरोह के तीन अन्य गुर्गो की तलाश जारी

### आपराधिक इतिहास

आनन्द पाठक पर थाना पुरानी बस्ती, कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, थाना कोतवाली गोरखपुर, थाना महुली संतकबीरनगर, थाना हरपुर बुदहट गोरखपुर में चोरी आदि के सात मुकदमे दर्ज हैं। जन्मेजय सिंह पर थाना पुरानी बस्ती, थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर। थाना कोतवाली बस्ती में कुल चार मुकदमे दर्ज हैं।



बरामद मूर्ति। संवाद

# पत्नी ने फोन पर जीजा से की बात तो युवक ने की आत्मदाह की कोशिश

## गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में पति का चल रहा है इलाज

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। क्षेत्र के एक गांव निवासी शख्स ने पत्नी से उसके जीजा के बीच संबंध होने के शक में अपने ऊपर डीजल उड़ेल कर जान देने की कोशिश की। गंभीर रूप से झुलसे शख्स को लेकर लोग सीएचसी मलौली पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से भी उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेज दिया गया है।

### शरीर पर डीजल उड़ेल कर लगाई आग, पड़ोस के लोगों ने बुझाई

गांव वालों का कहना है कि गांव निवासी व्यक्ति की पत्नी शनिवार की रात करीब नौ बजे मोबाइल फोन पर किसी से बात कर रही थी। बात करते हुए उसे पति ने देख लिया। पत्नी से पूछा कि किस से बात कर रही थी तो उसने बताया कि जीजा से। इतना सुनते ही पति आग बबूला हो गया और पत्नी का जीजा के साथ नाजायज संबंध होने की बात कहते हुए घर से निकल गया।

गांव वालों का कहना है कि करीब आधे घंटे बाद वह दोबारा घर पहुंचा और शरीर पर डीजल उड़ेल कर आग लगा ली।

आग की लपटों में घिरा देख पड़ोस के लोग पहुंच गए किसी तरह आग बुझाई। परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र मलौली ले गए। वहां डॉक्टर ने उनकी हालत नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर यासिर खान का कहना है कि झुलसा हुआ व्यक्ति आया था। वह 70 प्रतिशत से अधिक जल चुका है। उनकी हालत नाजुक है। दूसरी तरफ, एसओ केडी सिंह ने इस तरह की घटना से इंकार किया है।

# चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र के महोबरा गांव निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने गांव के चार लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और फसल क्षतिग्रस्त करने का केस दर्ज किया है।

महोबरा गांव निवासी राम चंद्र ने बताया कि रविवार को उनके खेत में गांव के प्रियांशु आदि भैंस लेकर चले गए। जबरदस्ती फसल चराने लगे। मना किया, तो वे लोग भड़क गए। आरोप है कि उन लोगों ने राम चंद्र की पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे भतीजे धर्मेंद्र को भी मारपीट कर घायल कर दिया। इंस्पेक्टर रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि राम चंद्र कSSSSSSी तहरीर पर प्रियांशु, सिकंदर, अंकित और दीपक के खिलाफ मुकदमा केस दर्ज किया गया है। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में 13 लोग गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों रविवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान शांतिभंग की आशंका में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि धनघटा पुलिस ने चार, महुली पुलिस ने पांच, दुधारा पुलिस ने दो, धर्मसिंहवा थाने की पुलिस ने दो लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। संवाद

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

बखिरा। क्षेत्र के पौनी ग्राम के पश्चिम स्थित पुलिया से पुलिस ने शनिवार को एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसआई विवेकानंद तिवारी ने बताया कि पौनी ग्राम के पश्चिम स्थित समय माता मंदिर के बगल में पुलिया है। वहां एक व्यक्ति के चाकू लेकर बैठने की सूचना मिली। पुलिस टीम के साथ पहुंच गए। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा।

दौड़ कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान सुनील निवासी राजेडीहा के रूप में हुई। अभियुक्त के पास से चाकू बरामद हुआ है।

आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2022

# मादक पदार्थों की बिक्री करते दबोचा गया

तरबगंज। थानाक्षेत्र क्षेत्र में एक आरोपी को पुलिस ने मादक पदार्थ की बिक्री करते हुए दबोच लिया है। एसआई अशोक सिंह और लाल बिहारी ने टीम के साथ खजूरी तिराहा के पास से एक किलो मादक पदार्थ के साथ अमित कुमार चौबे उर्फ चिंटू चौबे निवासी कटहा चौबे पुरवा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ तरबगंज थाने में 12 से अधिक मामले दर्ज हैं। इलाके में मादक पदार्थों की बिक्री कई जगहों पर होने की चर्चा है।

# दुष्कर्म समेत कई मामलों का आरोपी गिरफ्तार

इटियाथोक। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि सालिक राम पांडेय निवासी निबिहा परसापुर को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के ऊपर दुष्कर्म सहित अन्य मामला दर्ज कराया गया था। उपनिरीक्षक रजनीश द्विवेदी, आरक्षी संजय निषाद ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# अगवा शिक्षिका का पता नहीं, दो पकड़े

- पुलिस ने शिक्षिका को अगवा करने में प्रयुक्त गाड़ी बरामद की
- कई टीम गठित व तलाशी करने के दावे, नहीं मिल पा रही कोई सफलता

नवाबगंज, संवाददाता। शिक्षिका अपहरण मामले में घटना के आठ दिन बाद घटनास्थल से दस किमी की दूरी पर अयोध्या से पुलिस ने अपहरण में प्रयोग की गई गाड़ी बरामद की है। पुलिस को वहां पहुंचने में आठ दिन लग गए। घटना में प्रयोग की गई काले रंग के सफारी को बरामद कर दो लोगों को अपराध में संलिप्त पाए जाने पर मुकदमे में नामजद करते हुए रिमांड पर लिया है।

थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह ने बताया कि शिक्षिका के अपहरण में आरोपी प्रशांत सिंह के मित्र गोलू पाण्डेय पुत्र हरि श्याम पाण्डेय ही गाड़ी चला रहा था। दूसरा आरोपी पवन दुबे पुत्र धर्मराज दूबे अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के बेगमपूरा मोहल्ले का रहने वाला है। प्रशान्त शिक्षिका के साथ सबसे पहले उसके घर पहुंचा था। उसके बाद पवन ने ही उसी सफारी से शिक्षिका और प्रशान्त फैजाबाद शहर से कुछ किलोमीटर आगे फोरलेन पर बस पर बैठाने के बाद सफारी को नंबर प्लेट हटाने के बाद अयोध्या के एक सर्विस स्टेशन पर पीछे के तरफ छिपा दिया था। आरोपी प्रशान्त और शिक्षिका अब भी पुलिस के पकड़ से कोसो दूर है।

## बाजार बंदी का रहा मिला-जुला असर

रविवार को शिक्षिका के बरामदगी को लेकर कुछ लोगो द्वारा नवाबगंज बाजार को बंद रखने का आवाह्न किया गया। सुबह कुछ देर लिए दुकानों का शटर गिरा रहा पर दोपहर होते होते अधिकांश दुकानों के शटर उठ गए और शाम को बाजार की स्थिति सामान्य हो गई।

इटियाथोक पुलिस व एसओजी ने बाइक लूट के दो आरोपियों को दबोचा, दोनों सगे भाई धानेपुर क्षेत्र के

# मुठभेड़ में लूट के आरोपी को लगी गोली

**टकराव**

इटियाथोक/गोण्डा, हिटी। इटियाथोक थानाक्षेत्र में परसिया बहोरीपुर के कब्रिस्तान के पास शनिवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। मौके से ही पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया है। दोनों आरोपी सगे भाई हैं। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।



मुठभेड़ में घायल आरोपी के साथ उसका भाई व पुलिस टीम। ● हिन्दुस्तान

एएसपी शिवराज ने रविवार को पुलिस लाइन में बताया कि हफ्तेभर पहले इटियाथोक क्षेत्र में खरिहा चौराहे के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने संतोष कुमार मौर्य राजापुर दत्तनगर माफी थाना धानेपुर की बाइक और नकदी लूट ली थी। वारदात के वक्त संतोष अपने रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में जा रहा था। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। तब से आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। शनिवार रात थाना पुलिस व एसओजी की टीम ने परसिया बहोरीपुर के कब्रिस्तान के पास रात करीब 12 बजे दो बाइक से बाबागंज बाजार से इटियाथोक की ओर आ रहे आरोपियों को रोका। इस पर एक बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अजय ओझा घायल हो गया। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए मौके से भाग रहे विनय ओझा भी दबोच लिया।

पुलिस ने बताया कि दोनों सगे भाई धानेपुर थानाक्षेत्र के नरसिंह डीह बैरागीजोत के निवासी हैं। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि अजय ओझा लखनऊ के मोहनलालगंज में लूट के मामले में जेल जा चुका है।

## चोरी के 369 मोबाइल के साथ पांच गिरफ्तार

गोण्डा। थाना कोतवाली देहात और साइबर सेल की सयुक्त टीम ने साइबर अपराध में सहयोग करने वाले गिरोह के पांच शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी के 369 मोबाइल बरामद किया है। एएसपी शिवराज ने बताया कि एसपी आकाश तोमर की मॉनिटरिंग में साइबर अपराध में सहयोग करने के सदस्य गिरफ्तार किये गए है। सदर सीओ लक्ष्मीकांत गैतम के नेतृत्व में गठित टीम ने गिरोह के सदस्य मोहम्मद फिजूल शेख, सफीरूल शेख, जब्बारउल, हबीबुल शेख, विकास उर्फ गयासुद्दीन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही से चोरी और छिनैती के 369 अदद एण्ड्राएड, मल्टीमीडिया व कीपैड फोन और टेबलेट विभिन्न कम्पनियों के बरामद किया है। पूछताछ में बताया कि सस्ते दाम पर लोगो से चोरी के व पुराने मोबाइल खरीदते हैं और उसके पार्ट्स अलग कर पश्चिम बंगाल ले जाकर पुनः असेम्बल कर महंगे दामों मे बेचते है। वहां पर जो लोग खरीदते हैं वह अपना नाम पता नही बताते हैं।

# कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक

गोण्डा, संवाददाता। कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर रविवार को नगर कोतवाली में नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता और एएसपी शिवराज के नेतृत्व में शांति कमेटी की बैठक हुई।

क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर कोतवाली परिसर में सभी धर्म के धर्मगुरुओं और शहर के गणमान्य लोगो की बैठक हुई। इस दौरान सावन के महीने में पढ़ने वाले आगामी पर्वो के मद्देनजर कानून व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाये रखने की अपील की गई। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन कमरुद्दीन कमर, ईओ नगर पालिका, सीओ सदर लक्ष्मीकांत गौतम, कोतवाली नगर प्रभारी पंकज सिंह, वली मोहम्मद, गुड्डू वर्मा, रवि, दिनेश कश्यप, सलीम सभासद रहे।

धानेपुर संवाद के अनुसार मोहर्रम को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार की शाम को धानेपुर थाने में हल्का नंबर तीन के मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई।

निरीक्षक ने सभी लोगों को त्योहार पर आपस में मिल जुलकर रहने की अपील की। इस मौके पर उपनिरीक्षक आदित्य गौरव श्रीवास्तव रहे।

वहीं तरबगंज थाने में एसडीएम तरबगंज शत्रुहन पाठक और सीओ संसार सिंह राठी की अध्यक्षता में सावन सोमवार और मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक रहे।

# पशुवध करने का आरोपी दबोचा गया

गोण्डा। कटराबाजार थाने की पुलिस ने गश्त के दौरान प्रतिबंधित पशु वध करने के आरोपी मोहम्मद समी उर्फ मोहम्मद समीम उर्फ कोयले को गिरफ्तार किया है।

पुलिस का कहना है कि आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किया गया है।आरोपी के खिलाफ थाने में गौवध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी मो. समी उर्फ मो. समीम उर्फ कोयले पुत्र जलील थानाक्षेत्र के जयरामजोत मंगरेपुरवा का रहने वाला है।

पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से अवैध हथियार बरामद हुए हैं।

# छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

छपिया। छेड़छाड़ करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि छेड़छाड के मामले में वांछित आरोपी शहबान मसकनवा गांव को गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के मामले पीड़िता के पिता की तहरीर पर पास्को एक्ट सहित अन्य मामलों मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी मसकनवा सुनील तिवारी रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा गया

छपिया। दुराचार करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि नाबालिग लड़की के साथ दुराचार करने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज था।

# महिला मित्र के जन्मदिन में लहराई तलवार, गिरफ्तार

गोण्डा, संवाददाता। शहर के गांधीपार्क में दोस्त का जन्मदिन मनाने के दौरान तलवार का प्रदर्शन करना युवक को महंगा पड़ गया। इसका वीडियो और फोटो वायरल होने के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक के पास से तलवार बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को गांधीपार्क में कुछ युवक अपनी महिला मित्र का जन्मदिन मना रहे थे। इसी दौरान तलवार का प्रदर्शन किया गया था। इसका वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। इस पर रविवार को नगर पुलिस ने आर्म्सएक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की। साथ ही तलवार का प्रदर्शन करने वाले युवक की पहचान कर उसको गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी शिवराज ने बताया कि गांधी पार्क में जन्मदिन मनाने के दौरान तलवार लहराने की वीडियो वायरल हुआ था।

# जन्मदिन पर तलवार लहराना पड़ा महंगा, गिरफ्तार

**संसू, गोंडा :** गांधी पार्क में जन्मदिन पर तलवार लहराने का वीडियो वायरल हुआ है। इस पर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

एलबीएस चौराहे के पास स्थित गांधी पार्क में शनिवार को कुछ युवकों ने जन्मदिन मनाया। इसके बाद तलवार दिखाते हुए फोटो शूट कराया। इसका वीडियो रविवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो का संज्ञान लेते हुए नगर कोतवाल पंकज सिंह ने मामले की जांच शुरू कर दी। पड़ताल के बाद पुलिस अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी गई। इस प्रकरण में राधाकुंड के मोहित सेहीत्या को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पुलिस ने तलवार भी बरामद कर ली है। इधर, कटरा बाजार पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम में वांछित जयरामजोत के मुहम्मद समी को गिरफ्तार किया है।

# मासूम से दुष्कर्म के आरोपित किशोर को किया गिरफ्तार

**संसू, गोंडा :** तीन साल की मासूम से दुष्कर्म के आरोपित किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को बाल संरक्षण गृह भेजा गया है।

वजीरगंज के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि शुक्रवार को वह मजदूरी करने गई थी। जब वह लौटी तो उसकी तीन साल की बेटी घर पर नहीं थी। खोजते-खोजते जब वह गन्ने के खेत के पास पहुंची तो उसकी बालिका नग्न अवस्था में मिली। उसने पड़ोस गांव के एक किशोर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। बकौल पुलिस मिली तहरीर के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार किया गया।बालिका का मेडिकल जांच कराई गई है। किशोर को बाल संरक्षण गृह भेजा गया है।

## मारपीट में 17 आरोपितों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) :** पसका के पंडित पुरवा गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्ष के 13 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने 17 आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है।

गांव निवासी पंकज मिश्र व अनुरुद्ध मिश्र के बीच जमीन का विवाद चल रहा था। इसी को लेकर दोनों पक्ष भिड़ गए। इसमें एक पक्ष के पंकज मिश्र, मिथिलेश, आशीष, आशुतोष, संतोष मिश्र और दूसरे पक्ष के अनिरुद्ध मिश्र, विनय, ललित, संगीता, राजरानी, चंपा, सन्नो व पूजा घायल हुई हैं। बकौल पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा किया गया है।

## दुष्कर्म के आरोपित गिरफ्तार

**इटियाथोक :** एक गांव निवासिनी युवती के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला ने दुष्कर्म व जान से मारने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। (संसू)

## नशीली टिकिया बरामद

**मनकापुर :** प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मनकापुर-झिलाही मार्ग पर एक युवक संदिग्ध हाल में पकड़ा गया। उसके पास से तीन सौ टिकिया नशीली गोली अल्प्राजोलम/अल्प्रासेफ बरामद हुआ। उसने अपना नाम अनिल कुमार वर्मा निवासी ग्राम पिकौरा बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। (संसू)

# बंगाल में चोरी का मोबाइल बेचने वाले पांच लोग गिरफ्तार

**संसू, गोंडा** : गोंडा से चोरी का मोबाइल खरीदकर पश्चिम बंगाल ले जाकर फोन बेचने वाले एक गिरोह का राजफाश पुलिस ने किया है। इस मामले में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 369 मोबाइल बरामद हुआ है। गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि मोबाइल चोरी की घटनाओं की मिल रही शिकायतों पर एसपी आकाश तोमर ने सीओ लक्ष्मीकांत गौतम के नेतृत्व में टीम बनाई थी। इस पर साइबर सेल व कोतवाल देहात की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के नोवदा थाना के इलियट नगर झोबवना रमनापुर चांदपुर के मोहम्मद फिजूल शेख, सबदरनगर आलमनगर सफीरुल शेख, इलियट नगर केदारचंदपुर के जब्बार उल मोला, वेलडोंगा थाने के चिड़ीभीजी के हबीब उर शेख व विकास उर्फ गयासुदीन को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से चोरी/छिनैती के 369 अदद एंड्राएड फोन व विभिन्न कंपनियों के टेबलेट बरामद किए गए हैं।

एएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि आरोपित सस्ते दाम पर लोगों से चोरी किए हुए व पुराने मोबाइल खरीदते हैं। इसके बाद उसके पार्ट्स अलग कर पश्चिम बंगाल ले जाकर दोबारा उसकी रिपेयरिंग करके महंगे दामों पर बेच देते हैं।

पुलिस को यह भी पता चला है कि यह लोग इन मोबाइलों का उपयोग भिन्न-भिन्न तरीकों से लोगों को फोन करके बैंक डिटेल की जानकारी करके धोखाधड़ी करते हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, बाइक बरामद

**संसू, इटियाथोक** (**गोंडा**): इटियाथोक के परसिया बहोरीपुर गांव के पास शनिवार की रात मुठभेड़ में पुलिस ने लूट के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल है। पकड़े गए बदमाशों के पास से लूटी गई बाइक बरामद की गई है।

17 जुलाई की शाम को धानेपुर के राजापुर दत्तनगर माफी गांव निवासी संतोष कुमार मौर्या अपने रिश्तेदार के यहां अमारेभरिया गांव जा रहे थे। खरिहा चौराहा से पहले बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उन्हें रोक लिया, जब तक वह कुछ समझ पाते तब तक बदमाश बाइक, 600 रुपये व मोबाइल लूट कर फरार हो गए थे। पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध शिकायत की थी। पुलिस की टीम को आरोपित की खोजबीन के लिए लगाया गया था।



इटियाथोक के परसिया बहोरीपुर कब्रिस्तान के पास मुठभेड़ में घायल अजय कुमार ओझा को गाड़ी में बैठाती पुलिस • जागरण

एएसपी शिवराज ने बताया कि शनिवार की रात करीब 12.30 बजे दो बाइक सवार बाबागंज की तरफ से इटियाथोक बाजार आ रहे थे। पुलिस व एसओजी टीम ने परसिया बहोरीपुर गांव कब्रिस्तान के पास इन्हें रोकने का प्रयास किया। इस पर बाइक सवार ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। इस पर पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक के पैर में गोली लगी।

बाइक से गिरते ही पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। गोली से घायल की पहचान अजय कुमार ओझा के रूप में हुई। एसओ करुणाकर पांडेय ने बताया कि पकड़े गए अजय कुमार ओझा व विनय कुमार ओझा सगे भाई हैं। वह धानेपुर के नरसिंह डीह बैरागीजोत गांव के रहने वाले हैं। इन्होंने ही पूर्व में लूट की घटना को अंजाम दिया था।

इनके पास से लूट की गई दो बाइक बरामद की गई है। आरोपित विनय कुमार ओझा मोहनलालगंज लखनऊ में लूट के मामले में जमानत पर चल रहा था।

# शिक्षिका अपहरण मामले में बाजार बंद, दो गिरफ्तार

## लोगों का गुस्सा फूटा पालिकाध्यक्ष की अगुवाई में बंद कराई गईं दुकानें, पूर्व मंत्री से भी मिले स्वजन

**संसू, नवाबगंज** (गोंडा): नौ दिन बीत जाने के बाद भी अपहृत शिक्षिका की बरामदगी न होने पर रविवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। रविवार की सुबह पालिकाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह के साथ व्यापारियों ने घूम-घूमकर दुकानें बंद करा अपना विरोध जताया। उधर दोपहर बाद पुलिस ने अपहरण की साजिश रचने व सहयोग करने में दो को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

स्कूल जा रही शिक्षिका का रास्ते से अपहरण किए जाने की घटना के मामले में पुलिस की कार्यशैली से नाराज लोगों ने नगरपालिका अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह से मुलाकात की। चेयरमैन ने कस्बे के दुकानदारों और व्यापारियों से अपहृत शिक्षिका की बरामदगी को लेकर दुकानें बंद करने का आह्वान किया। पूर्व समाज कल्याण मंत्री व विधायक रमापति शास्त्री से भी अपहृत शिक्षिका के स्वजन ने मिलकर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने एएसपी व सीओ से फोन कर शिक्षिका की सकुशल बरामदगी के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।



नवाबगंज थाने में गिरफ्तार आरोपितों के साथ पुलिसकर्मी • जागरण


नवाबगंज में बंद दुकान व पसरा सन्नाटा • जागरण

**वाहन बरामद** :16 जुलाई को स्कूल पढ़ाने जाते समय शिक्षिका सौम्या पांडेय का अपहरण कर लिया गया था। इस मामले में प्रशांत सिंह के खिलाफ मुकदमा किया गया था। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर लोलपुर बाईपास के पास महंगूपुर के गोलू उर्फ विजय शंकर पांडेय व अयोध्या के बेगमपुरा के पवन दुबे को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में पता चला कि गोलू वाहन चला रहा था। अपहरण के बाद वह अयोध्या धाम के पवन दूबे के घर पहुंचे। वहां वाहन का नंबर प्लेट, झंडा और स्टीकर आदि निकाल दिया। सोहावल के समीप लखनऊ की तरफ जा रही रोडवेज बस में आरोपित शिक्षिका को लेकर चला गया। दोनों ने वाहन को अयोध्या के एक गैराज में छिपा दिया था। एएसपी शिवराज ने बताया कि दोनों को अपहरण का षड़यंत्र रचने व सहयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपित की तलाश व अपहृत की बरामदगी के लिए पुलिस टीमें लगी हुई है।

## भीड़ के मद्देनजर होगा रूट डायवर्जन

पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि सावन के दूसरे सोमवार को ध्यान में रखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। स्टेशन रोड से गुजरने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। सोमवार को बड़गांव पुलिस चौकी से होते हुए गुरुनानक चौराहे तक जाने वाले सभी वाहन मिश्रौलिया पुलिस चौकी होते हुए जाएंगे। गुरुनानक चौराहे से बड़गांव पुलिस चौकी जाने वाले वाहनों को बस स्टाप होते हुए मिश्रौलिया चौकी होते हुए भेजा जाएगा। वहीं, मनकापुर तिराहा से गुरुनानक चौराहे की ओर जाने वाले वाहन सद्भावना तिराहा व बड़गांव पुलिस चौकी होते हुए जाएंगे।

# शिक्षिका के अपहरण के विरोध में बंद रहा बाजार

## आरोपी जिम संचालक प्रशांत सिंह के दो साथी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त एसयूवी बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**नवाबगंज (गोंडा)।** कस्बे से 16 जुलाई की सुबह हुए शिक्षिका के अपहरण के मामले में पुलिस अभी तक खाली हाथ है। न तो शिक्षिका का कुछ पता चल सका और न ही आरोपी प्रशांत सिंह का कोई सुराग लग सका। इससे आक्रोशित कस्बे के व्यापारियों ने रविवार को दुकानें बंद रखीं। वहीं, पुलिस ने आरोपी जिम संचालक प्रशांत सिंह के दो सहयोगियों को गिरफ्तार करने के साथ ही वारदात में प्रयुक्त एसयूवी अयोध्या से बरामद की है। प्रशांत के दोनों सहयोगियों को जेल भेजा गया है।

कस्बा नवाबगंज के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती होलापुर गांव के निजी स्कूल में शिक्षिका है। शनिवार सुबह अन्य शिक्षिकाओं संग स्कूल जाते समय कस्बे के कटी तिराहे के पास हाईवे पर स्कॉर्पियो सवार प्रशांत सिंह ने ई-रिक्शा रुकवाकर उसका अपहरण कर लिया था। मामले में शिक्षिका की मां ने थाना नवाबगंज में जिम संचालक प्रशांत सिंह के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस टीमों ने आरोपी की तलाश में तमाम जगह दबिश दी मगर सफलता नहीं मिली। पुलिस की दो टीमें गुरुग्राम भी भेजी गई, जहां प्रशांत की बहन रहती है। मगर वहां से भी पुलिस को निराश लौटना पड़ा। शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने प्रशांत के जिम पर ताला जड़ने के साथ ही उसके तीन बैंक खाते फ्रीज करा दिए। मगर न तो अपहृत शिक्षिका का कुछ पता चला और न ही प्रशांत ही पुलिस के हत्थे चढ़ा।



शिक्षिका के अपहरण के विरोध में नवाबगंज कस्बे में रविवार को बंद दुकानें। -संवाद

मामले में नवाबगंज पुलिस की लचर कार्यशैली को लेकर परिजनों के साथ ही कस्बे के व्यापारियों में जबर्दस्त आक्रोश है। रविवार को कस्बे में व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर विरोध जताया। सुबह कस्बे की सभी दुकानें बंद रहीं। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ घूम-घूमकर लोगों से दुकानें खोलने की अपील करते रहे। पुलिस के आश्वासन पर दोपहर बाद तमाम व्यापारियों ने दुकानें खोल लीं।

नवाबगंज इंस्पेक्टर तेज प्रताप सिंह ने बताया कि शिक्षिका के अपहरण के मामले में लोलपुर फोरलेन हाईवे से शनिवार को प्रशांत के दो साथियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए विजय शंकर पांडेय उर्फ गोलू और पवन दुबे की निशानदेही पर अपहरण में प्रयुक्त एसयूवी अयोध्या से बरामद कर ली गई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि विजय शंकर पांडेय उर्फ गोलू निवासी मंहगूपुर और पवन दुबे निवासी बेगमपुरा, कोतवाली अयोध्या वारदात के वक्त प्रशांत के साथ थे। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। इंस्पेक्टर का कहना है कि जल्द ही मुख्य आरोपी प्रशांत सिंह को गिरफ्तार करके शिक्षिका को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**नवाबगंज (गोंडा)।** अपहृत शिक्षिका के पिता ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने अपहरण की सूचना पर तत्काल कार्रवाई नहीं की। अगर पुलिस तेजी दिखाती तो शायद अब तक बेटी मिल जाती और आरोपी प्रशांत सलाखों के पीछे होता। उनका कहना है कि पुलिस को वारदात के एक सप्ताह बाद अयोध्या से आरोपी की एसयूवी बरामद करने में ही सफलता मिल सकी। वारदात में शामिल दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी पुलिस उनसे प्रशांत के बारे में कोई जानकारी नहीं जुटा सकी। वहीं, अपहृत शिक्षिका की मां जिले के उच्चाधिकारियों के साथ ही मुख्यमंत्री तक को पत्र भेजकर गुहार लगा चुकी हैं।

# जमीन के विवाद में मारपीट, 13 घायल

## परसपुर के ग्राम पसका का मामला, दोनों पक्षों के 17 लोगों पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**परसपुर (गोंडा)।** क्षेत्र के एक गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में पांच महिलाओं सहित 13 लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की ओर से 17 लोगों के खिलाफ परसपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम पसका के मजरे पंडित पुरवा निवासी पंकज मिश्र का आरोप है कि भूमि विवाद को लेकर गांव के ही कई लोगों ने अभद्रता करते हुए उसे लाठी-डंडों से लैस होकर हमला कर दिया। शोर मचाने पर उसके पिता मिथलेश मिश्र, भाई आशीष मिश्र, आशुतोष मिश्र व संतोष मिश्र बचाने आए तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। मामले में पंकज की तहरीर पर अनिरुद्ध मिश्र, प्रदीप मिश्र, कृष्णकुमार मिश्र, पप्पू मिश्र, रामजी मिश्र, ध्रुव, ललित, आकाश, शोभित व नमन मिश्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

वहीं, इसी प्रकरण में दूसरे पक्ष के अनिरुद्ध मिश्र ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें आरोप लगाया कि भूमि विवाद को लेकर आरोपी घर में घुसकर लाठी-डंडे से पीटने लगे। शोर मचाने पर उसके भाई विनय मिश्र, ललित, संगीता, राजरानी, चंपा देवी, भतीजी सन्नो व पूजा मिश्रा बचाने आईं तो उन्हें भी जमकर पीटा। इससे सभी को चोटें आई हैं। अनिरुद्ध की तहरीर पर मिथलेश कुमार मिश्र, अवधेश, आशीष अमित कुमार मिश्र, अतुल कुमार मिश्र, आशुतोष व संतोष मिश्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

परसपुर इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों तरफ से कुल 17 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले में विवेचना कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# चोरी के 369 मोबाइल संग पांच गिरफ्तार

गोंडा। साइबर सेल व कोतवाली देहात पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर 369 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

एसपी आकाश तोमर ने बताया कि पकड़े गए फिजुल शेख निवासी इलियट नगर, थाना नोवदा, मुर्शिदाबाद, सफीरुल शेख निवासी सबदर नगर आलमपुर थाना नोवदा, जब्बार उल मोला निवासी इलियट नगर केदारचंदपुर थाना नोवदा, हबीब उर शेख निवासी काजी शाह चिड़ीभीजी थाना वेलडोंगा व विकास उर्फ गयासुद्दीन निवासी काजी साह चिडीभीजी, वेलडोंगा, मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल के पास से 369 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। ये लोग चोरी के मोबाइल खरीदते हैं। फिर उन्हें पश्चिम बंगाल ले जाकर असेंबल कर महंगे दाम में बेचते हैं। संवाद

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली

संवाद न्यूज एजेंसी

## दो बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद, साथी भी दबोचा गया

**गोंडा।** इटियाथोक-बाबागंज मार्ग पर परासिया बहोरीपुर कब्रिस्तान के पास शनिवार देर रात पुलिस टीम की दो बाइकों पर सवार दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर तमंचा, कारतूस व लूट की गाड़ी समेत दो बाइक बरामद की हैं। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



गोंडा के इटियाथोक में शनिवार देर रात मुठभेड़ में घायल बदमाश को जीप में बैठाते पुलिसकर्मी। -संवाद

धानेपुर थाना क्षेत्र के राजापुर दत्तनगर माफी गांव निवासी संतोष कुमार मौर्य 17 जुलाई को बाइक से एक रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में जा रहे थे। बाबागंज-इटियाथोक मार्ग पर खरिहा चौराहे के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोककर तमंचे के बल पर बाइक, मोबाइल फोन व छह सौ रुपये की नकदी लूट ली थी। पुलिस ने संतोष मौर्य की तहरीर पर लूट का केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की थी।

एसपी आकाश तोमर ने लूट के खुलासे के लिए इटियाथोक पुलिस के साथ ही एसओजी को लगाया था। एसपी ने बताया कि एसओजी प्रभारी अमित कुमार व इटियाथोक थानाध्यक्ष करुणा शंकर पांडेय की टीम बदमाशों की तलाश कर रही थी। तभी शनिवार देर रात इटियाथोक-बाबागंज मार्ग पर परासिया बहोरीपुर कब्रिस्तान के पास अलग-अलग दो बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। इस पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से एक बदमाश गिर पड़ा। जबकि दूसरे को भी घेरकर दबोच लिया गया। घायल बदमाश अजय ओझा निवासी बैरागीजोत थाना धानेपुर है। जबकि दूसरा बदमाश बैरागीजोत का ही रहने वाला विनय ओझा है।

एसपी ने बताया कि दोनों बदमाशों के पास से संतोष से लूटी गई बाइक के साथ ही एक और बाइक, 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। घायल अजय ओझा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। एसपी ने बताया कि अजय ओझा पर इटियाथोक थाने में लूट व जानलेवा हमले के तीन मुकदमे दर्ज हैं। जबकि विनय ओझा पर लखनऊ की मोहनलालगंज कोतवाली में दो और इटियाथोक व धानेपुर थाने में छह आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2022

# अपराध नियंत्रण के लिए चौकीदारों से चर्चा

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** जरवा कोतवाल पवन कुमार कनौजिया ने चौकीदारों संग चाय पर चर्चा शुरू कर दी है। चौकीदार के घर जाकर गांवों में होने वाली गतिविधियों व अजनबी के दिखने पर पुलिस को सूचित करने की बात कही। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि गांवों की सुरक्षा की कमान चौकीदारों के हाथों में है। ग्राम प्रहरी की तत्परता से ही पुलिस को अराजक तत्वों व अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलती है। कहा कि गांव में आया कोई व्यक्ति संदिग्ध या अपरिचित दिखता है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। गांवों में होने वाली सभी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। ग्राम प्रहरी प्रधान व संभ्रांत जन से समन्वय स्थापित करें। अराजक तत्वों के बारे में जानकारी देकर पुलिस की सहायता करें।

# कांवड़ यात्रा को लेकर एसपी ने किया भ्रमण

**संसू, बलरामपुर:** सावन के दूसरे सोमवार पर पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। रविवार को एसपी राजेश सक्सेना ने उतरौला में राप्ती नदी के पिपरा घाट का निरीक्षण कर मातहतों को निर्देश दिए। एसपी ने सभी प्रभारी निरीक्षकों को प्रमुख शिव मंदिरों, धार्मिक स्थलों, चौराहों, बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भ्रमण के निर्देश दिए। संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों व वस्तुओं की गहनता से छानबीन करने की बात कही।

# दुःखहरण नाथ मंदिर के लिए कल निकलेगी कांवड़ यात्रा

श्रीदत्तगंज, संवाददाता। स्थानीय क्षेत्र में मंगलवार को कांवड़ यात्रा राप्ती नदी के पिपरा घाट से शुरू की जाएगी। इस यात्रा में शिव भक्त राप्ती नदी से जल लेकर ऐतिहासिक दुःखहरण नाथ मंदिर उतरौला आएंगे और प्रसिद्ध शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। यह जानकारी दुःखहरण नाथ मंदिर उतरौला के महन्त मयंक गिरि ने दी। बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के मंगलवार को कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें उतरौला व आसपास के शिव भक्त दुःखहरण नाथ मंदिर उतरौला से चलकर पिपरा घाट राप्ती नदी से जल लेकर मंदिर के शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। इस यात्रा को देखते हुए मंदिर की आकर्षक सजावट की गई है।

# चोरी के माल संग दो दबोचे

बलरामपुर। पुलिस ने चोरी के माल के साथ दो आरोपियों को धर दबोचा है। दोनों को जेल भेज दिया गया है। गौरा चौराहा थाने के सीओ सिटी वरुण मिश्र ने रविवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर एसआई कर्मवीर सिंह की टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने हरनहवा सुस्ता निवासी पवन व जहदरिया निवासी मनोज को गिरफ्तार किया। दोनों ने कल्टीवेटर, रोटावेटर व पंपिंग सेट की चोरी करने की बात कुबूली। हरनहवा में खेत से सभी सामान बरामद कर लिए गए। (संवाद)

# आठ पारिवारिक विवाद निपटे

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक की गई। इसमें पति-पत्नी के बीच विवाद की आठ पत्रावलियां प्रस्तुत की गईं। मुख्य परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, वंदना मिश्रा, तनवीर जहां, संजय पांडेय, देवतादीन दूबे, महिला थानाध्यक्ष ममता सिंह यादव व कांस्टेबल ज्योति ने पति-पत्नी को समझा-बुझाकर आठ मामलों का निस्तारण कराया। (संवाद)

# 1.200 किलोग्राम गांजे के साथ दबोचा

**बलरामपुर।** कोतवाली नगर की पुलिस ने एक आरोपी को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल संजय दूबे ने रविवार को बताया कि स्वॉट पुलिस टीम ने गोंडा जिले के थाना खरगूपुर के ग्राम गोकरननाथ शिवाला कोरिकपुरवा भटपी निवासी ऑपरेटर सोनकर को पेरा जाने वाले रास्ते के पास से 1.200 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसको जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# महिलाओं को किया जागरूक

**बलरामपुर।** जिले की सभी कोतवाली व थानों में मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों व महिलाओं को जागरूक किया गया। सार्वजनिक स्थलों, चौराहों व गांवों में होने वाले कार्यक्रम के दौरान जुटने वाली बेटियों व महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। (संवाद)

# चोरी के यंत्रों के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**संवादसूत्र, बलरामपुर:** गौरा चौराहा पुलिस ने चोरी के कृषि यंत्रों के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। हरनहवा सुस्ता गांव के पवन कुमार व जहदरिया के मनोज कुमार के पास से चोरी का कल्टीवेटर, रोटावेटर व पंपिंग सेट बरामद किया गया। इसकी कीमत लगभग एक लाख 60 हजार रुपये है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि पुलिस टीम ने हरनहवा में गन्ने के खेत से चोरी के कृषि यंत्र बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

# त्योहार में अशांति फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

## पचपेड़वा व रेहरा बाजार में हुई पीस कमेटी की बैठक

पचपेड़वा/रेहरा बाजार। दो थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक की गई। इसमें सावन मेला व आगामी त्योहार को लेकर धर्मगुरुओं व संभ्रांत नागरिकों के साथ चर्चा की गई। त्योहार में अशांति फैलाने वाले अराजकतत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

पचपेड़वा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने कहा कि इधर कई त्योहार हैं। सभी त्योहारों को भाईचारे के साथ मिल-जुलकर मनाएं। जिले के सभी कोतवाली व थानों के प्रभारी निरीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि पीस कमेटी की बैठक करके सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त कर लें। अराजकतत्वों को कड़ी चेतावनी दें कि यदि अशांति फैलाने की कोशिश की तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली व थानों के प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में पैदल गश्त कर लोगों को सचेत किया जा रहा है।

सीओ तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह ने बैठक में सभी धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों से अपील की कि लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें।

थाना रेहरा बाजार परिसर में प्रभारी निरीक्षक ओपी चौहान की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश करने वाले अराजकतत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर कमेंट करने वाले लोगों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई करें इस अवसर पर गंगाराम वर्मा, ओम प्रकाश, धर्म प्रकाश व लियाकत सहित तमाम धर्मगुरु आदि मौजूद रहे।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-07-2022

# गब्बर पर कार्रवाई से जिले के भू-माफिया में खलबली

## हड़कम्प

बहराइच, संवाददाता। जिले में रविवार को यूपी के टाप 50 माफिया गब्बर की सम्पत्तियों को कुर्की की जानकारी जंगल की आग की तरह पूरे जिले में फैल गई। जिससे अब तक केस दर्ज होने के बाद सुकून से घूम रहे भू माफियाओं में खलबली मच गई। दरअसल खबर ध्वस्तीकरण की फैली। लंबे इंतजार के बाद मामला कुर्की तक सीमित हो जाने पर अब लोगों को प्रशासन के अगले कदम का इंतजार है।

पयागपुर थाने के पिपरी माफी के मोहनपुर निवासी देवेन्द्र सिंह गब्बर जरायम की दुनिया में काफी चर्चित नाम हो चुका था। वर्ष 2011 से गब्बर सिंह की लाइफ स्टाइल में काफी अंतर आ गया था। वह अपनी माफिया की छवि को राजनीति में सक्रिय होकर बदलने की कोशिश में था। इसके बावजूद भूमि मामलों में गड़बड़ियों के चलते उसकी छवि आपराधी से हटकर भू माफिया की बन गई। प्रदेश में सत्ता बदली, तब भी गब्बर की सल्तनत पर आंच नहीं आई। वर्ष 2021 में गब्बर पर ताबड़तोड़ केस दर्ज हुए। जो भूमि अतिक्रमण से जुड़े थे। दो वर्ष पूर्व गब्बर ने अपने इलाके से डीडीसी चुनाव जीता। चर्चा तो डीडीसी चेयरमैन चुनाव लड़ने की भी थी।

**कुल छह केस में गैंगस्टर एक्ट की हुई कार्रवाई:** भू माफिया देवेन्द्र प्रताप सिंह गब्बर पर दिनेश पाठक के अलावा चार केस सुधा मातनहेलिया ने दरगाह व देहात कोतवाली में दर्ज कराए है। एक केस सरदार गुरप्रीत सिंह ने नगर कोतवाली में दर्ज कराया है। यह सभी के 2021 व 2022 में दर्ज होने के बाद गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। गैंगस्टर एक्ट के तहत सम्पत्ति कुर्क की गई है। सुधा मातनहेलिया के पति अरुण मातनहेलिया का अपहरण कर गायब कर दिया गया था। अभी तक अपहृत की बरामदगी नहीं हुई है।

**भू माफिया गब्बर पर दर्ज हैं 47 मामले:** डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने बताया कि पयागपुर थाने के पिपरी माफी मोहनपुर निवासी देवेन्द्र प्रताप सिंह गब्बर पर 1992 से अब तक 47 मामले दर्ज हैं। वह गैंगलीडर है जो अपने गैंग के मनीष जायसवाल, महेन्द्र सिंह उर्फ अभय प्रताप सिंह सक्रिय सदस्य है। यह गैंग कूटरचित दस्तावेज तैयार करके ,धोखाधड़ी करके, सरकारी व गरीब व्यक्तियों को बंधक बनाकर भूमि पर कब्जा व बिक्री कर धन अर्जित करते हैं।





शहर के डिगिहा तिराहा स्थित बंधन होटल एंड रेस्टोरेंट के जब्ती का ऐलान करते डीएम साथ में एसएसपी, बंधन के कमरों को सील कराती नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी।

### संघारणी मंदिर जाने वाले मार्ग पर किया कब्जा

बहराइच । भू माफिया देवेन्द्र सिंह गब्बर ने डिगिहा तिराहा स्थित संघारणी मंदिर के पीछे से जाने वाले मंदिर मार्ग पर कब्जा कर भवन निर्माण कर रास्ता बंद कर दिया। इस मामले में दिनेश पाठक की तहरीर पर वर्ष 2021 में कोतवाली देहात में धोखाधड़ी व सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम में केस दर्ज किया गया। इस मामले में जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है।

### छावनी बना बंधन गेस्ट हाउस व मैरिज लान

बहराइच। शहर के डिगिहा तिराहा स्थित बंधन गेस्ट हाउस और मैरिज लान चारों और से रविवार दोपहर से छावनी बना हुआ रहा। भारी पुलिस बल और दमकल की टीम तैनात रही। समाचार लिखे जाने तक प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में चल और अचल सम्पत्ति का ब्यौरा तैयार किया जा रहा था। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल रहा। चारों तरफ इसी को लेकर चर्चा रही।

# 22 वाहनों का ई चालान किया

बहराइच, संवाददाता । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर रविवार सुबह से यातायात पुलिस ने शहर में वाहन चेकिंग की शुरुआत की।

अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के मार्गदर्शन व सीओ यातायात विनय कुमार द्विवेदी के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आनेन्द्र यादव की टीम ने शहर के विभिन्न चौराहों - तिराहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। शनिवार को दिनभर चलाए गए अभियान में 22 वाहनों से 35 हजार रुपए का चालान किया गया। जिसमें दो ऐसे वाहनों का चालान किया गया, जो नो एंट्री क्षेत्र में संचालन करते हुए पाए गए। अवैध टैक्सी व बस स्टैंड बनाकर वाहनों का संचालन न करने की अपील की गई। आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# किशोरी की तलाश में जंगल में चला सर्च ऑपरेशन

**बहराइच, संवाददाता।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सदर बीट से लगे एक गांव में शनिवार की रात घर गायब हुई किशोरी की तलाश में खेतों में हथिनी व आसमान में ड्रोन उडाया गया। दिन भर चले सर्च ऑपरेशन में न तो वन्यजीवों के पद चिन्ह मिले और न ही किशोरी का कोई सबूत ही मिल पाया है। सुरक्षा को लेकर तीन थानों की पुलिस वहां तैनात रही।

कतर्नियाघाट रेंज के सदर बीट से सटे एक गांव में शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे गांव की 18 किशोरी अचानक गायब हो गई। घर के लोगों ने वन्यजीव के उठा ले जाने को लेकर शोर मचाया, गांव के लोग एकत्र हुए। कई घंटे तक ग्रामीणों ने खेतों व जंगल के आसपास तलाश की। कोई सुराग न मिलने पर रेंज कार्यालय पर सूचना दी गई। सुबह छह बजे रेंजर विजय मिश्र टीम के साथ मौके पर पहुंचे।



किशोरी की तलाश को पहुंची वन विभाग की हथिनी जयमाला व चंपाकली.

ग्रामीणों की आशंका को दूर करने के लिए वन विभाग की हथिनी जयमाला व चंपाकली भी बुलाई गई, ड्रोन उड़ाए गए। गांव के चारों ओर जमीन से लेकर आसमान तक सर्च ऑपरेशन चला, लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चल सका।

भारी भीड़ को देखते हुए सीओ मिहींपुरवा जंग बहादुर यादव, तहसीलदार पीयूष चंद्र श्रीवास्तव, एसओ सुजौली राजेश कुमार, मुर्तिहा एसएचओ शशि कुमार राणा व मोतीपुर मुकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

**एसटीपीएफ के जवान कर रहे कांबिंग:** बहराइच। ग्रामीणों की आशंका व गायब किशोरी की खोज के लिए एसटीपीएफ के जवानों की टीम कांबिंग में लगाई गई है।

## सुराग लगाने में जुटी

बहराइच। संभावित स्थानों पर वन्यजीवों से जुड़े सबूत न मिलने को देखते हुए पुलिस भी हरकत में आई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दूसरे विकल्पों पर भी जांच चल रही है। ताकि समय रहते मामले का खुलासा हो सके। इसके लिए ग्रामीणों की भी मदद ली जा रही है।

> हर पहलुओं की जांच कर ली गई है। कहीं किसी भी वन्यजीव के पगचिंह या किशोरी को उठा ले जाने के सबूत नहीं मिले हैं।
>
> -आकाशदीप बधावन डीएफओ

# सख्ती: अफजाल अंसारी व गब्बर की संपत्ति कुर्क

- 2007 में दर्ज गैंगस्टर मामले में कार्रवाई
- अफजाल की 14.90 करोड़ की संपत्ति कुर्क

गाजीपुर/बहराइच। बसपा सांसद अफजाल अंसारी की संपत्तियों पर रविवार को पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की। भांवरकोल क्षेत्र में सांसद के फार्म हाउस को सील कर दिया गया जबकि अन्य जमीनों पर कुर्की संबंधी नोटिस चस्पा की गई। संपत्तियों की कुल कीमत 14.90 करोड़ बताई गई है। अफजाल पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बड़े भाई हैं। उधर बहराइच के भूमाफिया देवेंद्र सिंह उर्फ गब्बर सिंह 110 करोड़ की सम्पत्ति जब्त कर ली गई।

चार ग्राम सभाओं में अफजाल ने वर्ष 2005 से 2020 के बीच संपत्तियों को खरीदा था। मुहम्मदाबाद में 2007 में अफजाल पर दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में पुलिस ने यह कार्रवाई की है। गैंगस्टर समेत अन्य किसी भी मुकदमे में अफजाल अंसारी के खिलाफ यह पहली कुर्की की कार्रवाई है। वहीं जिला कारागार में निरुद्ध गब्बर सिंह का डिगिहा स्थित बंधन होटल, मैरिज लॉन व शहर के कानूनगोपुरा दक्षिणी स्थित वीरसेन सिन्हा मार्केट के आंशिक भाग सहित 110 करोड़ की सम्पत्ति को जब्त किया गया। देखें P07

# धोखाधड़ी करने वाला आरोपित बंदी

**संसू, फखरपुर(बहराइच) :** फखरपुर पुलिस ने रविवार को जमीन के मामले में धोखाधड़ी करने वाले फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि अलादादपुर निवासी बृजेश कुमार जमीन के मामले में हेराफेरी कर रहा था। उसने अपनी जमीन मरौचा निवासी रवि शुक्ल को बेचकर बैनामा कर दिया। दो महीने बाद ही गांव की शालिनी पांडे को बैनामा कर दिया। पहले से बैनामा होने की जा

नकारी होने पर शालिनी की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक ओम शंकर गुप्त, आरक्षी अनिल प्रजापति ने घेराबंदी कर मरौचा चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

# अपराध से बनाई गई थी अकूत संपत्ति

## गब्बर के साथी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर गरीबों को बंधक बना करते थे जमीन कब्जा

**जासं, बहराइच** : एसपी ने बताया कि माफिया गब्बर सिंह अपने गैंग के सहारे अपराधों को अंजाम देकर अकूत संपत्ति का मालिक बन गया। गुप्त विवेचना के दौरान इस बात की पुष्टि भी हो गई है।

**नगर मजिस्ट्रेट बनीं प्रशासक** : जिलाधिकारी ने बताया कि माफिया गब्बर की संपत्ति को कुर्क करने के साथ ही प्रशासनिक देखभाल के लिए नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय को प्रशासक बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए तहसीलदार सदर और सीओ सिटी को सहायक प्रशासक नियुक्त किया गया है।

**गैंग के सक्रिय सदस्यों के नाम** : कुर्की की कार्रवाई के दौरान एसपी ने बताया कि माफिया गब्बर सिंह के गैंग में सक्रिय सदस्यों में मनीष जायसवाल व महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ अभय प्रताप सिंह शामिल हैं।

**जमीनों के कूटरचित दस्तावेज करते हैं तैयार** : डीएम ने बताया कि माफिया के सक्रिय साथी जमीनों के कूटरचित दस्तावेज तैयार करके सरकारी व गरीब तबके के व्यक्तियों को बंधक बनाकर उनकी जमीन पर कब्जा कर लेते हैं। इसके बाद उसकी बिक्री करते हैं।

कार्रवाई के दौरान एडीएम मनोज, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसडीएम सदर सुभाष सिंह धामी, सीओ नगर विनय द्विवेदी, सीओ लाइन कमलेश सिंह, थानाध्यक्ष दरगाह मनोज सिंह, कोतवाल नगर एसके सिंह के अलावा पुलिस बल मौजूद रहा।

### कई और हैं निशाने पर

एसपी ने बताया कि जिले में कई अन्य भू माफिया भी निशाने पर हैं। इनके द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्तियों को भी जल्द ही कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।




डिगिहा तिराहे पर स्थित माफिया का होटल व रेस्टोरेंट बंधन ● जागरण



कुर्की के दौरान मौजूद विशेष पुलिस बल ● जागरण

# 192 केन अवैध बीयर संग दो गिरफ्तार

**संसू, रिसियामोड़/गंभीरवाबाजार (बहराइच)** : रामगांव पुलिस ने शनिवार की रात छापेमारी कर किशुनपुर मीठा गांव में अवैध रूप से बिक्री के लिए लाई गई 192 केन अवैध बीयर बरामद की। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि एसआइ सुनील कुमार तिवारी ने मुखबिर की सूचना पर गांव पहुंचकर घेराबंदी की। बोलेरो से बीयर की पेटी उतारी जा रही थी। पुलिस ने 192 केन बीयर कब्जे में ले लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान थाना बौंडी के नंदवल निवासी चंद्र प्रकाश सिंह व गिरजेश प्रताप सिंह के रूप में हुई। मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया।

# 30 हजार नागरिकों तक पहुंचाया पालीथिन के दुष्प्रभाव का संदेश

प्रभंजन शुक्ल ● बहराइच

सिविल लाइंस निवासी 23 वर्षीय अर्चित मिश्र करीब आठ साल से पालीथिन के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा कर रहे हैं। इस बार नगरपालिका ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने के अभियान का आजीवन सदस्य बनाया है।



अर्चित मिश्र

मार्गों के चौड़ीकरण व विकास कार्यों के चलते पेड़ों की अंधाधुंध कटान से चिंतित महज 15 साल की आयु में अर्चित ने प्रकृति परिवार बनाकर संरक्षण का संकल्प लिया। इस बीच स्नातक और परास्नातक करने के साथ पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर सजगता पैदा करने की दिशा में काम करते रहे। इसके लिए निरंतर पौधों का वितरण एवं प्लास्टिक के डिब्बों को नए सिरे से प्रयोग में लाने की मुहिम छेड़ी। गौरैया संरक्षण के लिए लकड़ी एवं गत्ते के घोंसले बनाकर वितरण किया। पर्यावरण अध्ययन, ईको टूरिज्म व पर्यटन प्रबंधन का कोर्स करने के दौरान संयुक्त राष्ट्र की एनवायरमेंट शाखा से जुड़े। वर्ष 2018 में विश्व हरित समूह (ग्लोबल ग्रीन ग्रुप-थ्री जी) के जिला संयोजक व 2020 में प्रबंध निदेशक बने। महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती से प्लास्टिक के दुष्प्रभाव व जागरूकता चलाते हुए वह करीब 30 हजार लोगों को जोड़ चुके हैं। अब वह ईको फ्रेंडली प्रोडक्टस कैरी बैग, रिसाइकल पेपर बैग को लोगों के बीच पहुंचा रहे हैं।

सांप एवं अन्य वन्य जीवों के प्रति भय की जगह प्रेम का भाव लोगों में जगा है।

अर्चित बताते हैं कि उनकी मुहिम का असर भी समाज पर पड़ा है। अब तक प्रकृति संरक्षण के अभियान से सौ से अधिक युवा जुड़ चुके हैं। अन्य लोग भी सहयोग के लिए आगे आ रहे हैं। पौधारोपण के प्रति लोगों में उत्सुकता है। यही कारण है कि बहराइच जिले में वन क्षेत्र बढ़ा है।

***

# सूचना न देना पड़ा महंगा डीएफओ कतर्नियाघाट पर 25 हजार का जुर्माना

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** आरटीआई से मांगी गई सूचना में लगातार हिलाहवाली बरतने के मामले में डीएफओ कतर्नियाघाट को 25 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया है। राज्य सूचना आयोग ने बीते 23 जुलाई को आरटीआई कार्यकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएफओ कर्तनियाघाट को अर्थदंड से दंडित करने को निर्देश दिया है।

जिले के आरटीआई कार्यकर्ता रोशनलाल नाविक ने जन सूचना अधिकार के तहत प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट आकाशदीप बधावन से वनबैरिक चार्ट पंजिका की प्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराने की मांग प्रथम बार 15 जुलाई 2019 को की थी। लेकिन डीएफओ ने आरटीआई कार्यकर्ता की मांग को नजरअंदाज कर दिया था। इसके बाद

## राज्य सूचना आयुक्त ने डीएम व मुख्य कोषाधिकारी को दिये निर्देश

आरटीआई कार्यकर्ता ने कई बार राज्य सूचना आयोग से डीएफओ द्वारा सूचनाएं उपलब्ध कराने में हिलाहवाली बरतने की शिकायत की थी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए बीते 23 जुलाई को राज्य सूचना आयुक्त अजय कुमार अप्रेसी ने आरटीआई कार्यकर्ता के वाद पर सुनवाई करते हुए डीएफओ कतर्नियाघाट को सूचना उपलब्ध कराने में हिलाहवाली बरतने का दोषी मानते हुए 250 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 25 हजार के अर्थदंड से दंडित करने का निर्देश दिया। राज्य सूचना आयुक्त ने मामले में डीएम व मुख्य कोषाधिकारी को अर्थदंड के धनराशि की वसूली डीएफओ के वेतन से करने के निर्देश दिए हैं।

# माफिया गब्बर सिंह की 110 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## 1992 से अब तक दर्ज हो चुके हैं 47 मुकदमे, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सरकारी जमीन पर करता था कब्जा

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। जिला पंचायत सदस्य व माफिया गब्बर सिंह की 110 करोड़ की संपत्ति को जिला प्रशासन ने रविवार को कुर्क किया। चंद मिनटों में ही माफिया का होटल छावनी में तब्दील हो गया। गेट से लेकर अंदर भारी मात्रा में फोर्स तैनात हुई और बजते सायरन के बीच डीएम-एसपी के साथ अन्य प्रशासनिक अमला बंधन होटल पहुंच गया। डीएम ने कुर्की की नोटिस चस्पा करते हुए सील करने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। माफिया गब्बर के खिलाफ अब तक 47 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

पयागपुर थाना क्षेत्र के मोहनमाफी गांव निवासी देवेंद्र सिंह उर्फ गब्बर सिंह जिला पंचायत सदस्य है। इसके खिलाफ 1992 से लेकर अब तक 47 मुकदमे दर्ज हैं। गब्बर सिंह पर श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर व अयोध्या जिले में कूटरचित दस्तावेज तैयार करके सरकारी जमीन पर कब्जा करना व गरीब लोगों को बंधक बनाकर जमीन को क्रय-विक्रय के मामलों में मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। इस समय पयागपुर थाने में छह मुकदमे दर्ज हैं। बढ़ते अपराध को देखते हुए एसपी केशव चौधरी के निर्देश पर गब्बर सिंह के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई। रविवार की दोपहर लगभग 12 बजे अवैध धन से बनाया गया बंधन गेस्ट हाउस छावनी में तब्दील हो गया। होटल के बाहर से लेकर अंदर तक पीएसी व पुलिस के जवान मुस्तैद हो गये।

एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एडीएम मनोज कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति राय, सीओ सिटी विनय द्विवेदी, कैसरगंज सीओ कमलेश सिंह, नगर कोतवाल शैलेश सिंह, देहात कोतवाल सत्येंद्र बहादुर सिंह व दरगाह थानाध्यक्ष मनोज सिंह मुस्तैद रहे। तभी डीएम डॉ. दिनेश चंद्र व एसपी केशव चौधरी का काफिला होटल में पहुंचा। डीएम ने माइक से ऐलान करते हुए कहा कि इस होटल को धारा 14(1) के तहत कुर्क किया जाता है। डीएम के निर्देश के बाद सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में आगे की कार्रवाई की गई। डीएम ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट को प्रशासक नियुक्त किया गया है। सहयोग के लिए तहसीलदार व सीओ पुलिस को लगाया गया है।






बहराइच में डिगिहा तिराहे पर स्थित माफिया गब्बर सिंह के होटल को सील करने की कार्रवाई के दौरान संबोधित करते डीएम-एसपी व कमरों की तलाशी करतीं नगर मजिस्ट्रेट। संवाद





डिगिहा तिराहे पर स्थित माफिया गब्बर सिंह का होटल व होटल को सील करने की कार्रवाई के दौरान छावनी में तब्दील हुआ परिसर। संवाद

पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए डीएम-एसपी ने बताया कि बंधन होटल मैरिज लॉन कॉमर्शियल 40 कमरे के होटल को कुर्क किया गया है। जिसकी कीमत 85 करोड़ रुपये है। दूसरी वीरसेन सिन्हा मार्केट का आंशिक भाग दुकान छोटी बाजार को कुर्क किया गया है। जिसकी कीमत 25 करोड़ रुपये है।

**85 करोड़ का होटल व 25 करोड़ की मार्केट हुई कुर्क**

### प्रदेश के 50 अपराधियों में शामिल है गब्बर

प्रेस वार्ता के दौरान एसपी ने बताया कि गब्बर सिंह पुराना अपराधी है। प्रदेश के 50 अपराधियों में इसका नाम शामिल है। यह गैंग का लीडर है। इसके साथ मनीष जायसवाल, महेंद्र सिंह उर्फ अभय प्रताप सिंह गैंग के सक्रिय सदस्य शामिल हैं। एसपी ने कहा कि गब्बर के गैंग में जितने लोग भी शामिल हैं सब पर नजर रखी जा रही है और कार्रवाई की जा रही है। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### सीएम को गुलदस्ता देना पड़ गया महंगा

27 मार्च 2021 को महाराणा प्रताप सिंह की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम था। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ थे। प्रतिमा अनावरण करने के बाद मुख्यमंत्री किसान पीजी कॉलेज के पास बने पंडाल में कार्यक्रम को संबोधित करने पहुंचे। मुख्यमंत्री का स्वागत करने का सिलसिला शुरू हुआ तो माफिया व जिला पंचायत सदस्य गब्बर सिंह को भी मंच पर चढ़ने का मौका मिल गया। गब्बर ने भी सीएम को गुलदस्ता देकर फोटो शूट कराया। बस यही फोटो इसके लिए काल बन गया। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद इसके ऊपर पुलिस का शिकंजा शुरू हुआ और अब अवैध संपत्ति तक कुर्क हो गई।

■ **जेल में बंद हैं माफिया गब्बर**

माफिया गब्बर सिंह के खिलाफ लूट, अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इसके ऊपर एडीजी ने एक लाख का इनाम घोषित किया था। बीते चार फरवरी 2022 को लखनऊ से एसटीएफ ने गब्बर सिंह व इसके सहयोगी मनीष सिंह को नगर कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर गिरफ्तार किया था। पांच फरवरी 2022 से गब्बर सिंह बहराइच जेल में बंद है।

■ **गठित की गईं सात टीमें**

बंधन होटल में बने कमरों में लगे एसी, पंखे व बेड समेत अन्य सामानों की गिनती करने के लिए सात टीमें बनाईं। एक टीम में दो सदस्यों को रखा गया। जो होटल के बने कमरों में रखे सामान का ब्यौरा एकत्र करेंगे। यह कार्रवाई शाम तक चलती रही।

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 25-07-2022

# 41 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

श्रावस्ती। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान गाड़ियो के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, सीट बेल्ट को चेक किया। इसमें 41 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। गाड़ियो का चालान कर 68 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया।

# 30 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वन विभाग चौकी के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 30 शीशी नेपाली शराब बरामद की है। आरोपी की पहचान विरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पुत्र जगधर विश्वकर्मा निवासी बेलसवां थाना मल्हीपुर के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। गिलौला थाने की पुलिस टीम ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान पाचू पुत्र महिपाल निवासी पंचदेवरी माफी थाना गिलौला के रूप में हुई। पुलिस की ओर से आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई।

# तीन गैंगस्टर आरोपित गिरफ्तार

श्रावस्ती। मल्हीपुर पुलिस पुलिस ने गिरोह बन्द औरसमाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 से संबंधित गैंगेस्टर आरोपी अब्दुल हकीम पुत्र सहरे निवासी महुली बनकटवा, दिलबहार पुत्र शाह आलम निवासी राजापुर पुरैना तथा नेहरूद्दीन उर्फ कलूटे पुत्र आबिद खां निवासी राजापुर पुरैना थाना मल्हीपुर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम राजापुर पुरैना से गिरफ्तार कर लिया।

# एएसपी ने की थाने में अपराध समीक्षा

श्रावस्ती। अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने रविवार को सिरसिया थाने में अपराध समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विवेचकों लंबित विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया।

उन्होंने वांछितों, वारंटियों की गिरफ्तारी कर जेल भेजने का निर्देश दिया। इसके बाद एएसपी ने बीट आरक्षियों की बैठक ली और बीट व्यवस्था के तहत जांच को प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। क्षेत्र में चौपाल लगाकर संवाद करें, उनकी समस्याओं को सुनें और उन्हें प्रेरित करें कि आपके आस-पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी वे पुलिस को दें।

# दो अपराधियों पर हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

श्रावस्ती। थाना सोनवा पुलिस की तरफ से रविवार को दो शातिर अपराधी निसार अहमद उर्फ डींगे पुत्र मकबूल निवासी नानकार थाना सोनवा व नफीस पुत्र मुमताज खां निवासी इमलिया करनपुर थाना मल्हीपुर के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गयी। पुलिस के अनुसार इनका एक संगठित गिरोह है जिसका लीडर निसार अहमद है।

# एसपी ने लिया मंदिर की सुरक्षा का जायजा

श्रावस्ती। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को आज विभूतिनाथ मंदिर पर श्रद्धालुओं की ओर से जलाभिषेक किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धलु मंदिर पहुंचे। जिसकी सुरक्षा को लेकर रविवार को पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने विभूतिनाथ मंदिर पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने मंदिर की सुरक्षा देखी और तैनात की गई टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# महिलाओं व बालिकाओं को पढ़ाया कानून का पाठ



सोनवा क्षेत्र के भारीगांव के पास महिलाओं को कानून का पाठ पढ़ातीं शक्ति मोबाइल टीम की सदस्य ● जागरण

**जासं, श्रावस्ती** : शक्ति मोबाइल टीम व नारी सुरक्षा दल ने रविवार को विभिन्न क्षेत्र के गांव व कस्बों में चौपाल लगाई। महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा का एहसास कराते हुए विभिन्न कानूनों व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

सोनवा क्षेत्र बरदेहरा मोड़, भारी गांव, सोनवा स्टोर में महिला आरक्षी संज्ञा भारती, सोनी देवी ने चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को अमृत महोत्सव व विभिन्न नियमों के बारे में बताया। इसी प्रकार भिनगा कोतवाली, श्रावस्ती, गिलौला, सोनवा, सिरसिया, मल्हीपुर, इकौना व महिला थाने नारी सुरक्षा दल ने गांव व कस्बों में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूकता के पंफ्लेट व पोस्टर बांट कर आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया। हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन- 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सकीय सहायता के लिए-108, पुलिस कंट्रोल नंबर-112, चाइल्ड हेल्पलाइन- 1098 के बारे में जानकारी दी।

# जनता से मधुर व्यवहार रखें पुलिसकर्मी

**जासं, श्रावस्ती** : एएसपी केशव चंद्र गोस्वामी ने सिरसिया थाने का निरीक्षण किया। विवेचकों के साथ बैठक कर अपराध समीक्षा की। लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। थाना परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था देखी। जनता से मधुर व्यवहार रखने को कहा। एएसपी ने बीट आरक्षियों के साथ बैठक की। बीट व्यवस्था के तहत जांच के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस जवान क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनें। उन्हें प्रेरित करें कि आसपास की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी दें।

# हंसी-खुशी साथ रहने को राजी हुए दो दंपति

**जासं, श्रावस्ती** : रविवार को पुलिस लाइन स्थित एएचटीयू कार्यालय सभागार में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। इस दौरान पारिवारिक विवाद से संबंधित छह मामलों की सुनवाई हुई। समझाने-बुझाने के बाद दो दंपति हंसी-खुशी से साथ रहने को राजी हुए।

एएसपी ने बताया कि बैठक में मामूली विवाद के चलते परिवार में मनमुटाव होने से संबंधित मामले पाए गए। समझाने के बाद इकौना थाना क्षेत्र के चुनहवा निवासी विमला देवी अपने पति गिलौला क्षेत्र के शहजादी बेलवा निवासी विकास व मल्हीपुर क्षेत्र के उमेदपुरवा निवासी सावित्री देवी अपने पति लालपुरवा निवासी राजेंद्र के साथ रहने को राजी हुईं। परिवार परामर्श केंद्र की सदस्य गुलशन जहां, दीनानाथ गुप्त, हरीश चंद्र गुप्त उर्फ मिठाई लाल, महिला थाना प्रभारी मंजू पांडेय मौजूद रहीं।

# एएसपी ने किया सिरसिया थाने का निरीक्षण



**श्रावस्ती।** बरसात का मौसम है। ऐसे में ज्यादातर किसान परिवार समेत खेत में समय बीता रहे हैं। इससे अप्रिय घटनाएं घटने की संभावना बढ़ गई है। बीट के दरोगा व आरक्षी गांव में जाकर लोगों के साथ बैठक कर असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर जेल भेजें। ये बातें रविवार को सिरसिया थाने के निरीक्षण के दौरान एएसपी ने थाना प्रभारी सहित विवेचकों के साथ बैठक में कहीं। उन्होंने यहां अपराध की समीक्षा कर लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने व वांछितों तथा वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने को कहा। सिरसिया थाने का अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने थाना कार्यालय, बैरक सहित परिसर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था जांचा। इसके बाद अपर उन्होंने थाना प्रभारी सहित विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित एहकमात व अपराध की समीक्षा की। (संवाद)

# सावन का दूसरा सोमवार आज बोलबम के गूंजेंगे जयकारे

**श्रावस्ती।** देवाधिदेव महादेव की अराधना का पावन मास श्रावण प्रारंभ होने के साथ ही शिवालयों में शिव भक्तों का जमावड़ा लगने लगा है। ऐसे में आज पड़ने वाले सावन मास के दूसरे सोमवार को जिले के प्रमुख शिवालयों में शिवभक्तों की खासी भीड़ एकत्र होगी। बोलबम के जयकारे गूंजेंगे। इसके लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

## शिवालयों में पूजन-अर्चन व जलाभिषेक को जुटेगी भीड़

जिले के सिरसिया विकास क्षेत्र स्थित पांडव कालीन विभूतिनाथ मंदिर के साथ ही गिलौला के सदाशिव महादेव, झारखंडी महादेव, इकौना के बेचूबाबा व जमुनहा क्षेत्र के जगपतिनाथ व जंगली नाथ महादेव सहित अन्य शिवालयों में सावन के पहले दिन से ही शिवभक्तों की भीड़ जुटने लगी है। सावन में जलाभिषेक के लिए सबसे ज्यादा उत्साह युवाओं में देखा जा रहा है। जो विभिन्न शिवालयों में अपने आराध्यदेव महादेव का पूजन अर्चन करने पहुंच रहे हैं।

ऐसे में आज पड़ने वाले श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर विभूतिनाथ सहित सदाशिव, बेचूबाबा व जगपतिनाथ पर जलाभिषेक के लिए लोगों का जत्था रविवार देर रात रवाना होगा। जिले के इन चारों प्रमुख शिवालयों में आज सोमवार को जलाभिषेक करेंगे। ऐसे में सुरक्षा के मद्देनजर कहीं कोई चूक न हो इसके लिए अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने संबंधित थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले इन शिवालयों में थाना प्रभारियों को पर्याप्त संख्या में पुलिस, होमगार्ड व चौकीदारों के साथ मुस्तैद रहने का निर्देश दिया है। (संवाद)

# शांतिभंग के आरोप में 10 धरे गए

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शनिवार रात विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। वहीं पुलिस ने रविवार को संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 41 वाहनों का ई-चालान किया। वहीं पुलिस ने 68,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# कच्ची शराब के साथ युवक दबोचा

**श्रावस्ती।** गिलौला पुलिस ने शनिवार रात गश्त के दौरान पांचू निवासी पंचदेवरी माफी को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। (संवाद)